✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 317 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 16 अप्रैल 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



बिहार में नई सरकार के शपथ ग्रहण के दौरान लोक भवन में उपस्थित अतिथिगण

# बिहार में सम्राट राज शुरू



## मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद नीतीश कुमार का लिया आशीर्वाद | राज्य के विकास एवं समृद्धि के लिए हर कदम रहेगा समर्पित : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और नीतीश सरकार में गृह विभाग का जिम्मा संभाल चुके सम्राट चौधरी ने बुधवार को राजधानी पटना स्थित लोकभवन में बिहार के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में पद की शपथ ली। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित राज्य के कई बड़े नेता और कई केंद्रीय मंत्री मौजूद रहे। बिहार की सत्ता का ताज पहनने के तुरंत बाद सम्राट चौधरी पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास पहुंचे। उन्होंने नीतीश कुमार से मुलाकात कर उनका पैर छूकर आशीर्वाद लिया और इसके बाद सचिवालय के लिए रवाना हो गए। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सम्राट चौधरी सीधे सीएम ऑफिस पहुंचे। यहां मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के नेतृत्व में अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। जिस कुर्सी पर 20 वर्षों तक नीतीश कुमार बैठे, अब उस पर सम्राट चौधरी ने बैठकर मुख्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया। इसके बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सीएमओ में पदभार ग्रहण करने के उपरांत मुख्य सचिवालय पहुंचे, जहां उन्होंने मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत सहित सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और आगामी सरकार के कामकाज को लेकर दिशा-निर्देश दिए। शपथ लेने के बाद सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि बिहार की देवतुल्य जनता के विश्वास को सर्वोपरि रखते हुए राज्य के विकास और समृद्धि के लिए हर कदम समर्पित रहेगा। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित एनडीए नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा कि सभी के मार्गदर्शन में वे सशक्त बिहार के निर्माण के लिए संकल्पित हैं।

## जदयू नेता विजय चौधरी एवं विजेंद्र यादव बने उप मुख्यमंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**पटना।** बिहार के सियासत में सम्राट युग की शुरुआत हो चुकी है। राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने लोकभवन में भाजपा नेता सम्राट चौधरी को 24वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। सम्राट चौधरी के बाद विजय चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल ने सभी को शपथ दिलाई। डिप्टी सीएम बने विजय चौधरी ने कहा कि हमलोगों ने नीतीश कुमार के साथ रहकर बहुत कुछ सीखा है। भविष्य में भी नीतीश कुमार की कार्यशैली पर भी हमलोग काम करेंगे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी नीतीश कुमार की विरासत को आगे बढ़ाने की बात कही है। इसलिए कहीं कोई कन्फ्यूजन नहीं है। डिप्टी सीएम विजय कुमार चौधरी ने कहा कि मैं नीतीश कुमार जी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। यह जिम्मेदारी मिलना उनके मुझ पर विश्वास का परिणाम है। बिहार की नई सरकार नीतीश कुमार जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर काम करेगी। उनका काम करने का तरीका अद्भुत था और हम उसी रास्ते पर चल रहे हैं। नए मुख्यमंत्री ने भी कहा है कि हम नीतीश कुमार जी द्वारा शुरू की गई योजनाओं को आगे बढ़ाएंगे। वहीं डिप्टी सीएम बिजेंद्र यादव ने कहा कि हमलोग साथ मिलकर बेहतर काम करेंगे। श्री यादव ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के शपथ ग्रहण समारोह में जदयू नेता निशांत कुमार की अनुपस्थिति पर कहा कि उनको खुद निर्णय लेना है कि वे राजनीति में आएंगे या नहीं। राजद नेता तेजस्वी यादव के बयान पर उन्होंने कहा कि वे खुद किसकी पाठशाला से निकले हैं? पहले तो जनता दल ही था। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी जी के साथ मिलकर बिहार के विकास के लिए काम करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### सीबीएसई ने जारी किया 10वीं कक्षा का रिजल्ट

**नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** सीबीएसई ने क्लास 10वीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। ऐसे छात्र जिन्होंने इस साल परीक्षा दी थी, वे ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर रिजल्ट देख सकते हैं। सीबीएसई ने रिजल्ट की सूचना अपने एक्स अकाउंट पर भी दी है। सीबीएसई ने शेयर किया कि 10वीं कक्षा का रिजल्ट जारी हो गया है। स्टूडेंट्स इसे ऑफिशियल वेबसाइट के माध्यम से देख सकते हैं। सीबीएसई ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं दी।

### हड़ताल के बीच दो राजस्व अधिकारी निलंबित

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में राजस्व कार्यों के ठप होने और लंबे समय से चल रही हड़ताल के बीच सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। प्रशासनिक लापरवाही और कार्य बाधा के आरोप में दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। इस कार्रवाई से जिले के प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने सख्त कदम उठाया है। निलंबित अधिकारियों में मखदुमपुर के अंचलाधिकारी रंजित कुमार उपाध्याय और जहानाबाद के राजस्व अधिकारी राम विकास सिंह शामिल हैं।

### महिला ने निवेश के नाम पर ठग लिये 97 लाख

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** साइबर अपराधियों ने कंपनी में निवेश के नाम पर अनीसाबाद की एक व्यक्ति से 97 लाख की ठगी कर ली। मुंबई की एक महिला उन्हें कंपनी के बारे में पहले विस्तार से बताया। बाद में मुनाफे का झांसा दिया। व्यक्ति महिला झांसे में आ गया और निवेश के नाम पर उन्होंने मोटी रकम लगा दी। इसी बीच 13 अप्रैल को महिला ने अपना मोबाइल फोन भी बंद कर दिया तो उन्हें शक हुआ कि कोई गड़बड़ है।

## मुख्यमंत्री ने अपने पास रखे 29 विभाग, बाकी विजय चौधरी और विजेंद्र प्रसाद यादव में बांटे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार का मुख्यमंत्री बनने के बाद सम्राट चौधरी ने विभागों का बंटवारा कर दिया है। सीएम सम्राट ने अपने पास 29 विभाग अपने पास रखे हैं। वहीं जदयू के दोनों डिप्टी सीएम विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव के बीच 18 विभाग बांटे हैं। विजय को 10, तो बिजेंद्र को 8 विभागों की जिम्मेदारी मिली है। गृह विभाग सीएम ने अपने पास ही रखा है। फिलहाल इन्हीं तीनों नेताओं के बीच विभागों का बंटवारा किया गया है। मंत्रिमंडल विस्तार के बाद नए मंत्रियों को कैबिनेट में शामिल किया जाएगा, इसके बाद नए सिरे से विभागों का बंटवारा होगा। मुख्यमंत्री और दोनों डिप्टी सीएम के बीच फिलहाल विभागों का बंटवारा अस्थायी तौर पर किया गया है। बताया जा रहा है कि मंत्रिमंडल विस्तार में कुछ दिनों का समय लग सकता है। तब तक सम्राट, विजय एवं बिजेंद्र ही व्यवस्था संभालेंगे। सीएम सम्राट ने अपने पास जो विभाग रखे हैं, उनमें अधिकतर वही हैं, जो पूर्ववर्ती नीतीश सरकार में भाजपा कोटे के मंत्रियों के पास थे। इसके साथ ही लोजपा-आर, हम और रालोमो के पास जो विभाग थे वो भी सीएम ने अपने पास रखे हैं। वहीं नीतीश सरकार के दौरान जो विभाग जदयू के मंत्रियों के पास थे, उनका बंटवारा दोनों नए डिप्टी सीएम के बीच किया गया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने पास सामान्य प्रशासन, गृह, मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी, निर्वाचन राजस्व एवं भूमि सुधार, खान एवं भू-भूतत्व, नगर विकास एवं आवास, स्वास्थ्य विधि, उद्योग, पथ निर्माण, कृषि, लघु जल संसाधन, श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण युवा, रोजगार एवं कौशल विकास, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन, आपदा प्रबंधन, पिछड़ा वर्ग एवंअति पिछड़ा वर्ग कल्याण, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचि जनजाति कल्याण, सूचना प्रावैधिकी, खेल, सहकारिता पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, गन्ना उद्योग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण एवं पंचायती राज रखा है। वहीं डिप्टी सीएम विजय चौधरी को जल संसाधन, संसदीय कार्य, सूचना एवं जनसंपर्क, भवन निर्माण, अल्पसंख्यक कल्याण शिक्षा, विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा, ग्रामीण विकास, परिवहन एवं उच्च शिक्षा तथा डिप्टी सीएम बिजेंद्र प्रसाद यादव को ऊर्ज़ा, योजना एवं विकास, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन, वित्त, वाणिज्य-कर, समाज कल्याण, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण एवं ग्रामीण कार्य विभाग की जिम्मेदारी दी गयी है।

## लापरवाही बर्दाश्त नहीं, तय समय में पूरा होगा काम : सीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शपथ लेने के तुरंत बाद अपने कामकाज का तरीका साफ कर दिया। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के कुछ ही समय बाद वह सीधे सचिवालय पहुंचे और वहां जाकर औपचारिक रूप से अपना कार्यभार संभाल लिया। इससे यह संकेत मिला कि वह शुरुआत से ही तेज रफ्तार में काम करना चाहते हैं। कार्यभार संभालने के बाद सम्राट चौधरी ने तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बड़ी बैठक की। इस बैठक में कई विभागों के प्रधान सचिव और दूसरे बड़े अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से साफ कहा कि विकास योजनाओं की रफ्तार बढ़ाई जाए और जो काम लंबे समय से रुके हुए हैं, उन्हें जल्द पूरा किया जाए। बैठक में उन्होंने प्रशासनिक कामकाज को आसान और तेज बनाने पर भी जोर दिया। सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता जनता की समस्याओं का जल्दी समाधान करना है। लोगों को अपनी शिकायत लेकर बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ने चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी विभाग में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभाग तय समय सीमा के भीतर अपने लक्ष्य पूरे करें। उन्होंने साफ कहा कि जनता से जुड़े कामों में देरी नहीं होनी चाहिए। सम्राट चौधरी ने सड़क, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कानून-व्यवस्था को सबसे अहम क्षेत्र बताया। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में तुरंत ध्यान देने की जरूरत है, क्योंकि यही आम लोगों के जीवन से सीधे जुड़े मुद्दे हैं। सम्राट चौधरी ने अधिकारियों से कहा गया कि वे कामकाज में साफ-सफाई रखें और हर स्तर पर जवाबदेह रहें। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि तकनीक का ज्यादा इस्तेमाल किया जाए ताकि सरकारी सेवाएं लोगों तक आसानी से पहुंच सकें। नई योजनाओं से जुड़े प्रस्तावों को भी तेजी से आगे बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। सम्राट चौधरी ने संकेत दिया कि उनकी सरकार बिहार के विकास को नई गति देने के लिए तेजी से फैसले लेने वाली है।

## डोभी में होगा औद्योगिक थाना और हेलीपैड का निर्माण

### मुख्य सचिव ने सभी विभागों को तय समयसीमा के भीतर काम पूरा करने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में विकास परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए सरकार ने सख्त रुख अपना लिया है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में सभी विभागों को तय समयसीमा के भीतर काम पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में एम्स दरभंगा परियोजना को प्राथमिकता दी गई। 400 केवीए हाई टेंशन लाइन को 15 मई 2026 तक हर हाल में हटाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कैंपस में मिट्टी भराई और रिंग बांध निर्माण के प्रस्ताव जल्द केंद्र को भेजने को कहा गया। गया के डोभी क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए औद्योगिक थाना और हेलीपैड निर्माण की योजना पर जोर दिया गया। इसके साथ ही बिजली, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं को समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। गया स्थित इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर परियोजना से करीब 1.10 लाख रोजगार सृजन की संभावना जताई गई है। सरकार इस प्रोजेक्ट को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए सभी जरूरी कदम उठा रही है। जल मार्ग विकास परियोजना की प्रगति 76.78% तक पहुंच चुकी है। वहीं सहकारिता क्षेत्र में लगभग सभी 4477 पैक्स को ई-पैक्स में बदल दिया गया है। शेष पैक्स को भी जल्द ऑनलाइन करने का लक्ष्य तय किया गया है। शहरी स्वच्छता के तहत 45 डंप साइट्स में से 9 का निस्तारण पूरा हो चुका है जबकि 13 पर काम जारी है। पटना में वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट और पटना-मुंगेर में वेस्ट-टू-वंडर पार्क विकसित करने की प्रक्रिया को भी तेज करने के निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव ने साफ कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जवाबदेही तय होगी और विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा।

## जमीन के अभाव में अटकी पंचायत सरकार भवन निर्माण योजना

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के कई जिलों में पंचायत सरकार भवन निर्माण योजना जमीन के अभाव में अटक गई है। पर्याप्त भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण कई जगहों पर निर्माण कार्य शुरू ही नहीं हो पाया है, जिससे विकास योजनाओं पर असर पड़ रहा है। अब सरकार ने बड़ा निर्णय लेते हुए ऐसे सभी प्रोजेक्ट्स को डिस्कोप या सरेंडर करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। यानी जिन योजनाओं के लिए जमीन नहीं मिल पाई है, उन्हें आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। भवन निर्माण विभाग की ओर से इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। विभाग ने अधिकारियों को लंबित योजनाओं की सूची तैयार करने का आदेश दिया है।

## बिहार में जमीन मापी के नए रेट तय

### शहर में 1000 और गांव में 500 रुपये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने जमीन की ई-मापी को लेकर नई व्यवस्था लागू कर दी है. अब जमीन मापी के लिए कितना शुल्क लगेगा, यह पूरी तरह साफ कर दिया गया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने बताया है कि अब शहरी और ग्रामीण इलाकों में तय दर के हिसाब से ही शुल्क लिया जाएगा। नए आदेश में बताया गया है कि नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत क्षेत्रों में जमीन की ई-मापी कराने पर प्रति खेसरा 1000 रुपये देने होंगे। वहीं गांव यानी ग्रामीण क्षेत्रों में यह शुल्क 500 रुपये प्रति खेसरा तय किया गया है। सरकार का कहना है कि इससे लोगों को पहले से ज्यादा साफ और पारदर्शी व्यवस्था मिलेगी। ई-मापी के लिए आवेदन अब पूरी तरह ऑनलाइन करना होगा। इसके लिए लोगों को बिहारभूमि पोर्टल पर जाकर आवेदन भरना पड़ेगा। विभाग ने साफ किया है कि आवेदन के साथ शुल्क भुगतान भी ऑनलाइन ही होगा, ताकि किसी तरह की गड़बड़ी या अनियमितता की गुंजाइश कम हो। सरकार का कहना है कि इस डिजिटल सिस्टम से लोगों को बड़ा फायदा मिलेगा। अब जमीन मापी के लिए सरकारी दफ्तरों के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। घर बैठे आवेदन, फीस जमा और प्रक्रिया की जानकारी मिल सकेगी। इससे समय की बचत भी होगी और काम जल्दी पूरा होगा।

## नगर निकायों में सशक्त स्थायी समिति चुनाव स्थगित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के सभी नगर निकायों में सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों का चुनाव अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव ने बुधवार को सभी जिलों के डीएम को इससे जुड़ा आदेश जारी कर दिया है। विभागीय आदेश में कहा गया है कि प्रत्येक नगर निकायों में सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों का निर्वाचन 15 से 25 अप्रैल तक निर्धारित किया गया था। इसे अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक के लिए स्थगित किया जाता है। निर्वाचन प्रक्रिया पूरी करने के लिए नई समय-सारणी जल्द संसूचित की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि वैसे नगर निकाय जहां 15 अप्रैल को सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों का निर्वाचन पूरा हो चुका है, वहां वैधानिक रूप से निर्वाचित सशक्त स्थायी समिति कार्य करेगी। मालूम हो कि नगर विकास एवं आवास विभाग ने पहले 15 से 20 अप्रैल तक सभी नगर निगम, नगर परिषद एवं नगर पंचायतों में सशक्त स्थायी समिति का चुनाव कराने की तिथि तय की थी। बाद में 11 अप्रैल को नया आदेश जारी कर चुनाव की अंतिम तिथि 20 से बढ़ाकर 25 अप्रैल कर दी गई। अब बुधवार को आदेश जारी कर निर्वाचन को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। सशक्त स्थायी समिति के निवार्चन कराने की जिम्मेदारी संबंधित नगर निकायों के डीएम को दी गई है।

### मुख्यमंत्री बनते ही पीएम नरेन्द्र मोदी, नितिन नवीन एवं नीतीश कुमार ने सम्राट चौधरी को दी बधाई

## जनता की आकांक्षाओं को पूरा करेगी नई सरकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**







**पटना।** बिहार में नई सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी है। बुधवार को सम्राट चौधरी ने बिहार के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उनके साथ जदयू नेता विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सम्राट चौधरी के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके पास ऊर्ज़ा, जनसेवा का जज्बा और जमीन से जुड़ा अनुभव है। पीएम ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार जनता की उम्मीदों को पूरा करेगा और विकास के नए मुकाम हासिल करेगा। पीएम मोदी ने अपने संदेश में कहा कि सम्राट चौधरी का नेतृत्व राज्य के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा। उन्होंने भरोसा जताया कि बिहार चौतरफा विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा और लोगों की आकांक्षाएं पूरी होंगी। प्रधानमंत्री ने दोनों नए डिप्टी सीएम विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र यादव को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन दोनों नेताओं का लंबा राजनीतिक अनुभव और जनहित के प्रति समर्पण बिहार के विकास को नई रफ्तार देगा। पीएम ने यह भी कहा कि इनके काम से राज्य में सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण के नए मानक स्थापित होंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीन नवीन ने भी सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सम्राट चौधरी 'विकसित भारत, विकसित बिहार' के लक्ष्य को पूरा करने के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे। उन्होंने सम्राट चौधरी के सफल कार्यकाल की कामना की। नितीन नवीन ने विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र यादव को भी डिप्टी सीएम बनने पर बधाई दी और कहा कि नई टीम बिहार को नई दिशा देगी। इस पूरे समारोह के बीच जिस संदेश ने सबका ध्यान खींचा, वह था पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का बधाई संदेश। नीतीश कुमार ने न केवल सम्राट चौधरी को शुभकामनाएं दी बल्कि एक बड़े भाई और मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हुए राज्य के भविष्य को लेकर अपना अटूट विश्वास भी जताया। राजभवन में शपथ ग्रहण की औपचारिकताएं पूरी होते ही राज्यसभा सांसद और पूर्व सीएम नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने सम्राट चौधरी को संबोधित करते हुए लिखा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि नए नेतृत्व के अधीन बिहार विकास के पथ पर और तेजी से अग्रसर होगा। नीतीश कुमार ने अपने संदेश में सम्राट को हार्दिक बधाई देते हुए बिहार को देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करने का लक्ष्य साझा किया। नीतीश कुमार ने स्पष्ट किया कि 2005 से उन्होंने समाज के हर तबके चाहे वह दलित हो, पिछड़ा हो या अल्पसंख्यक के लिए बिना किसी भेदभाव के काम किया है। उन्होंने बताया कि '7 निश्चय-3' के जरिए बिहार के विकास का जो रोडमैप तैयार किया गया है, उसे अब नई सरकार आगे ले जाएगी।

CMYK

# पटना में 'सम्राट चौधरी युग प्रारंभ समारोह' आयोजित, मुख्यमंत्री बनने पर जश्न का माहौल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** एनडीए के नेता के रूप में सम्राट चौधरी द्वारा लोक भवन में बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने के बाद पूरे राज्य में खुशी और उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा जगह-जगह बैठकें और सभाएं आयोजित कर इस ऐतिहासिक अवसर का स्वागत किया जा रहा है। इसी क्रम में पटना के बैक हार्डिंग रोड स्थित परिसर में चंद्रवंशी चेतना परिषद एवं अति पिछड़ा चेतना परिषद के तत्वावधान में 'सम्राट चौधरी युग प्रारंभ समारोह' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने की। इस दौरान मुख्यमंत्री बनने की खुशी में कार्यकर्ताओं के बीच मिठाइयां बांटी गईं और उत्साहपूर्वक जश्न मनाया गया।

सभा को संबोधित करते हुए प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि सम्राट चौधरी एक सुलझे हुए, अनुभवी और जनप्रिय नेता हैं जो सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी ने हमेशा कमजोर, वंचित, चंद्रवंशी और अति पिछड़ा समाज के उत्थान के लिए काम किया है जब भी उन्हें अवसर मिला, उन्होंने अति पिछड़ा समाज को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने यह भी कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में विकसित बिहार की परिकल्पना साकार होगी और नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में बिहार की भूमिका और सशक्त बनेगी।

कार्यक्रम में यह भी उल्लेख किया गया कि सम्राट चौधरी ने जमीन से संघर्ष कर यह मुकाम हासिल किया है जो युवाओं और समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पूरे बिहार में 'सम्राट चौधरी युग प्रारंभ दिवस' के रूप में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसकी शुरुआत पटना से की गई है। इस अवसर पर निरंजन चंद्रवंशी, पवन ठाकुर, इंदल सिंह, अजय चंद्रवंशी, नागेंद्र चंद्रवंशी, मुकेश मंडल, शैलेन्द्र कुमार, अभय सिंह, अमरेंद्र कुमार निषाद, मधेशर सिंह चंद्रवंशी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और अपनी-अपनी बात रखी।

# मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण के पहले सम्राट चौधरी ने की पंचरूपी हनुमान जी की पूजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भाजपा विधान मंडल दल के नेता चुने जाने के बाद मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पूर्व भावी मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राजवंशी नगर स्थित पंचरूपी हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। इस मौके पर सम्राट चौधरी ने भगवान हनुमान जी की विधि पूर्वक पूजा की उनका नया वस्त्र चढ़ाया और उनकी आरती की। इस मौके पर सम्राट चौधरी को पंडित अजय झा, धीरज दुबे, शिवाकांत झा और ओम तिवारी ने उन्हें विधि पूर्वक षोडशोपचार विधि से पूजा करवाया। इस मौके पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि उनकी कामना है कि हनुमान जी बिहार पर अपनी नजर रखें और बिहार में सुशासन और ठीक ढंग से विधि व्यवस्था कायम है। मौके पर मंदिर प्रबंधन की ओर से पंचमुखी हनुमान मंदिर नया समिति के सचिव मोहित प्रकाश एवं कमेटी के सदस्य मीडिया समन्वयक आलोक कुमार ने मंदिर की ओर से उनका स्वागत किया और उनको प्रसाद भर थाल अर्पण किया। इस मौके पर विधायक संजीव चौरसिया, मंदिर के सदस्य प्रेम कुमार और पुजारी संतोष तिवारी, कन्हैया एवं संजीव रंजन मौजूद रहे।

# भारतीय जीवन बीमा निगम ने ग्राहकों के लिए सुपर सेल्स साथी ऐप किया प्रस्तुत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय जीवन बीमा निगम ने माइ एलआइसी ऐप (ग्राहकों के लिए) और सुपर सेल्स साथी ऐप (मध्यस्थों के लिए) प्रस्तुत किए। एम. नागराजू, आईएएस, सचिव, वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय ने 15 अप्रैल, 2026 को मुंबई में एलआईसी के सीईओ एवं एमडी आर. दुरैस्वामि, प्रबंध निदेशक दिनेश पंत, रत्नाकर पटनायक, आर. चंदर तथा एलआइसी के वरिष्ठ प्रबंधन की उपस्थिति में एलआईसी के नए ग्राहक ऐप तथा बिक्री मध्यस्थों के लिए मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया। माइ एलआइसी एक अगली पीढ़ी का मोबाइल एप्लीकेशन है जिसे इस प्रकार विकसित किया गया है कि पॉलिसीधारक अपने जीवन बीमा पोर्टफोलियो का प्रबंधन कैसे करेंगे, इस अनुभव को पुनर्परिभाषित किया जा सके। सुपर सेल्स साथी ऐप एलआईसी के विपणन कर्मियों के लिए एक अगली पीढ़ी का मोबाइल एप्लीकेशन है। इन ऐप्स को 'यूजर-फर्स्ट' दर्शन के साथ डिजाइन किया गया है जिसमें सहज डिजाइन, शक्तिशाली विशेषताएं और अत्याधुनिक तकनीक को एक साथ लाकर एक निर्बाध, बुद्धिमान और व्यक्तिगत 360 डिग्री अनुभव प्रदान किया गया है। एलआईसी के ये अगली पीढ़ी के डिजिटल ऐप्स ग्राहक अनुभव को रूपांतरित करने, मध्यस्थों को सशक्त बनाने और आंतरिक कार्यप्रणालियों को आधुनिक बनाने पर स्पष्ट ध्यान के साथ डिजाइन किए गए हैं। उन्नत तकनीकों जिनमें एआई भी शामिल है, के साथ निर्मित ये ऐप्स एक निर्बाध, सुरक्षित और पूर्णतः एकीकृत डिजिटल बीमा पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने का लक्ष्य रखते हैं।

# धर्मेंद्र प्रधान ने सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर दी बधाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सम्राट चौधरी को बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया के माध्यम से दिए गए अपने संदेश में श्री प्रधान ने बीजेंद्र यादव और विजय चौधरी को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर भी शुभकामनाएं दीं। श्री प्रधान ने नई सरकार को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार सुशासन, विकास और जनसेवा के नए आयाम स्थापित करेगा। नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में निश्चित रूप से बिहार सुशासन, विकास और जनसेवा के नए आयाम स्थापित करेगा। किसानों की समृद्धि, मातृशक्ति के सशक्तिकरण, युवाओं के लिए व्यापक अवसरों के सृजन और समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के दृढ़ संकल्प के साथ 'विकसित बिहार' का लक्ष्य और अधिक प्रभावी रूप से साकार होगा।

# कृषि अनुसंधान परिसर, पटना के कार्यकारी निदेशक ने केंद्रीय कृषि मंत्री से की शिष्टाचार भेंट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष उपाध्याय एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ. विकास सरकार ने बुधवार को शिवराज सिंह चौहान से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दीघा क्षेत्र के विधायक संजीव चौरसिया भी उपस्थित रहे। भेंट के दौरान कार्यकारी निदेशक ने मंत्री को संस्थान में संचालित विभिन्न अनुसंधान एवं विकासात्मक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने फसल अनुसंधान, भूमि एवं जल प्रबंधन, पशुधन एवं मत्स्य, बागवानी तथा कृषि प्रसार से जुड़े कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. उपाध्याय ने बताया कि किसानों के बीच संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए संस्थान द्वारा विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों के माध्यम से रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने और हरी खाद एवं जैविक विकल्पों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्वी भारत की कृषि प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए संस्थान जलवायु अनुकूल एवं संसाधन-संरक्षण आधारित तकनीकों के विकास और प्रसार पर विशेष ध्यान दे रहा है। किसानों को आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों से जोड़कर कृषि उत्पादकता बढ़ाने और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। मृदा स्वास्थ्य के संदर्भ में उन्होंने बताया कि ढैंचा जैसी हरी खाद के उपयोग को बढ़ावा देकर मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि की जा रही है। इससे मृदा में कार्बनिक तत्व बढ़ते हैं, संरचना में सुधार होता है तथा जल धारण क्षमता मजबूत होती है जो दीर्घकालीन कृषि के लिए अत्यंत लाभकारी है। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पूर्वी भारत में कृषि क्षमता को बढ़ाने में इस प्रकार के अनुसंधान और प्रसार कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने किसानों की आय वृद्धि, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा सतत कृषि विकास के लिए संस्थान की पहल को सराहनीय बताया।

# साजन क्लिनिक से मिल रहीं उत्कृष्ट आयुर्वेदिक चिकित्सा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** साजन क्लिनिक, बंगाली अखाड़ा मोड़, बारी पथ, पटना-4 के निदेशक डॉ. साजन दूबे गुप्त एवं यौन रोग विशेषज्ञ का नाम आज किसी परिचय का मोहताज नहीं हैं। डॉ. साजन दूबे की ख्याति राज्य ही नहीं अपितु देश एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर है। उनके मरीजों में एक बड़ी संख्या खाड़ी देशों एवं पश्चिमी देशों अमेरिका, कनाडा इत्यादि की भी है। पटना के बंगाली अखाड़ा मोड़, बारी पथ, पटना में उनका क्लिनिक है। डॉ. साजन दूबे को गुप्त एवं यौन रोगों पर महारथ हासिल है। इस संबंध में डॉ. साजन दूबे ने बताया कि उनके पास जीवन से मायूस मरीज आते हैं। इनमें अधिकांश संख्या अविवाहित युवाओं की होती है। उन्होंने कहा कि वह विशु जड़ी-बूटियों, रस-रसायन एवं भष्मों से उनका इलाज करते हैं। इन्होंने आगे कहा कि

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का भाजपा प्रदेश कार्यालय में भव्य स्वागत, संजय सरावगी ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद आज भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे। यहां उत्साहित कार्यकर्ताओं ने उनका जमकर स्वागत और अभिनन्दन किया। अभिनन्दन समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया। बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने भी नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का प्रदेश कार्यालय में स्वागत किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रथम आगमन पर अंगवस्त्र एवं मिथिला की सुप्रसिद्ध मखाने की माला पहनाकर स्वागत और अभिनन्दन किया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी प्रदेश कार्यालय पहुंचने के बाद महान विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं कैलाशपति मिश्र की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया और नमन की। प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में आयोजित स्वागत अभिनन्दन समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पहुंचने पर उपस्थित हजारों कार्यकर्ताओं ने भाजपा, एनडीए और मुख्यमंत्री के समर्थन में जमकर नारे लगाए और उनका स्वागत किया। यह कार्यक्रम काफी देर तक चलता रहा। इस दौरान मुख्यमंत्री सभी कार्यकर्ताओं से मिले। इस मौके पर प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर के कार्यकर्ता जुटे थे। भाजपा के नेतृत्व में पहली बार सरकार बनने से उत्साहित कार्यकर्ताओं ने कार्यालय में जमकर मिठाईयां बांटी। बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने सम्राट चौधरी के बिहार के मुख्यमंत्री के रूप शपथ ग्रहण और पदभार ग्रहण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा और एनडीए के लाखों कार्यकर्ताओं को विश्वास है कि नीतीश कुमार के न्याय के साथ विकास कार्यक्रम को और गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने प्रदेश में जो सुशासन स्थापित किया है उसे और धार देंगे तथा नीतीश कुमार के विकास मॉडल को और तेज गति से आगे बढ़ेगी।

# गांव-गांव में स्मार्ट मीटर संबंधित जानकारी लेना बेहद आसान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में अब शहर के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए बड़ी सुविधा दी जा रही है जिससे ग्रामीण इलाकों में बिजली उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर से संबंधित हर महत्वपूर्ण जानकारी के साथ ऑरेंज पे काउंटर से रिचार्ज व खपत की संपूर्ण जानकारी साझा की जा रही है। ऑरेंज पे काउंटर के निदेशक मनीष सिन्हा ने कहा कि दो साल पहले शहरी इलाकों में ही ऑरेंज पे काउंटर की सुविधा शुरू की गयी थी जिससे शहरी उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर से जुड़ी हर जरूरी जानकारी दी जा रही है। अब ग्रामीण इलाकों में स्मार्ट मीटर की बढ़ती संख्या को देखते हुए इस व्यवस्था को शुरू किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि राजधानी के ग्रामीण इलाकों में ऑरेंज पे काउंटर की संख्या 150 थी जो 2026 तक इसकी संख्या दोगुनी यानि करीब 300 हो चुकी है। ऑरेंज पे काउंटर के निदेशक मनीष सिन्हा ने कहा कि उपभोक्ता को बिहार सरकार द्वारा लागू 125 यूनिट फ्री का अधिकतम फायदा कैसे ले इसकी भी पूरी जानकारी दी जाती है। साथ ही प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत सौर ऊर्जा बिजली उत्पादन इंस्टॉल करने के लिए आसानी से आवेदन भी करवाया जाता है।

# सृजन संस्था एवं सर्वांगीण विकास संस्थान पटना की सचिव पूजा ऋतुराज ने किया दो विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स, ब्यूरो**



**पटना।** सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में सक्रिय नव सृजन संस्था एवं सर्वांगीण विकास संस्थान पटना की सचिव पूजा ऋतुराज द्वारा इस वर्ष का प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ सम्मान दो विशिष्ट प्रतिभाओं को प्रदान किया गया। गौरतलब हो कि यह सम्मान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को उनके समर्पण, प्रतिभा और सेवा भावना के लिए दिया जाता है। पत्र-पत्रिकाओं में कला व संस्कृति से संबंधित रचनाओं, गतिविधियों की समीक्षात्मक रिपोर्टिंग विगत 50 वर्षों से भी अधिक समय से साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक सहित से संबंधित विषयों पर देश के विभिन्न समाचार पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित कर रहे पटना के डा. बिन्देश्वर प्रसाद गुप्ता को संस्थान द्वारा सर्वश्रेष्ठ पत्रकार सम्मान दिया गया। वहीं गया जी की मेही ब्यूटी पार्लर की संचालिका स्नेही कुमारी को सर्वश्रेष्ठ ब्यूटीशियन सम्मान से अलंकृत किया गया। इस मौके पर संस्थान के द्वारा दोनों को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। स्नेही कुमारी को सौंदर्यकला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, आधुनिक तकनीकों के प्रयोग, नवाचारी सेवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया।

# डॉ. संतोष कुमार सुमन ने सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री एवं विजय चौधरी व विजेंद्र यादव को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण पर दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन ने कहा कि सम्राट चौधरी को बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने तथा विजय चौधरी एवं विजेंद्र यादव को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी के सक्षम नेतृत्व में तथा दोनों उपमुख्यमंत्रियों के समृद्ध अनुभव, प्रशासनिक दक्षता एवं जनसेवा के प्रति समर्पण के साथ बिहार में सुशासन, समावेशी विकास एवं जनकल्याण के नए मानक स्थापित होंगे। डॉ. सुमन ने कहा कि इस शुभ अवसर पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन परिवार के सभी सम्मानित नेताओं एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को भी हार्दिक बधाई दी जाती है। यह उपलब्धि सामूहिक प्रयास, संगठन की शक्ति एवं जनता के अटूट विश्वास का प्रतिफल है। उन्होंने आगे कहा कि बिहार के समस्त सम्मानित राज्यवासियों को भी हार्दिक शुभकामनाएं और यह विश्वास है कि नई सरकार जनता की अपेक्षाओं पर पूर्णतः खरी उतरते हुए राज्य को प्रगति, समृद्धि एवं विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली को लेकर राज्यव्यापी ऑनलाइन प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** देश में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 1 अप्रैल 2026 से लागू ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद द्वारा राज्यव्यापी ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय निकायों द्वारा उत्पन्न ठोस अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रबंधन को सुनिश्चित करना है। यह प्रशिक्षण कई चरणों में नगर निकाय से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक संचालित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के सभी नगर निकायों, थोक कचरा उत्पादकों, सभी जिलों के जिला पदाधिकारी, जिला समन्वयक तथा जिला पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसके अलावा नगर निकाय एवं आवास विभाग, ग्रामीण विकास विभाग और पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया। इस सत्र में कुल 751 प्रतिभागी जुड़े। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अध्यक्ष डी.के. शुक्ला ने कहा कि नई नियमावली 2026, वर्ष 2016 की नियमावली के स्थान पर अधिसूचित की गई है और 1 अप्रैल 2026 से लागू है। उन्होंने बताया कि यह नियमावली पारंपरिक कचरा संग्रहण प्रणाली से आगे बढ़कर डेटा आधारित प्रबंधन और सख्त कानूनी जवाबदेही की दिशा में बड़ा बदलाव है। इसका उद्देश्य कचरे को उपयोगी संसाधन में बदलकर चक्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।

# कृषि क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां, नवाचार और किसान कल्याण के नए आयाम स्थापित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कृषि विभाग, बिहार ने पिछले कुछ महीनों में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। 'बीज से बाजार तक' की सोच के साथ राज्य सरकार ने न केवल उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि की है, बल्कि किसानों के सीधे सशक्तीकरण के लिए तकनीक और वित्तीय सहायता के नए मानक स्थापित किए हैं। बिहार के किसानों के लिए केंद्र और राज्य सरकार के बीच समन्वय का सबसे बड़ा उदाहरण प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के सफल क्रियान्वयन में देखा गया। 19 नवंबर 2025 को प्रधानमंत्री द्वारा 21वीं किस्त जारी की गई जिससे बिहार के 73.37 लाख से अधिक किसानों के खातों में 1,467 करोड़ रुपये सीधे हस्तांतरित किए गए। इसके बाद मार्च 2026 में 22वीं किस्त के माध्यम से भी इतनी ही बड़ी राशि किसानों तक पहुंचाई गई जो खेती के लिए समय पर आर्थिक सहायता सुनिश्चित करती है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कृषि विभाग हेतु 3,446.45 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है जो बिहार कृषि के आधुनिकीकरण और विकास की नई उड़ान का प्रतीक है। कृषि रोडमैप (2023-28) के प्रभावी कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप वर्ष 2024-25 में राज्य ने 326.62 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन किया है जो वर्ष 2005 की तुलना में तीन गुना से अधिक है। अक्टूबर 2025 में आई अतिवृष्टि, बाढ़ और मोन्था तूफान से प्रभावित 12 जिलों के किसानों को राहत देने के लिए विभाग ने त्वरित कार्रवाई की। 33 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति वाले किसानों के लिए अनुदान की प्रक्रिया तेज की गई जिसमें असिंचित फसलों के लिए ?8,500, सिंचित के लिए 17,000 और बहुवर्षीय फसलों के लिए 22,500 प्रति हेक्टेयर तक की सहायता राशि निर्धारित की गई। 'जीरो टॉलरेंस' नीति रबी मौसम 2025-26 के दौरान उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति के लिए राज्य में 13.50 लाख मीट्रिक टन यूरिया और 3.90 लाख मीट्रिक टन डीएपी का पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित किया गया। कालाबाजारी और अधिक मूल्य वसूलने वालों के खिलाफ विभाग ने 'जीरो टॉलरेंस' अपनाते हुए अब तक 454 से अधिक उर्वरक प्रतिष्ठानों के लाइसेंस रद्द किए हैं और 116 पर प्राथमिकी दर्ज की है। डिजिटल कृषि के क्षेत्र में बिहार ने देश में अग्रणी भूमिका निभाई है। किसानों को रियल टाइम सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजिटल कृषि निदेशालय का गठन किया गया है। इसके साथ ही एआई-आधारित 'बिहार कृषि' मोबाइल ऐप और चौटबॉट की शुरुआत की गई है। बिहार डिजिटल कृषि के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। किसान रजिस्ट्री और फार्मर आईडीरू एग्री-स्टैक परियोजना के तहत राज्य के करोड़ों किसानों की विशिष्ट फार्मर आईडी बनाई जा रही है जिससे उन्हें आधार-लिंक्ड सरकारी सेवाओं का पारदर्शी लाभ मिल सके।

# विजय कुमार चौधरी और विजेंद्र प्रसाद यादव को उपमुख्यमंत्री बनाए जाने पर बिहार अग्रवाल सम्मेलन ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री के रूप में विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव को महत्वपूर्ण दायित्व मिलने पर बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष अमर अग्रवाल, महिला अध्यक्ष डॉ. गीता जैन, सचिव अक्षय अग्रवाल सहित संजय भलोटिया, निर्मल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, सूर्य नारायण, पवन भगत एवं अन्य सदस्यों ने संयुक्त रूप से कहा कि श्री चौधरी एवं श्री यादव को यह जिम्मेदारी उनके लंबे अनुभव, कुशल नेतृत्व और जनसेवा के प्रति समर्पण का परिणाम है। सम्मेलन ने विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में बिहार विकास, सुशासन, पारदर्शिता एवं जनकल्याण के नए आयाम स्थापित करेगा। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र में राज्य को नई दिशा मिलेगी। अग्रवाल समाज ने आशा व्यक्त की कि विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव अपने-अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए प्रदेश के सभी वर्गों–गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करेंगे तथा बिहार को एक सशक्त एवं आत्मनिर्भर राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### शेरशाह महोत्सव की तैयारी को ले डीएम ने की समीक्षा बैठक

# सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जाएगा शेरशाह महोत्सव का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में शेरशाह महोत्सव 2026 के सफल आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया तथा महोत्सव की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शेरशाह महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह महोत्सव 21 एवं 22 मई 2026 को आयोजित होगा। महोत्सव के पहले दिन सुबह में सासाराम रेलवे स्टेशन से महान शासक शेरशाह सूरी के मकबरे तक एक आकर्षक प्रभातफेरी निकाली जाएगी जिसमें छात्रों, अधिकारियों एवं आमजनों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसके अतिरिक्त शेरशाह सूरी के व्यक्तित्व एवं उनके ऐतिहासिक योगदान पर आधारित मुशायरे एवं गोष्ठियों का आयोजन भी किया जाएगा। विद्यालयों में छात्रों के बीच निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी जिससे नई पीढ़ी को शेरशाह सूरी के जीवन एवं उनके आदर्शों से अवगत कराया जा सके। साथ ही युवाओं की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने हेतु रील प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। 21 एवं 22 मई को न्यू स्टेडियम, फजलगंज में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे जहां आम जनता को सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने शेरशाह सूरी के मकबरे को भव्य रूप से सजाने एवं समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए महोत्सव को सफल एवं यादगार बनाने का आह्वान किया। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से तैयारियां पूर्ण करने तथा आयोजन के दौरान सुरक्षा, स्वच्छता एवं यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।



## यात्री का छूटा मोबाइल बरामद, यात्री को किया सुपुर्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सउनि शोभनाथ राम साथ आरक्षी सतीश कुमार रात्रि अपराधिक निगरानी एवं गश्त करते हुए अनुग्रह नारायण रोड टिकट घर प्रतीक्षालय पर चार्ज में लगा एक मोबाइल रेडमी 9 ब्लू कलर लावारिस हालत में देखा गया। अगल-बगल प्रतिक्षारत यात्रियों से पूछताछ करने पर किसी ने अपना नहीं बताया। बाद में उक्त मोबाइल को यात्रियों को सूचित करते हुए सुरक्षित अनुग्रह नारायण रेलवे सुरक्षा बल कैंप पर लाकर रखा गया। कुछ समय पश्चात एक यात्री नाम पता- संदीप प्रसाद, उम्र- करीब 23 वर्ष, पिता- योगेंद्र प्रसाद, गांव-कलानी, थाना-रामगढ़, जिला-कैमूर (बिहार) बताया एवं मोबाइल टिकट घर अनुग्रह नारायण में भूलवश चार्ज में लगाकर छुटने की बात बताई जिसे उक्त मोबाइल को दिखाने पर मोबाइल पहचान कर अपना बताया एवं प्राप्ति की मांग करने लगा तभी सउनि शोभनाथ राम द्वारा सुपुर्दगी नामा तैयार कर फोटोग्राफी करते हुए पता सत्यापन उपरांत सही सलामत सुपुर्द किया गया।

# मोहनियां में आग का तांडव, 17 बीघा गेहूं की फसल खाक

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग, किसानों की साल भर की मेहनत बर्बाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** चैत की तपती धूप और पछुआ हवाओं के बीच कैमूर जिले के मोहनियां प्रखंड अंतर्गत बरेज और अमरपुरा गांव के सिवान में बुधवार को भीषण आग लग गई। इस अगलगी में खेतों में खड़ी लगभग 17 बीघा गेहूं की फसल, डंठल और पुआल जलकर पूरी तरह राख हो गए। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि देखते ही देखते आसपास के खेतों को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों और पीड़ित किसानों के अनुसार खेत के ऊपर से गुजर रहे बिजली के ढीले तारों में शॉर्ट सर्किट होने से चिंगारी निकली जिसने सूखी फसल में आग लगा दी।

अमरपुरा निवासी किसान रामप्रवेश राय ने बताया कि उनकी 7 बीघा फसल जल गई है।

वहीं बरेज के कमलेश सिंह की 10 बीघा (करीब 1 एकड़) फसल बर्बाद हो गई। किसानों ने बताया कि आग की सूचना तुरंत अग्निशमन विभाग को दी गई थी, लेकिन दमकल की गाड़ी समय पर नहीं पहुंच सकी। घटनास्थल पर पहुंचे दमकल अधिकारी वीरेश कुमार ने बताया कि मोहनियां अनुमंडल क्षेत्र बड़ा है और वर्तमान में केवल 4 गाड़ियां (मोहनियां, दुर्गावती, रामगढ़ और कुदरा) प्रखंड में उपलब्ध हैं। एक ही समय पर कई जगहों से फोन आने के कारण गाड़ियों को पहुंचने में देरी हो रही है। बरेज आने से पहले टीम दसौती गांव में आग बुझा रही थी। इस घटना से किसानों की कमर टूट गई है। साल भर की मेहनत और जमापूंजी स्वाहा होने के बाद ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से उचित मुआवजे और जर्जर बिजली तारों को ठीक करने की गुहार लगाई है।

## सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर हनुमान मंदिर में चढ़ाया प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा बिहार के भविष्य को लेकर लिए गए ऐतिहासिक निर्णय के तहत सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री के रूप में चुने जाने पर पूरे प्रदेश में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस निर्णय से बिहारवासियों में नई उम्मीदें जगी है और लोग इसे राज्य के विकास के लिए एक सकारात्मक कदम के रूप में देख रहे हैं। इसी क्रम में रोहतास जिले के डिहरी क्षेत्र में भी भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने उत्साह के साथ जश्न मनाया। नमो ऐप बिहार बीजेपी के प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी सुमित सौरभ दुबे के नेतृत्व में स्थानीय हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई तथा प्रसाद चढ़ाकर भगवान से राज्य के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। सुमित सौरभ दुबे ने कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि नई सरकार युवाओं, किसानों और आम जनता की अपेक्षाओं पर खरी उतरेगी तथा राज्य को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाएगी। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी और मुख्यमंत्री के सफल कार्यकाल के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम में स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों की भी अच्छी भागीदारी रही जिससे माहौल पूरी तरह उत्सवमय बना रहा।




## मजदूर का शव गांव पहुंचते ही मचा कोहराम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अनुमंडल क्षेत्र के अकोढ़ीगोला प्रखंड क्षेत्र के कैथी गांव में एक प्रवासी मजदूर का शव पहुंचते ही मातम पसर गया। मृतक की पहचान स्व. टेंगरी राम के 45 वर्षीय पुत्र शिकाऊ पासवान के रूप में की गई है। बताया जाता है कि वह छत्तीसगढ़ के रायगढ़ स्थित सिंघल इस्पात प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत थे। मिली जानकारी के अनुसार काम के दौरान अचानक भट्ठी का पाइप फट जाने से वह गंभीर रूप से झुलस गए। कंपनी प्रबंधन द्वारा उन्हें तत्काल इलाज के लिए रायगढ़ में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर बेहतर इलाज के लिए रायपुर के स्वास्तिक नर्सिंग होम रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत रविवार को हो गई। मृतक का शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी प्रमिला देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने परिवार के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवार में पत्नी सहित एक पुत्र और चार पुत्रियां हैं जिसमें पुत्र करण कुमार (15 वर्ष) के अलावा पुत्रियां पूजा कुमारी (16 वर्ष), दुर्गा कुमारी (13 वर्ष) और सोनी कुमारी (11 वर्ष) हैं जबकि एक पुत्री की शादी हो चुकी है। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी।

## सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर मोहन बिगहा में जश्न, शहीद जगदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मोहन बिगहा स्थित कुश मंदिर सह कुशवाहा सभा भवन में बिहार के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी के बनने पर कुशवाहा समाज के लोगों ने हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया। इस अवसर पर लाल बिहारी कुशवाहा की अध्यक्षता में लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने मोहन बिगहा में स्थापित शहीद जगदेव की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर समाज के लोगों ने सम्राट चौधरी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके नेतृत्व में बिहार के विकास की उम्मीद जताई। इस अवसर पर जिला पार्षद अजय कुशवाहा, प्रमोद महतो, कौशलेंद्र कुशवाहा, उर्मिला देवी, बिंदेश्वरी सिंह कुशवाहा, मिथलेश कुशवाहा, बृजन कुशवाहा, लक्ष्मण सिंह, रामप्रसाद सिंह, अजय महतो, ललन कुशवाहा, उदय कुशवाहा, कृष्ण सिंह (पैक्स अध्यक्ष) सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा सुनील सिंह, अशोक सिंह, हीरालाल मुखिया, देव मुनि सिंह, मनीष कुमार समेत बड़ी संख्या में कुशवाहा समाज के लोगों की भागीदारी रही।




## स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा प्राप्त कर रहे प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा प्राप्त कर रहे प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के मेडिकल एजुकेशन यूनिट के तत्वावधान में आज एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कंपीटेंसी बेस्ड मेडिकल एजुकेशन पर आधारित यह महत्वपूर्ण सेंसेडाइजेशन कार्यशाला स्नातकोत्तर चिकित्सा छात्रों के लिए आवश्यक कार्यशाला है। इस कार्यशाला में नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्राचार्य डॉक्टर पुनीत कुमार सिंह, नेत्र रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ अमरेश कुमार, औषधि विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर जितेंद्र कुमार, शल्य चिकित्सा विभाग के अध्यक्ष डॉ मनीष कुमार एवं शिशु रोग विभागाध्यक्ष डॉक्टर मणिकांत कुमार ने विभिन्न सत्रों में आयोजित कार्यशाला के दौरान स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा के छात्रों को संबोधित किया। इस कार्यशाला को सफल बनाने में सहायक कुल सचिव अजय कुमार सिंह, अमित कुमार, राकेश कुमार, मनीष कुमार, रवींद्र कुमार, प्रदीप कुमार, पुष्कल रंजन आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पैरवी एवं नारायण स्कूल ऑफ लॉ ने विधिक स्वयं सेवकों को दिया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पैरवी एवं नारायण स्कूल ऑफ लॉ द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के अंतर्गत विधिक स्वयंसेवकों का एक शैक्षणिक एवं अनुभवात्मक भ्रमण बाल कल्याण समिति, सासाराम के कार्यालय में कराया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने बाल संरक्षण तंत्र को नजदीक से समझते हुए समिति की कार्यप्रणाली, अधिकारों एवं जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान बाल कल्याण समिति के सदस्य ददन जी पाण्डेय एवं सदस्य गायत्री कुमारी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए बाल संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि बाल कल्याण समिति एक अर्ध-न्यायिक संस्था है जिसका मुख्य उद्देश्य संकटग्रस्त बच्चों के संरक्षण, पुनर्वास एवं उनके सर्वोत्तम हित में निर्णय लेना है। समिति के समक्ष आने वाले हर मामले में बच्चों के अधिकारों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होती है और सभी निर्णय 'बेस्ट इंटरेस्ट ऑफ द चाइल्ड' के सिद्धांत पर आधारित होते हैं। ददन जी पाण्डेय ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि समिति के पास परित्यक्त बच्चे, बाल श्रम के शिकार, बाल विवाह से जुड़े मामले, यौन शोषण के पीड़ित तथा ऐसे बच्चे जिनके अभिभावक उनकी देखभाल करने में असमर्थ होते हैं, जैसे कई संवेदनशील मामले आते हैं।



## सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर रसूलपुर में एनडीए कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकबरपुर (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र के रसूलपुर में एनडीए कार्यकर्ताओं द्वारा सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने की खुशी में जश्न मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक रामसेवक सिंह के स्मारक पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद पूरे उत्साह के साथ मिठाइयां बांटी गईं और पटाखे छोड़कर खुशी का इजहार किया गया। कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री को राज्य को और आगे ले जाने तथा समृद्ध बनाने की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी, नीतीश कुमार और एनडीए गठबंधन जिंदाबाद के नारे लगाकर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने कहा कि यह अवसर बिहार के लिए एक नई उम्मीद लेकर आया है और आने वाले समय में विकास कार्यों को और गति मिलेगी। सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने और सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से रामनाथ सिंह, संतोष कुमार, जयप्रकाश वर्मा, विवेक बहादुर, सिद्धेश्वर वर्मा, हरि पासवान, भोला राम, पुजन ठाकुर, सत्येंद्र सोनी, अमन राज, महेंद्र सिंह, मनीष चंद्रवंशी, अमरनाथ सिंह सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भूमि अधिग्रहण मामले में किसानों ने किया विरोध प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** प्रस्तावित ग्रीनफील्ड 119-ए एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया विवादों में घिर गई है, जहां गोड़री गांव के किसानों और भू-मालिकों ने सीमांकन कार्य का जमकर विरोध किया। प्रदर्शनकारी किसानों का मुख्य आरोप है कि जिस जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है वह वर्तमान में आवासीय और व्यावसायिक श्रेणी की है, लेकिन सरकारी दस्तावेजों और अधिग्रहण नोटिस में उसे कृषि भूमि दर्शाकर उसी दर से मुआवजा तय किया जा रहा है। किसान मनीष कुमार उर्फ पप्पू तिवारी और सत्येन्द्र तिवारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भू-मालिकों ने नारेबाजी करते हुए कहा कि गोड़री ग्राम को वर्ष 2021 में नगर पंचायत में शामिल कर दिया गया था, जिसके बाद यहां की सभी जमीनों का निबंधन आवासीय और व्यावसायिक श्रेणी में होने लगा था। किसानों का तर्क है कि जब भूमि का उपयोग और सरकारी रिकॉर्ड दोनों ही गैर-कृषि के हैं तो मुआवजे का निर्धारण भी 2013 के पुराने बाजार मूल्य यानी खढ़ठ के बजाय 2021 के बाद के नगर क्षेत्र के वर्तमान आवासीय-व्यावसायिक बाजार मूल्य के अनुसार होना चाहिए, ताकि उन्हें उचित मुआवजा मिल सके। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक मुआवजा नीति में संशोधन कर उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, तब तक वे सीमांकन की प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ने देंगे। मौके पर मौजूद अपर भू-अर्जन जिला पदाधिकारी जयप्रकाश राय ने किसानों की मांगों को वाजिब मानते हुए आश्वस्त किया कि उनके सभी बिंदुओं को लिखित रूप में नोट कर लिया गया है और जिला स्तर से होते हुए इसे राज्य सरकार व संबंधित विभाग को भेजा जाएगा, ताकि तय समय में इसका निराकरण हो सके। वहीं दूसरे अपर भू-अर्जन जिला पदाधिकारी चंद्रकांत सिंह ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि मुआवजे की दर तय करने का अंतिम अधिकार भू-अर्जन आयुक्त के पास है, लेकिन किसानों द्वारा उठाए गए मुद्दों और उनकी आपत्तियों को निश्चित रूप से आगे सक्षम प्राधिकार तक पहुंचाया जाएगा।

## चेनारी विधायक मुरारी प्रसाद गौतम ने सीएम सम्राट चौधरी को दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सम्राट चौधरी को चेनारी विधायक मुरारी प्रसाद गौतम ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि आपके कुशल नेतृत्व, दूरदर्शिता और जनसेवा के संकल्प से निश्चित ही बिहार विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। प्रदेश की जनता को आपसे बहुत उम्मीद है और हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके मार्गदर्शन में बिहार प्रगति, समृद्धि और सुशासन की ओर निरंतर अग्रसर रहेगा।

## शोभा यात्रा के लिए लाउडस्पीकर को लेकर एसडीएम का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** आगामी 16 अप्रैल 2026 को डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर निकाली जाने वाली शोभा यात्रा के लिए प्रशासन ने लाउडस्पीकर के उपयोग की सशर्त अनुमति दे दी है। अनुमण्डल दण्डाधिकारी, बिक्रमगंज ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। यह अनुमति अम्बेडकर विचार मंच मलियाबाग, सेमरी, दावथ के अध्यक्ष रामबाबू हाजरा के आवेदन पर दी गई है। आदेश के अनुसार 16 अप्रैल को शोभा यात्रा के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग सुबह 6 बजे से दिन के 10 बजे तक ही किया जा सकेगा। एसडीएम द्वारा जारी पत्र में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। कार्यक्रम में केवल लाउडस्पीकर का ही प्रयोग होगा, जिसकी अधिकतम संख्या 8 तय की गई **अनुमति के साथ ये हैं प्रमुख शर्तें:**

**समय सीमा:** लाउडस्पीकर का प्रयोग सिर्फ निर्धारित स्थल पर सुबह 6 से 10 बजे तक ही होगा। रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक पूर्ण रूप से वर्जित रहेगा।

**ध्वनि स्तर:** आवाज निर्धारित डेसिबल से अधिक नहीं होगी। उल्लंघन पर कानूनी कार्रवाई होगी।

**भाषण पर रोक:** लाउडस्पीकर से किसी भी प्रकार का उत्तेजक, भड़काऊ भाषण या वक्तव्य नहीं दिया जाएगा जिससे किसी धर्म, जाति या समुदाय की भावना आहत हो।

**गाने-नारे पर प्रतिबंध:** अश्लील गाने, नारे या किसी समुदाय के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी।

## सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं में जश्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** सूर्यपुरा में बुधवार दोपहर 1 बजे भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने की घोषणा के बाद जोरदार जश्न मनाया। अजय सौंडिक और विकास कुशवाहा के नेतृत्व में कार्यकर्ता बंगलाचौक के पास एकत्र हुए जहां एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और अबीर-गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ 'भारत माता की जय', 'भाजपा जिंदाबाद' और 'सम्राट चौधरी जिंदाबाद' के गगनभेदी नारे लगाए जिससे पूरा क्षेत्र भाजपामय हो गया। प्रखंड क्षेत्र के कई स्थानों पर विजय जुलूस भी निकाले गए जिनमें बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता ढोल-नगाड़ों के साथ शामिल हुए और जमकर आतिशबाजी की। जश्न के दौरान भाजपा नेता अजय सौंडिक ने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार का गठन विकास और सुशासन की दिशा में एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण कदम है।




**बिहार सरकार**

**कार्यालय, अनुमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद**

**प्रपत्र–1**

**[देखिये नियम 12(1)]**

**सूचना**

**नगर पंचायत, जम्होर के वार्ड संख्या 01 से 11 की मतदाता सूची**

एतद् द्वारा उपरोक्त वार्ड का प्रारूप मतदाता सूची का सर्व साधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है। इस सूची में नाम दर्ज करने के लिए सभी दावा प्रपत्र–2 में, किसी प्रविष्टि से संबंधित विशिष्टियों पर आक्षेप प्रपत्र– 2(A) तथा मतदाता सूची में दर्ज नाम के विरूद्ध आपत्ति प्रपत्र–3 में दिनांक 28.04.2026 तक दायर की जा सकेगी।

रिवाईजिंग अथॉरिटी जिनके समक्ष ऐसे दावे एवं आपत्तियाँ दायर की जा सकती है, वह इस प्रकार है :–

| वार्ड संख्या | रिवाईजिंग पदाधिकारी का नाम | नागरिकों/मतदाताओं के मिलने का स्थान एवं समय (प्रतिदिन) | प्रारूप मतदाता सूची को निम्नांकित स्थानों पर सर्वसाधारण के निरीक्षण हेतु प्रकाशित किया जाता है। |
|---|---|---|---|
| 01 से 11 | श्री रमण सिन्हा, प्रखंड विकास पदाधिकारी, औरंगाबाद | प्रखंड कार्यालय सभागार कक्ष, औरंगाबाद पूर्वा० 10:00 बजे से अप० 05:00 बजे तक | (1) जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) का कार्यालय<br>(2) अनुमंडल कार्यालय, औरंगाबाद सदर<br>(3) नगर पंचायत, जम्होर<br>(4) अंचल कार्यालय, औरंगाबाद<br>(5) प्रखंड कार्यालय, औरंगाबाद<br>(6) वार्ड क्षेत्र अन्तर्गत स्थित थाना<br>(7) वार्ड क्षेत्र अन्तर्गत स्थित डाकघर |

दावे एवं आपत्तियाँ रिवाईजिंग अथॉरिटी को संबोधित किये जायेंगे तथा या तो इस सूचना में विनिर्दिष्ट रिवाईजिंग अथॉरिटी के समक्ष उपस्थापित किये जायेंगे या डाक द्वारा इस प्रकार भेजे जायेंगे ताकि उन्हें दिनांक 28.04.2026 तक प्राप्त हो सके।

निबंधन पदाधिकारी
–सह–
अनुमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद

PR- 001114 ( Election ) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



**कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज (पलामू)**
**Email id:-np.hariharganj@gamil.com**

**अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना**

**संख्या– NPH/01/2026-27**

नगर पंचायत हरिहरगंज क्षेत्र अंतर्गत Urban Health and Wellness Center (UHWC) हेतु समाग्री क्रय की आवश्यकता है। सामग्री क्रय हेतु कोटेशन आमंत्रीत की जाती है। इच्छुक निर्माणकर्ता/आपूर्तिकर्ता/संवेदक को नगर पंचायत, हरिहरगंज कार्यालय में निविदा/कोटेशन दिनांक– 06.04.2026 को 01:00 बजे अपराह्न तक जमा करना होगा। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शुल्क मो0 5000/– रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 20000/– रू0 बैंक ड्राफट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफट/बैंकर्स चेक कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत हरिहरगंज के पदनाम से देय होगा। निविदा शुल्क की राशि वापस नही की जायेगी। निविदा/कोटेशन उसी दिन अपराह्न 02:00 बजे नगर पंचायत हरिहरगंज कार्यालय में procurement समिति के समक्ष खोली जायेगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। निविदा संबंधित नियम शर्ते कार्यालय सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है। क्रय हेतु समाग्री निम्नवत हैः–

| Sl No | Basic Equipment & Furniture for HWC | SL No | Basic Equipment & Furniture for HWC |
|---|---|---|---|
| 1. | Desktop computer all in one 20-24 inch- intel core/511th genereation onwards RAM-8 GB, Hard Drive 1 TB or 512 SSD, UPS with inbuilt Antivirus, MS office (01 Pcs) | 27. | Invertor with Battery (1000 VA + 180 AH Battery) |
| 2. | Colour printer with scanner (HP/Canon/Epson) (01 Pcs) | 28. | Fire Extinguisher (01 Pcs) |
| 3. | Office table (size- 5x3) (04 Pcs) | 29. | Ambu Bag |
| 4. | Doctor Chair Revolving (Godrage) (01 Pcs) | 30. | I/V Stand (02 Pcs) |
| 5. | Office chair (04 Pcs) | 31. | Tongue depression (01 Pcs) |
| 6. | Almirah 4 or 5 rack (Branded) (01 Pcs) | 32. | Mouth gag (01 Pcs) |
| 7. | Iron Rack for Medicine (Branded) (02 Pcs) | 33. | Selling fan (Bajaj/Havells/ v- guard) (03 Pcs) |
| 8. | Patient Examination Table (Branded) (01 Pcs) | 34. | Dustbin 50 litre (01 Pcs) |
| 9. | Pulse Oximeter (01 Pcs) | 35. | Colour Coded bin (03 Pcs Red, Yellow, Blue) |
| 10. | Glucometer (01 Pcs) | 36. | Sharp Container |
| 11. | Haemoglobin Meter Digital (01 Pcs) | 37. | Towel (02 Pcs Beg, 05) |
| 12. | Stethoscope | 38. | Suction Machine (01 Pcs) |
| 13. | BP Machine Digital (01 Pcs) | 39. | Foot step (01 Pcs) |
| 14. | Weight Machine Digital (01 Pcs) | 40. | Nebulizer (01 Pcs) |
| 15. | Height Meter | 41. | Torch (02 Pcs) |
| 16. | Thermometer (02 Pcs) | 42. | Phool jhadoo (04 Pcs) |
| 17. | Wall clock (02 Pcs) | 43. | Mop |
| 18. | Door Mat (02 Pcs) | 44. | Sik Jhadoo (04 Pcs) |
| 19. | Lock (Link) (04 Pcs) | 45. | Jhol Jhadan (02 Pcs) |
| 20. | Register Large (02 Pcs) | 46. | A4 Paper (01 Bandel) |
| 21. | Register Medium (02 Pcs) | 47. | Pen Blue, Red (02 Packet) |
| 22. | Bed Side Screen guard with curtain | 48. | Bucket (20-25 LTR) (02 Pcs) |
| 23. | Emergency Durg Tray (04 Pcs) | 49. | Mug (04 Pcs) |
| 24. | Nebulizer Machine | 50. | Bulb 15 WT (10 Pcs) |
| 25. | Patient waiting 3- seater Chair (02 Set) | 51. | Baby Weight Machine Digital |
| 26. | Patient Stool (Steel) (02 Pcs) | | |

**नोटः– उपरोक्त नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट एवं UD&HD के Website पर देखा जा सकता है।**

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हरिहरगंज

PR 377509 (District)26-27*D

# जन-जागरूकता, समन्वित कार्रवाई एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर बल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** पोषण पखवाड़ा के आठवें संस्करण का आयोजन 9 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 तक जिले भर में व्यापक रूप से किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक पोषण संबंधी जागरूकता पहुंचाना, कुपोषण की समस्या को जड़ से समाप्त करना तथा स्वस्थ एवं सशक्त समाज का निर्माण करना है। इसी क्रम में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष पोषण पखवाड़ा का मुख्य थीम "जीवन के पहले छह वर्ष में मस्तिष्क का



विकास" है, जो बच्चों के समग्र विकास की नींव को सुदृढ़ करने पर केंद्रित है। उन्होंने निर्देश दिया कि गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं तथा 0-6 वर्ष तक के बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, देखभाल एवं प्रारंभिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि विभागीय गतिविधि कैलेंडर के अनुसार सभी कार्यक्रमों का समयबद्ध एवं प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्वास्थ्य संस्थानों पर संचालित एएनसी जांच की नियमित एवं शत-प्रतिशत प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि गर्भवती महिलाओं की समय-समय पर स्वास्थ्य जांच एवं पोषण संबंधी परामर्श में कोई शिथिलता न बरती जाए। जीविका के अंतर्गत डीपीएम को निर्देशित किया गया कि जीविका दीदियों के माध्यम से गांव-गांव में पोषण व्यंजन प्रदर्शनी, पोषण रैली तथा घर-घर जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए। विशेष रूप से महिलाओं को परिवार में भोजन के दौरान प्राथमिकता देने एवं संतुलित आहार अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस), जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा) सहित विभिन्न विभागों के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 'सोलर लोन मेला' का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार 15 अप्रैल 2026 को जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र में 'सोलर लोन मेला' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी स्वयं उपस्थित होकर मेले का निरीक्षण किया तथा विभिन्न गतिविधियों का जायजा लिया।

कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी ने मेले में उपस्थित वेंडर्स एवं आम नागरिकों से सोलर लोन से संबंधित फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने लाभुकों से योजना की प्रक्रिया, बैंकिंग सुविधा, तकनीकी सहयोग एवं आवेदन में आ रही समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस मेले में प्रमुख बैंकों की सक्रिय भागीदारी रही, जिनमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन बैंक,



बिहार दक्षिण ग्रामीण बैंक, एक्सिस बैंक, बंधन बैंक सहित अन्य बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैंक अधिकारियों द्वारा मौके पर ही आवेदनों की जांच कर आवश्यक त्रुटियों का सुधार किया गया एवं ऋण स्वीकृति प्रक्रिया को गति दी गई।

जिलाधिकारी ने मेले में लगाए गए तीन किलोवाट के सोलर प्लांट का भी निरीक्षण किया तथा उसके कार्य-प्रणाली, लागत एवं लाभ के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने उपस्थित नागरिकों एवं वेंडर्स से अपील की कि वे सौर ऊर्जा को अपनाकर न केवल अपने बिजली खर्च में कमी लाएं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दें।

# नवादा भाजपा ने सम्राट चौधरी को दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** भारतीय जनता पार्टी नवादा जिला इकाई की ओर से जिला मुख्य प्रवक्ता कुन्दन कुमार प्रभाकर ने सम्राट चौधरी को बिहार के मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी एक कुशल संगठनकर्ता और अनुभवी नेता रहे हैं, जिन्होंने पूर्व में भाजपा विधायक दल के नेता एवं उपमुख्यमंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ किया है। उनके नेतृत्व में बिहार सरकार सुशासन, पारदर्शिता और विकास के नए मानक स्थापित करेगी। श्री प्रभाकर ने विश्वास व्यक्त किया कि नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य में कानून-व्यवस्था मजबूत होगी तथा शिक्षा, रोजगार, बुनियादी ढांचे और किसान कल्याण के क्षेत्र में तेजी से काम होगा। उन्होंने कहा



कि सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और एकात्म मानववाद के सिद्धांतों पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने का कार्य करेगी। उन्होंने विशेष रूप से नवादा जिला एवं गोविन्दपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं का जिक्र करते हुए कहा कि लोगों को मुख्यमंत्री से काफी उम्मीदें हैं, जिन्हें निश्चित रूप से पूरा किया जाएगा।

# नप नवादा में सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों का निर्वाचन शांतिपूर्ण संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नगर विकास एवं आवास विभाग की अधिसूचना तथा बिहार नगरपालिका (संशोधन) अधिनियम-2026 के अनुसार सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों का निर्वाचन निर्वाचित वार्ड पार्षदों द्वारा गुप्त मतदान के माध्यम से बहुमत के आधार पर किया जाना है।नवादा जिला अंतर्गत तीन नगर परिषद् (नगर परिषद्, नवादा; नगर परिषद्, वारिसलीगंज एवं नगर परिषद्, हिसुआ) तथा एक नगर पंचायत (रजौली) में सशक्त स्थायी समिति का गठन किया जाना है। जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार 15 अप्रैल 2026 को नगर परिषद के लिए पांच पार्षद सदस्यों का निर्वाचन डीआरडीए सभागार में शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित



ढंग से संपन्न हुआ। सभी पांचों सदस्यों का निर्वाचन निर्विरोध रूप से किया गया। निर्वाचित सदस्यों का विवरण निम्नलिखित है—

1. वार्ड संख्या 05 के वार्ड पार्षद जय शंकर प्रसाद सशक्त स्थायी समिति के सदस्य संख्या 01 के पद पर निर्वाचित हुए।
2. वार्ड संख्या 12 की वार्ड पार्षद सुनील देवी सशक्त स्थायी समिति के सदस्य संख्या 02 के पद पर निर्वाचित हुईं।
3. वार्ड संख्या 22 की वार्ड पार्षद दिपा कुमारी सशक्त स्थायी समिति के सदस्य संख्या 03 के पद पर निर्वाचित हुईं।
4. वार्ड संख्या 28 के वार्ड पार्षद गोपाल कुमार सशक्त स्थायी समिति के सदस्य संख्या 04 के पद पर निर्वाचित हुए।
5. वार्ड संख्या 40 की वार्ड पार्षद तहजिबा खातून सशक्त स्थायी समिति के सदस्य संख्या 5 के पद पर निर्वाचित हुईं।

आगामी कार्यक्रम के तहत नगर परिषद्, हिसुआ में तीन पार्षद सदस्यों का निर्वाचन 16 अप्रैल 2026 को, नगर परिषद्, वारिसलीगंज में तीन पार्षद सदस्यों का निर्वाचन 17 अप्रैल 2026 को तथा नगर पंचायत, रजौली में तीन पार्षद सदस्यों का निर्वाचन दिनांक 18 अप्रैल 2026 को संपन्न कराया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित निकायों में निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित की गई हैं।

# श्राद्धकर्म में शामिल हुए पूर्व मंत्री व सांसद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** शहर के मोगलकुआं इलाके में बुधवार को आयोजित श्राद्धकर्म में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह नालंदा विधानसभा के वर्तमान विधायक श्रवण कुमार एवं सांसद कौशलेंद्र कुमार शामिल हुए। दोनों जनप्रतिनिधियों ने वरिष्ठ पत्रकार ऋषिकेश कुमार के पिता स्वर्गीय रामनरेश प्रसाद के श्राद्धकर्म में भाग लेकर शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। इस दौरान पूर्व मंत्री एवं सांसद ने दिवंगत रामनरेश प्रसाद के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उनके आगमन से परिजनों को संबल मिला, वहीं स्थानीय लोगों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। पूरे



कार्यक्रम के दौरान माहौल गमगीन बना रहा और उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। पूर्व मंत्री श्रवण कुमार ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय रामनरेश प्रसाद सरल, मिलनसार एवं समाज के प्रति समर्पित व्यक्ति थे। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है।

# डाक विभाग का नालंदा मंडल 3.5 लाख खाता खोल बिहार में हुआ अव्वल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बुधवार को डाक निदेशक बिहार सर्किल पवन कुमार बिहारशरीफ मंडल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मंडल का निरीक्षण किया। नालंदा मंडल द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में पूरे राज्य में सर्वाधिक 3.5 लाख खाते खोलकर अपना परचम लहराया। इस उपलब्धि पर केक काटकर उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर डाक निदेशक ने अपने शब्दों में नालंदा मंडल के उत्कृष्ट कार्य, टीम भावना एवं समर्पण की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर डाक अधीक्षक, नालंदा कुंदन कुमार ने कहा कि यह दिन-रात की मेहनत का नतीजा है एवं सभी के सहयोग से ही यह संभव हो पाया है। उन्होंने सभी



कर्मियों का आभार व्यक्त किया।

इस शानदार उपलब्धि के लिए सभी डाक कर्मियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सर्किल कार्यालय के डाक निरीक्षक सहित नालंदा मंडल के डाक निरीक्षक (पूर्वी) रंजीत कुमार रजक, डाक निरीक्षक (उत्तरी) विकास राय, डाक निरीक्षक (पश्चिमी) इन्द्रेश विक्रांत, परिवाद निरीक्षक अभिषेक कुमार, पोस्टमास्टर बिहारशरीफ मनीष कुमार आनंद, डिप्टी पोस्टमास्टर अमलेश कुमार, मिथलेश कुमार, संजय कुमार सहित नालंदा मंडल के सभी डाक कर्मी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### रोजगार कैम्प का आयोजन 18 अप्रैल को

**नवादा।** जिला नियोजन पदाधिकारी सुनील कुमार सुमन ने बताया कि युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा 18 अप्रैल 2026 को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई.टी.आई.), नवादा के प्रांगण में आनंद ग्रुप, हरियाणा द्वारा मशीन ऑपरेटर के 50 रिक्त पद अधिसूचित किए गए हैं। जिसके लिए योग्यता आई.टी.आई./डिप्लोमा निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 22,000 (सी.टी.सी.) के साथ आवास एवं भोजन की सुविधा प्रदान की जाएगी। आयु सीमा 18 से 25 वर्ष निर्धारित है तथा कार्य स्थल पैन इंडिया रहेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ चयन हेतु कैम्प स्थल संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई.टी.आई.), नवादा के प्रांगण में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

### विद्युत स्पर्शाघात से मजदूर घायल

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के लालपुर गांव में विद्युत स्पर्शाघात की घटना में एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान कौआकोल थाना क्षेत्र के अरविन्द कुमार (40 वर्ष),पिता-सत्यनारायण मालाकार के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लालपुर स्थित सामुदायिक भवन में निर्माण कार्य चल रहा था, जहां अरविन्द कुमार मजदूर के रूप में कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक पास से प्रवाहित 11 हजार वोल्ट के बिजली तार की चपेट में आ जाने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें तुरंत इलाज के लिए कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार घायल की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### 19 को नवादा आएंगे जन सुराज के प्रदेश अध्यक्ष

**नवादा।** संगठनात्मक चुनाव के क्रम में जन सुराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार भारती 15 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मगध, नालंदा और शाहाबाद के विभिन्न जिलों का दौरा करेंगे। इस दौरान जिले के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में पार्टी कार्यालय में जिला संगठन के विभिन्न पदों पर मनोनीत सदस्यों की घोषणा की जाएगी। इनके कार्यक्रम को लेकर संबंधित जिलों को सूचना भेज दी गई है। प्रदेश कार्यालय से प्राप्त जानकारी के आधार पर, पार्टी के नालंदा क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष 19 अप्रैल को नवादा और नालंदा तथा 20 अप्रैल को शेखपुरा और लखीसराय में मौजूद रहेंगे। इन्हीं दिनों जन सुराज पार्टी के जिला पदाधिकारी की विधिवत घोषणा की जाएगी।

### संगठन विस्तार को लेकर बैठक

**नवादा।** बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ नवादा की कोर कमिटी की बैठक पूर्व जिला सचिव दिवंगत आलोक कुमार के आवास गढ़पर नारदीगंज रोड नवादा में हुआ संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिनेश नाथ पासवान के द्वारा किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य सभी प्रखंडों में संगठन का विस्तार करना, सदस्यता अभियान चलाकर सदस्यों को जोड़ना आदि। बैठक में उपस्थित विनोद कुमार (जिला उपाध्यक्ष) के द्वारा जिला अध्यक्ष और जिला सचिव को डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को सप्रेम भेंट किया गया इसके लिए विनोद कुमार को तहे दिल से संघ की ओर से बधाई दी गई। बैठक में उपस्थित अजय कुमार (जिला सचिव), सुरेश प्रसाद सिंह (जिला कार्यालय सचिव), आलोक कुमार (वरीय उपाध्यक्ष), वीरेंद्र वीर (जिला संयुक्त सचिव), मिन्हाज अंसारी (जिला कोषाध्यक्ष), मिथिलेश कुमार (प्रखंड अध्यक्ष रोह), राजेश कुमार (प्रखंड अध्यक्ष गोविंदपुर), सुबोध कुमार (प्रखंड सचिव अकबरपुर), रमन राय, मथुरा रविदास, डॉ योगेंद्र पासवान आदि सभी पदाधिकारीगण मौजूद थे।

### सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं ने निकाला शोभा जुलूस

**नवादा।** बिहार में सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर नवादा जिला भाजपा द्वारा हर्षोल्लास के साथ भव्य शोभा जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर ढोल-नगाड़ों की गूंज, कार्यकर्ताओं का उत्साह और जनसमूह की उमंग देखते ही बन रही थी। यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष अनिल मेहता के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। शोभा जुलूस के दौरान लोग नाचते-गाते हुए गगनभेदी नारों के साथ अपनी खुशी का इजहार करते रहे। इसके उपरांत नवादा के प्रजातंत्र चौक पर सभी कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित जनसमूह ने एक-दूसरे को अबीर लगाकर, आतिशबाजी कर एवं मिठाइयां खिलाकर इस ऐतिहासिक क्षण का उत्सव मनाया। पूरा वातावरण उत्सवमय और आनंदमय बना रहा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अनिल मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि सम्राट चौधरी जी का मुख्यमंत्री बनना बिहार के विकास के लिए एक नया अध्याय साबित होगा। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए नीतीश कुमार, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व को धन्यवाद ज्ञापित किया।


बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(जनगणना कोषांग)

भारत की जनगणना-2027
जनगणना से जन कल्याण
स्व–गणना 17.04.2026 से 01.05.2026 के बीच सभी को करना है।
विकास एवं प्रगति बता रहे हैं स्व–गणना की प्रक्रिया



भाग 1: प्रवेश और प्रारंभिक पंजीकरण
1. पोर्टल एक्सेस और लॉगिन — https://se.census.gov.in पर जाएं, राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में बिहार चुनें और कैप्चा दर्ज करें।
2. परिवार पंजीकरण — परिवार के मुखिया का नाम, 10 अंकों का मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी (वैकल्पिक) दर्ज करें।
परिवार के मुखिया का नाम बाद में बदला नहीं जा सकता।
एक परिवार के लिए केवल एक मोबाइल नंबर का उपयोग किया जा सकता है; एक बार पंजीकरण होने के बाद वही नंबर किसी अन्य परिवार के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता।

भाग 2: सत्यापन और स्थान पहचान
3. भाषा और OTP सत्यापन — अपनी पसंदीदा भाषा चुनें और पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त OTP दर्ज करें।
चुनी गई भाषा बाद में बदली नहीं जा सकती।
4. स्थान विवरण दें — जिला चुनें और पिन कोड, गांव/शहर/क्षेत्र की जानकारी दर्ज करें।
5. मानचित्र पर अपने घर का स्थान चिन्हित करें — मानचित्र पर लाल मार्कर को खींचकर अपने घर की सही लोकेशन चिन्हित करें और पुष्टि करें।

भाग 3:डेटा प्रविष्टि और अंतिम सबमिशन
6. प्रश्नावली पूरी करें — टूलटिप्स, FAQs और "आवश्यक जानकारी" नोट्स की मदद से मकान सूचीकरण और आवास जनगणना प्रश्नावली भरें।
7. पूर्वावलोकन और समीक्षा — प्रिव्यू स्क्रीन पर सभी भरी गई जानकारी जांचें, आप जानकारी संपादित कर सकते हैं, ड्राफ्ट सेव कर सकते हैं या अंतिम रूप से जमा कर सकते हैं।
8. अंतिम सबमिशन — "Final Submit" पर क्लिक करके अपनी जानकारी लॉक करें; अंतिम सबमिशन के बाद कोई बदलाव नहीं किया जा सकता।
SE ID का निर्माण सबमिट करने पर 11 अंकों की एक यूनिक SE ID ("H" से शुरू) बनती है, जो SMS और ईमेल (यदि दिया गया हो) के माध्यम से भेजी जाती है।

भाग 4: मकान गणना में सत्यापन
9. गणनाकर्मी का दौरा — 02 मई 2026 से 31 मई 2026 के बीच गणनाकर्मी आपके घर आएं, तो उन्हें अपनी SE ID दिखाएं।
SE ID का निर्माण सबमिट करने पर 11 अंकों की एक यूनिक SE ID ("H" से शुरू) बनती है, जो SMS और ईमेल (यदि दिया गया हो) के माध्यम से भेजी जाती है।


विकास


प्रगति

सरकार के प्रधान सचिव
सह
राज्य नोडल पदाधिकारी
(जनगणना)

नोट: 1. संगणक (Enumerators) विकास और प्रगति घर-घर जाएंगे और स्व- गणना में लिए गए आंकड़ों का सत्यापन करेंगे।
2. विकास और प्रगति को दी गई जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

PR. No. 001058 (Revenue) 2026-27

शिकायत एवं सुझाव के लिए लिए जन शिकायत पोर्टल पर जायें।
https://biharbhumiplus.bihar.gov.in/pg/
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार द्वारा जनहित में जारी।
Follow Us #BiharRevenueAndLandReformsDept

# एनडीए सरकार गठन पर भाजपा का जश्न, सम्राट चौधरी के नेतृत्व पर जताया भरोसा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भारतीय जनता पार्टी, गया जिला द्वारा भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के गठन के उपलक्ष्य में गया टावर चौक पर भव्य जश्न का आयोजन किया गया। इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। पूरा क्षेत्र उत्साह, उल्लास और संगठनात्मक ऊर्जा से सराबोर दिखा जहां बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बिहार में भारतीय जनता पार्टी के पहले मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी के चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। साथ ही बिहार की जनता को इस अवसर पर शुभकामनाएं दी गईं। वक्ताओं ने विश्वास जताया कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में भाजपा और एनडीए सरकार जनसमस्याओं के समाधान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी और राज्य के सर्वांगीण विकास को नई गति देगी। उन्होंने कहा कि सरकार 'नीतीश मॉडल' को प्रभावी रूप से लागू करते हुए विकास के नए आयाम स्थापित करेगी और बिहार को प्रगति के उच्च शिखरों तक पहुंचाएगी। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष विजय मांझी, जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार, सुधांशु कुमार मिश्रा, महामंत्री विनोद सिंह, अशोक कुमार, पप्पू चंद्रवंशी, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजनंदन प्रसाद गांधी, मंडल अध्यक्ष धनंजय कुमार धीरू, मनीष कुमार सोनू, हरि यादव, राजेश मस्तान, गुंजन मिश्रा, सूरज राणा, किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभू यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष रौनक सेठ, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष कृष्णा साहू, जितेंद्र कुमार, मोहन शर्मा, गौतम गोस्वामी, टिंकू गोस्वामी, गाजो बाबा, महेंद्र प्रसाद, दीनानाथ चंद्रवंशी, गोपाल चंद्रवंशी, गौतम कुमार और सुधीर कुमार सिन्हा सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दो नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने अपराध नियंत्रण और कांडों के त्वरित निष्पादन की दिशा में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने कांड संख्या 71/26 के दो नामजद अभियुक्तों को बुधवार को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपित रंजन कुमार, पिता- राजकुमार दास, गुड्डू उर्फ कारू दास, पिता-सोहराय दास दोनों अभियुक्त ग्राम रौनिया, थाना-खिजरसराय, जिला गया के रहने वाले हैं। खिजरसराय थानाध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने बताया कि गुप्त सूचना और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बुधवार को दोनों गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर ली है और अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजने हेतु आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## गया केंद्रीय कारा का नामकरण शहीद बैकुंठ शुक्ल केंद्रीय कारा कराने को लेकर किया जाएगा अनशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गयाजी।** गया केंद्रीय कारा का नामकरण महान स्वतंत्रता सेनानी क्रांति वीर योद्धा शहीद बैकुंठ शुक्ल के नाम पर करवाने हेतु वर्षों से की जा रही मांग को बिहार सरकार द्वारा अभी तक अनसुनी करने के खिलाफ गया जिला के सभी राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, छात्र-नौजवानों के आह्वान पर शहीद बैकुंठ शुक्ल विचार मंच के बैनर तले 10 मई 2026 से केंद्रीय कारा के उत्तरी गेट पर शांतिपूर्ण अनशन देने का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शहीद बैकुंठ शुक्ल विचार मंच से जुड़े कांग्रेस नेता विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, रंजीत कुमार, पूर्व वार्ड पार्षद लालजी प्रसाद, वार्ड पार्षद गजेंद्र सिंह, विपिन बिहारी सिन्हा, सुधीर कुमार, राधे कांत शर्मा, टिंकू गिरी आदि ने कहा कि गया, मगध एवं बिहार के लोगों के लगातार मांग के बाद भी महान क्रांति वीर बैकुंठ शुक्ल जिन्होंने शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के फांसी की सजा में मुखबिरी एवं इकबालिया गवाह देने वाला बेतिया निवासी फनीनद्र नाथ घोष को मौत की नींद सुलाने के जुल्म में उन्हें ब्रिटिश हुकूमत ने 14 मई 1934 को गया केंद्रीय कारा में फांसी की सजा देने का काम किया था। नेताओं ने कहा कि बिहार के मुजफ्फरपुर केंद्रीय कारा में खुदी राम बोस को फांसी की सजा होने के कारण उसका नाम शहीद खुदी राम बोस केंद्रीय कारा है तो भागलपुर केंद्रीय कारा में जुबा सहनी को फांसी की सजा होने के कारण इसका नाम शहीद जुबा सहनी केंद्रीय कारा है, परंतु गया केंद्रीय कारा में बैकुंठ शुक्ल की फांसी की सजा मिलने के 92 वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक गया केंद्रीय कारा का नामकरण शहीद बैकुंठ शुक्ल केंद्रीय कारा नहीं हुआ है जिससे राज्य की जनमानस में काफी आक्रोश है।

## स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र में ताला काट चोरी, अनाज व टीवी ले गए चोर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बिरनावां एवं आंगनवाड़ी केंद्र (कोड संख्या-41) में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना में विद्यालय से अनाज और आंगनवाड़ी केंद्र से इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी कर लिए गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विद्यालय और आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राथमिक विद्यालय बिरनावां के प्रभारी प्रधानाध्यापक शैलेश कुमार ने आंती थाना में लिखित सूचना दी जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि विद्यालय परिसर में संचालित आंगनवाड़ी केंद्र को भी चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने विद्यालय से करीब 30 किलो चावल चोरी कर लिया, वहीं आंगनवाड़ी केंद्र से एक टीवी और वितरण के लिए रखा गया अनाज भी साथ ले गए। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि प्रधानाध्यापक द्वारा चोरी की सूचना दी गई है। मामले की छानबीन की जा रही है और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

## सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री पद की शपथ पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह, मिठाई बांट मनाया जश्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार में पहली बार सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं में हर्ष और उत्साह का माहौल देखा गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर भाजपा नेताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया तथा नए मुख्यमंत्री को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि यह बिहार के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी एक अनुभवी, कर्मठ और जनहित के प्रति समर्पित नेता हैं जिनके नेतृत्व में राज्य विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित करेगा। डॉ. मिश्रा ने आगे कहा कि भाजपा हमेशा से ही गरीब, किसान, मजदूर, युवाओं और समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार में विकास की गति और तेज होगी तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्र सरकार के सहयोग से बिहार निश्चित रूप से प्रगति के नए शिखर को प्राप्त करेगा। डॉ. मिश्रा ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए यह गर्व का विषय है कि एक समर्पित नेता को राज्य की बागडोर संभालने का अवसर मिला है। यह केवल पार्टी के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे बिहार के लिए नई उम्मीद और नई दिशा का प्रतीक है। इस अवसर पर उपस्थित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सम्राट चौधरी के उज्ज्वल नेतृत्व की कामना करते हुए बिहार के समग्र विकास और जनता की सेवा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भाजपा नेता राणा रंजीत सिंह, विजय प्रसाद उर्फ काला नाग, संतोष ठाकुर, गोपाल प्रसाद यादव, दीपक पांडेय, कमल बारीक, राजीव कुमार सिन्हा, सुनील रविदास, दारा रविदास, प्रदीप कुमार, शेखर कुमार, महेश यादव, बबलू गुप्ता, अनिल बुलाकी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी साझा की।

## मगध विश्वविद्यालय में पीएचडी एडमिशन टेस्ट, 25 अप्रैल तक छात्र कर सकते हैं आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** बोधगया मगध विश्वविद्यालय ने पीएचडी एडमिशन टेस्ट पैट को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक परीक्षा का आयोजन जून 2026 तक संभावित है। ऐसे में योग्य अभ्यर्थियों को अब आवेदन की तैयारी तेज करनी होगी। परीक्षा विभाग की ओर से जारी सूचना के अनुसार ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 16 अप्रैल से शुरू होगी। अभ्यर्थी 25 अप्रैल तक फॉर्म भर सकेंगे। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। इसके लिए विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन करना होगा। फीस को लेकर भी निर्देश जारी किए गए हैं। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 1500 रुपए परीक्षा शुल्क निर्धारित किया गया है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को 1000 रुपए शुल्क देना होगा। फीस भी ऑनलाइन ही जमा करनी होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि सभी अभ्यर्थी निर्धारित तिथि के अंदर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें। अंतिम समय में सर्वर की समस्या या अन्य तकनीकी कारणों से परेशानी हो सकती है। इसलिए समय रहते फॉर्म भरना ही बेहतर होगा। विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा तिथि और एडमिट कार्ड को लेकर अलग से सूचना जारी की जाएगी। इस बार बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। लंबे समय से पैट का इंतजार कर रहे छात्रों के लिए यह अहम मौका माना जा रहा है। कुलपति के आदेश पर परीक्षा नियंत्रक ने अधिसूचना जारी की है और संबंधित पदाधिकारियों को भी इसकी जानकारी दे दी गई है।

## 1.25 लाख का चोरी का सामान जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गया जंक्शन पर चल रहे 'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा' के तहत आरपीएफ ने दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई महिलाओं के पास से 1.25 लाख रुपए का चोरी का सामान बरामद किया गया है। दोनों आरोपी महिलाओं को जीआरपी के हवाले कर दिया गया है। जीआरपी अब उन महिलाओं से पूछताछ करने में जुटी है।

## सतुआनी का पर्व भक्ति और उत्साह के साथ मना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** जिले में सतुआनी का पर्व पूरे भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भक्तों द्वारा सोन और पुनपुन नदी में स्नान कर पूजा अर्चना की गयी और सत्तू और गुड़ का दान कर प्रसाद ग्रहण किया गया। इस अवसर पर जिले के अनेक मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही।

## धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब की 135वीं जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र के पलांकी, कोंच एवं बीजहरा गांव में मंगलवार रात भारत रत्न, संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर भव्य सभाओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पलांकी गांव में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता नंद किशोर राम ने की। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके बाद केक काटकर जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आंती पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब ने समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। उनका बनाया संविधान आज देश को एकता, समानता और न्याय के मार्ग पर आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने युवाओं से बाबा साहब के विचारों को अपनाने और शिक्षा को जीवन का मूल मंत्र बनाने की अपील की। कोंच में समाजसेविका पूजा भारती के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां उपस्थित लोगों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं, बीजहरा गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बाबा साहब के जीवन और विचारों को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी रही और पूरे क्षेत्र में जयंती को लेकर उत्साह का माहौल देखा गया।

## खिजरसराय में नल-जल योजना ठप, ग्रामीणों ने डीएम से लगाई गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** प्रखंड के कुड़वा पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 12 में लगे नल जल योजना पूरी तरह ठप हो गई है। पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण पिछले कई दिनों से जलापूर्ति बाधित है जिससे भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पानी के लिए काफी मशक्कत करना पड़ रहा है। समस्या को लेकर वार्ड सदस्य सिन्धु मुनि कुमार ने जिलाधिकारी, गया को लिखित आवेदन सौंपकर शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि कई जगहों पर पाइपलाइन फट चुकी है जिससे पानी सड़कों पर बह रहा है, लेकिन घरों तक नहीं पहुंच पा रहा है। साथ ही करीब 30 घर अब तक नल-जल कनेक्शन से वंचित हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद अब तक कोई अधिकारी या कर्मचारी देखने तक नहीं आया। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस संबंध में शिकायत की प्रतिलिपि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, खिजरसराय को भी भेजी गई है। अब देखना होगा कि जिला प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कितनी तेजी से कार्रवाई करता है।

## दो वाहनों की टक्कर में चालक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** पंचानपुर गया मुख्य पथ पर दो वाहनों की आमने सामने टक्कर में वाहन चालक की मौत हो गई। घटना बुधवार को सीयूएसबी मुख्य द्वार के समीप घटित हुई। मृतक की पहचान औरंगाबाद जिला के ओबरा थाना क्षेत्र के रामपुर ग्राम के रहने वाले उपेंद्र शर्मा के 36 वर्षीय पुत्र विकास कुमार के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार वैगन आर वाहन गया की ओर जा रही थी जिसका सीधा टक्कर में सामने से आ रही पिकअप से हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन सड़क किनारे पलट गये। टक्कर में दोनों वाहन के परखच्चे उड़ गये। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने वैगन आर के चालक सीट पर गंभीर रूप से घायल विकास को बाहर निकाल मगध मेडिकल भेजा गया जहां विकास की मौत इलाज के क्रम में हो गई। वहीं वाहन सवार अन्य लोग व पिकअप चालक आंशिक रूप से घायल हुए जिनका इलाज स्थानीय निजी क्लिनिक में कराया गया। पुलिस ने विकास कुमार के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल भेजा गया। मामले को लेकर पंचानपुर एसएचओ पद्माकर उपाध्याय ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया। शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया गया है। लिखित शिकायत की मांग की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गयाजी में लगा कचरे का ढेर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई है। निकाय कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल बुधवार को दूसरे दिन से असर दिखाने लगी है। हालात ये हैं कि करीब 800 टन कचरा सड़क और गली-मोहल्लों में फैल चुका है। हर वार्ड में कूड़े कचरे का अंबार दिखने लगा है। कूड़े की बदबू और उस पर लावारिस पशुओं के भ्रमण से लोग परेशान हैं। इसके बाद कर्मचारियों ने साफ कर दिया कि अब बिना मांग माने काम पर लौटना संभव नहीं है। मंगलवार से काम ठप होने का असर बुधवार को साफ दिखा। शहर के कई इलाकों स्टेशन रोड, कोयरीबाड़ी मोड़, मुख्य बाजार और रिहायशी मोहल्लों में कचरे के ढेर जमा हैं। झाड़ू तक नहीं लगी। कचरा उठाव पूरी तरह से बंद है जबकि मुख्य मार्ग पर दो शिफ्ट में साफ सफाई ओ कचड़े का उठान होता था। हालांकि राहत की बात यह है कि फिलहाल पानी सप्लाई जारी है। इस पर निकाय कर्मियों का रुख फिलहाल सकारात्मक है, लेकिन निगम सूत्रों का कहना है कि अगर हड़ताल लंबी चली तो शहर की पूरी व्यवस्था चरमरा सकती है। हड़ताल से पहले गतिरोध तोड़ने की कोशिश हुई थी। सोमवार देर शाम नगर आयुक्त अभिषेक पलासिया और यूनियन नेताओं के बीच बैठक हुई थी। इसके बाद मंगलवार सुबह उपनगर आयुक्त शशिकांत और स्वच्छता पदाधिकारी चंदन कुमार की मौजूदगी में निगम स्टोर, स्टेशन रोड में फिर बातचीत हुई थी।


### कार्यालय, अनुमण्डल पदाधिकारी, औरंगाबाद

बिहार सरकार

प्रपत्र–1
देखिये नियम 12(1),
सूचना

**नगर पंचायत, नबीनगर के वार्ड संख्या 12 की मतदाता सूची**

एतद् द्वारा उपरोक्त वार्ड का प्रारूप मतदाता सूची का सर्व साधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है। इस सूची में नाम दर्ज करने के लिए सभी दावा प्रपत्र–2 में, किसी प्रविष्टि से संबंधित विशिष्टियों पर आक्षेप प्रपत्र– 2(A) तथा मतदाता सूची में दर्ज नाम के विरूद्ध आपत्ति प्रपत्र–3 में दिनांक 28.04.2026 तक दायर की जा सकेगी।

रिवाईजिंग अथॉरिटी जिनके समक्ष ऐसे दावे एवं आपत्तियाँ दायर की जा सकती है, वह इस प्रकार है :–

| वार्ड संख्या | रिवाईजिंग पदाधिकारी का नाम | नागरिकों / मतदाताओं के मिलने का स्थान एवं समय (प्रतिदिन) | प्रारूप मतदाता सूची को निम्नांकित स्थानों पर सर्वसाधारण के निरीक्षण हेतु प्रकाशित किया जाता है। |
|---|---|---|---|
| 12 | श्री अरूण कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी, नबीनगर | प्रखंड कार्यालय नबीनगर का सभा कक्ष पूर्वा० 10:00 बजे से अप० 05:00 बजे तक | (1) जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) का कार्यालय (2) अनुमंडल कार्यालय, औरंगाबाद सदर (3) नगर पंचायत, नबीनगर (4) अंचल कार्यालय, नबीनगर (5) प्रखंड कार्यालय, नबीनगर |

दावे एवं आपत्तियाँ रिवाईजिंग अथॉरिटी को संबोधित किये जायेंगे तथा या तो इस सूचना में विनिर्दिश्ट रिवाईजिंग अथॉरिटी के समक्ष उपस्थापित किये जायेंगे या डाक द्वारा इस प्रकार भेजे जायेंगे ताकि उन्हें दिनांक 28.04.2026 तक प्राप्त हो सके।

स्थान : औरंगाबाद
दिनांक : 15.04.2026

निबंधन पदाधिकारी–सह–
अनुमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद

PR- 001149 ( Election ) 2026-27

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**



### जल संसाधन विभाग

बिहार सरकार

मुख्य अभियंता का कार्यालय
सिंचाई सृजन,
जल संसाधन विभाग, औरंगाबाद
Email:- ceaurangabad11@gmail.com

**अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रण सूचना संख्या –01 / 2026–27**

पत्रांक:– 747

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, औरंगाबाद परिक्षेत्राधीन सोन उच्च स्तरीय नहर प्रमंडल, औरंगाबाद / सोन उच्च स्तरीय नहर प्रमंडल, टेकारी / सिंचाई प्रमंडल, दाउदनगर / सोन नहर प्रमंडल, खगौल / उतर कोयल नहर प्रमंडल, औरंगाबाद / उतर कोयल नहर प्रमंडल, नवीनगर / उतर कोयल नहर प्रमंडल, अम्बा / बटाने शीर्ष कार्य प्रमंडल, अम्बा / उतर कोयल बॉध एवं बराज प्रमंडल, मोहम्मदगंज / पुनपुन बराज प्रमंडल–1, गोह एवं पुनपुन बराज प्रमंडल–2, गोह के क्षेत्राधीन नहर सम्पोषण कार्य / आकस्मिक कार्य / विभिन्न प्रकार के सामग्रियों की आपूर्ति कार्य / विभिन्न प्रकार के मशीनों की आपूर्ति कार्य इत्यादि हेतु वित्तीय वर्ष–2026–27 के लिए राज्य सरकार के वर्त्तमान अनुसूचित दर (संवेदक लाभ एवं ओवरहेड रहित) पर अथवा अधीक्षण अभियंता, सोन उच्च स्तरीय नहर अंचल, औरंगाबाद एवं उत्तर कोयल नहर अंचल, औरंगाबाद द्वारा स्वीकृत दर पर निर्माण सामग्रियों / श्रमिकों / मशीनरी इत्यादि के आपूर्ति / सेवा हेतु कोटेशनदाताओं / आपूर्तिकर्त्ताओं / सेवा प्रदाताओं से निम्नांकित शर्तों पर इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित किया जाता है।

1. इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) का आमंत्रण दिनांक–04 मई 2026 से दिनांक–08 मई 2026 के अपराह्न 3.00 बजे तक इस कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा एवं दिनांक– 08 मई 2026 को 3.30 बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं / आपूर्तिकर्ताओं / सेवा प्रदताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, औरंगाबाद के कार्यालय में खोला जाएगा। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।
2. कोटेशनदाताओं / आपूर्तिकर्त्ताओं / सेवा प्रदाताओं का जल संसाधन विभाग में किसी भी श्रेणी या संबंधित जिला में चतुर्थ वर्गीय श्रेणी में निबंधन अनिवार्य होगा।

अधिक जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सर्म्पक किया जा सकता है।

(ई0 अर्जुन प्रसाद सिंह)
मुख्य अभियंता
सिंचाई सृजन,
जल संसाधन विभाग, औरंगाबाद
मोबाईल नम्बर:–7463889714

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 001014 (WRD) 2026-27

**नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।**



### कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू।
(सामाजिक सुरक्षा कोशांग)
(कार्यालय:- बाल संरक्षण इकाई, पलामू)
Email ID – dcpspalamu2024@gmail.com

**सूचना**
**विज्ञापन संख्या – 01 / 2026**

सरकार के सचिव, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड, राँची के अधिसूचना संख्या–526 / SP-POCSO/JSCPS/2023–24–2685, राँची / दिनांक–24.10.2024, एवं अधिसूचना संख्या–526/SP-POCSO/ JSCPS/ 2023–24–124, राँची / दिनांक–15.01.2026 के आलोक में उपायुक्त, पलामू ज्ञापांक–59 / जि0बा0सं0 / दिनांक 08.04.2026 के अन्तर्गत लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (POCSO) एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण नियमावली 2020 के तहत बच्चों का मनोवैज्ञानिक एवं आवश्यक सहयोग हेतु सहायक व्यक्ति (Support Person) का पैनल निर्माण हेतु इच्छुक, अनुभवी एवं योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन दिनांक– 08.04.2026 से 25.04.2026 के संध्या 05:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है।

विस्तृत प्रपत्र, नियम एवं शर्तों की जानकारी www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

सहायक निदेशक,
सामाजिक सुरक्षा कोषांग, पलामू।

PR.NO.377555 District(26-27):D



### कार्यालय जिला परिषद, पलामू
E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com

**सैरात बन्दोबस्ती हेतु आम सूचना (4th Call)**

दिनांक 13.09.2025 को सम्पन्न जिला परिषद पलामू की बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में जिला परिषद, पलामू के नियंत्रणाधीन बहुद्देशीय भवन, डाक बंगला एवं बस पड़ाव की तीन वर्षो के लिए खुली डाक के माध्यम से बंदोबस्ती हेतु पलामू जिला के स्थानीय निवासीयों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र0 | सैरात का नाम | प्रखण्ड | मासिक किराया दर (रूपये में) | तीन वर्षो के लिए डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि 25% | डाक की तिथि समय व स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नया डांक बंगला भवन,नावाखास | पाटन | 6000.00 | 216000.00 | 54000.00 | Date- 23-04-2026 Time- 11:30 AM स्थान– उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू का कार्यालय प्रकोष्ट |
| 2 | पुराना बहुद्देशीय भवन,सेमरी | पाटन | 3000.00 | 108000.00 | 27000.00 | |
| 3 | बहुद्देशीय भवन, किशुनपुर | पाटन | 4000.00 | 144000.00 | 36000.00 | |
| 4 | बस पड़ाव, मोहम्मदगंज | मोहम्मदगंज | 7500.00 | 270000.00 | 67500.00 | |
| 5 | बहुद्देशीय भवन, बिश्रामपुर | बिश्रामपुर | 5000.00 | 180000.00 | 45000.00 | |
| 6 | नया डाक बंगला भवन, मनातु | मनातु | 6000.00 | 216000.00 | 54000.00 | |
| 7 | नया डाक बंगला, पण्डवा | पण्डवा | 8000.00 | 288000.00 | 72000.00 | |

उपरोक्त सैरात के बंदोबस्ती हेतु खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 22.04.2026 तक कॉलम संख्या–6 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट / चेक / कैश द्वारा जो **सचिव, जिला परिषद, पलामू (Secretary, Zila Parishad, Palamu)** के पदनाम से भुगतेय होगा कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। अग्रधन राशि के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। सैरात की बंदोबस्ती की अवधि तीन वर्षो की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् तत्काल सम्पूर्ण डाक राशि का 50% राशि जमा करना अनिवार्य होगा।

उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू को बिना कारण बताये डाक स्थगित करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा। किसी भी प्रकार के वाद–विवाद का निपटारा स्थानीय न्यायालय में किया जायेगा।

ह0 / –
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू।

PR.NO.377551 District(26-27):D

संपादकीय

## पश्चिम एशिया : हालात और बिगड़े

इस्लामाबाद में ईरान अमेरिका वार्ता असफल रहने के बाद पश्चिम एशिया के हालात और गंभीर हो गए हैं। जहां अब अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी कर दी है, वहीं कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आ गया है। इसका वैश्विक व्यापार पर विपरीत असर पड़ने लगा है। पाकिस्तान को मध्यस्थ बनाकर अमेरिका ने ईरान से सीधी बातचीत की जो पहल की थी, उसके सफल होने की संभावना यूं तो वैसे भी कम ही थी, क्योंकि इस वार्ता में युद्ध का तीसरा पक्ष इजराइल शामिल नहीं था। ऐसे में दोनो देशों के बीच 21 घंटे तक चली बातचीत के बाद भी मुख्यब मुद्दों पर सहमति न बन पाने के कारण वार्ता बेनतीजा रही। हालांकि दोनों पक्ष इसके लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। कहने को दोनों देशों के बीच युद्ध विराम लागू है, लेकिन कब फिर से जंग भड़क जाए, कहा नहीं जा सकता। क्योंकि ताजा हालात में ईरान के बाद अब अमेरिका के होर्मुज स्ट्रेट की नाकाबंदी कर दी है। कहा यही जा रहा है कि अमेरिका को शक है कि कुछ देशों के जहाज चीनी मुद्रा युआन में टोल देकर होर्मुज स्ट्रेट से निकले हैं। अमेरिका ऐसे देशों को सख्ती से रोकेगा और बगैर उसकी इजाजत किसी देश का जहाज वहां से नहीं गुजर पाएगा। अमेरिका का कहना है कि जो कोई भी जहाज होर्मुज़ स्ट्रेट में गैरक़ानूनी टोल देगा, उसे खुले समुद्र में सुरक्षित रास्ता नहीं मिलेगा। साथ ही अमेरिका अपने सहयोगी देशों के जहाज़ों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए होर्मुज़ स्ट्रेट से बारूदी सुरंगों को हटाना जारी रखेगा। कहा यह भी जा रहा है कि 'अमेरिकी सेना सही समय पर ईरान के खिलाफ़ हमले फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। इससे दुनिया भर में ऊर्जा संकट और गहराने लगा है। यह तय करना कठिन है कि किस देश के जहाज ने टोल दिया और किसने नहीं दिया। समूचा घटनाक्रम जिस दिशा में जा रहा है, उससे हालात सुधरने की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। रविवार को अमेरिकी क्रूड ऑयल की कीमत आठ प्रतिशत बढ़कर 104.24 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत सात प्रतिशत बढ़कर 102.29 डॉलर प्रति बैरल हो गई। यही दरें युद्ध शुरू होने के समय 70 डॉलर प्रति बैरल थीं। अब लड़ाई होर्मुज स्ट्रेट पर नियंत्रण के लिए शुरू हो गई है। अमेरिका इसे खुलवाना चाहता है तो ईरान इस पर अपना नियंत्रण कायम रखना चाहता है, जबकि होर्मुज अंतरराष्ट्रीय जल सीमा में आता है, कानूनन ईरान इस पर अपना नियंत्रण नहीं कर सकता है, लेकिन अब सभी जगह अंतरराष्ट्रीय कानूनों की खुलेआम धज्जियां उड़ रहीं हैं और कोई इसे रोक नहीं पा रहा है। जबकि दुनिया के व्यापारिक तेल का लगभग पांचवां हिस्सा हर दिन होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। सऊदी अरब, इराक, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और ईरान जैसे प्रमुख तेल निर्यातक देश इसी मार्ग पर निर्भर हैं। खाड़ी के देशों का तो दाना पानी ही इस जल मार्ग पर निर्भर है। वो न तो चीजें आयात कर पा रहे हैं और न ही निर्यात कर पा रहे हैं। भारत जैसे देशों के लिए तो और भी मुश्किलें बढ़ गई हैं। क्योंकि एक तरफ तेल और गैस की सुगम आपूर्ति की उम्मीदें नहीं है, वहीं भारत से खाड़ी देशों को होने वाला निर्यात भी ठप हो गया है। परिणास्वरूप देश में सैंकड़ों फैक्टरियां बंद हो गई हैं और करीब 1 लाख से ज्यादा मजदूर सड़क पर आ गए हैं। अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने भारत की आर्थिकी की वृद्धि दर को घटाना शुरू कर दिया है। कुल मिलाकर हालात चिंताजनक हैं।

# बिहार में कमल युग की ऐतिहासिक शुरूआत, विकास के प्रति प्रतिबद्ध सम्राट



डॉ मणिकांत झा

वास्तव में बिहार के मुख्यमंत्री पद पर सम्राट चौधरी की ताजपोशी से कमल युग की ऐतिहासिक शुरुआत हुई है। बुधवार को ताजपोशी के रस्म अदायगी के साथ ही कौन बनेगा मुख्यमंत्री के अटकलों का दौर भी समाप्त हो गया है। इसे लेकर पिछले माह से कई नाम राजनीतिक फिजा में तैर रहे थे। जिसमें प्रारंभ से ही काफी प्रमुखता के साथ सम्राट चौधरी का नाम लिया जा रहा था। आखिरकार यह सच भी सामने है ।इसमें कोई आश्चर्य की बात भी नहीं दिखती ।रही बात बिहार के विकास की तो जैसा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी इसके प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर कर दी है वहीं निवर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी अपने वक्तव्य में इस विश्वास को दोहरा दिया है कि बिहार का विकास और तेजी के साथ होगा। ऐसा उम्मीद किया जाना भी स्वाभाविक ही है ।मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तो यहां तक कह दिया है कि उन्होंने नीतीश से बहुत कुछ सीखा है । इस बात को अस्वीकार नहीं किया जा सकता कि लालू राबड़ी के शासनकाल के बाद बदहाल बिहार को विकास की पटरी पर लाने में नीतीश की बड़ी भूमिका रही ।यदि नीतीश के कार्यकाल से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सीख चुके हैं तो विपरीत परिस्थितियों में भी बिहार का विकास होना तय माना जा सकता है ।जबकि बिहार के विकास के लिए वर्तमान स्थिति तो बिल्कुल अनुकूल ही है। वैसे यह स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सिर्फ रिक्त पद को भरने के लिए नहीं बल्कि कुछ करने के लिए आए हैं, उनके पास बिहार विकास का अपना विजन है और वह इसे ईमानदारी के साथ अमली जामा भी पहनाना चाहते हैं, जैसा कि उनके दृढ़ विश्वास से यह स्पष्ट झलकता है।

यदि भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व की पसंद को परखें तो उसमें सम्राट चौधरी नंबर एक पर रहे हैं। 9 वर्ष पहले भारतीय जनता पार्टी में आए सम्राट चौधरी ने अपने सूझबूझ वह राजनीतिक क्रियाकलाप से पार्टी की नजर में अपना पहला स्थान बनाने में सफल रहे हैं। निस्संदेह पार्टी की ओर से जो भी जिम्मेदारी मिली उसे उन्होंने ईमानदारी पूर्वक निर्वाह कर अपने को सक्षम साबित कर दिखाया है। पार्टी के निर्देशों पर न सिर्फ लालू बल्कि नीतीश पर भी समय-समय पर राजनीतिक हमले करने से पीछे नहीं रहे। वे सदैव पार्टी के भावनाओं के अनुरूप राजनीतिक सक्रियता भी दिखाई जैसा बिहार के पार्टी के अन्य नेता नहीं कर सके। संभवत पार्टी का भरोसेमंद बनने का यह एक प्रमुख कारण रहा।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अनुभव को परखें तो उनके पास संगठन से लेकर सरकार चलाने तक का अनुभव है। बिहार में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर आसीन रहकर उन्होंने संगठन चलाने का बखूबी परिचय दिया है ।वहीं विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष भी रहे हैं ।जबकि वर्तमान में डिप्टी सीएम के पद पर रहकर सरकार चलाने का प्रत्यक्ष अनुभव भी हासिल किया है। इसके पहले भी वे मंत्री पद को सुशोभित कर चुके हैं।

विशेषकर बिहार की सामाजिक समीकरण की बात करें तो वे कुशवाहा समाज से आते हैं। पार्टी ने मजबूत ओबीसी के चेहरे के रूप में उन्हें आगे बढ़ाने का काम किया है। एक और जहां लव कुश समीकरण में फिट बैठते हैं वहीं निवतमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भी पहली पसंद के रूप में रहे हैं तभी तो नीतीश मंत्रिमंडल में उन्हें गृह मंत्री का दर्जा देकर आगे बढ़ाने का प्रयास प्रारंभ हो गया था। निश्चय ही मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनाकर बिहार की राजनीति में आगे बढ़ाना पार्टी नेतृत्व का सटीक एवं सही रणनीतिक निर्णय कहा जा सकता है ।अब आगे देखना है कि सम्राट चौधरी अपने आप को किस प्रकार बिहार के सफल मुख्यमंत्री के रूप में स्थापित करते हैं।

# फाइलों में दौड़ता विकास और जमीन पर जूझती जनता

'बेदिल'

बेदिल द्वारा लिखा गया यह स्तंभ दिल्ली-एनसीआर की प्रशासनिक विसंगतियों और राजनीतिक रस्साकशी का कच्चा चिट्ठा पेश करता है। इसमें नोएडा की लड़खड़ाती भू-उपयोग नीति, दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति का विवाद और परिवहन सेवाओं में बढ़ती यात्रियों की उलझन को प्रमुखता से दर्शाया गया है। साथ ही, नशे की राजनीति, शालीमार बाग का मानवीय दर्द और सुरक्षा व्यवस्था में चूक जैसे विषय उजागर करते हैं कि कैसे आम जनता की बुनियादी जरूरतें अक्सर सियासी दांव-पेच और कागजी कार्यवाहियों के बीच दबकर रह जाती हैं। पढ़ें...

दबाव में बनी नीति कागज पर तो चमकी, पर जमीन पर आते ही लड़खड़ा गई। नोएडा में औद्योगिक भूखंडों पर वाहन शोरूम और रिहायशी प्लाटों पर गेस्ट हाउस के लिए मिश्रित भू-उपयोग नीति को संशोधित कर लागू तो किया गया, लेकिन शर्तों ने ही उसकी रफ्तार रोक दी। 2015-18 में जब यह नीति पहली बार आई थी, तब वाणिज्यिक और औद्योगिक दर के अंतर का दस फीसद जमा कर अनुमति मिल जाती थी। तब भी यह रकम इतनी भारी लगी कि मुश्किल से दस फीसद शोरूम ही आगे आए, वो भी तब जब भुगतान पांच साल में किस्तों में करने की राहत थी। अब संशोधन के नाम पर राहत और सिकुड़ गई है। शुल्क दस से बढ़ाकर पच्चीस फीसद कर दिया गया और किस्तों की सुविधा भी खत्म कर दी गई, यानी पूरी राशि एकमुश्त। नतीजा यह कि नीति लागू तो है, लेकिन आवेदन करने वालों की कतार शायद कागजों में ही लंबी रहेगी।

राजधानी होने के कारण दिल्ली में विकास का जिम्मा केंद्र से लेकर नगर निकाय तक फैला है और उसमें दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की भूमिका हमेशा अहम मानी जाती रही है। लेकिन हाल ही में इसे समय से पहले भंग कर दिया गया और अब बहस इस बात पर नहीं कि काम रुकेगा या नहीं, बल्कि इस पर है कि क्यों रोका गया। सत्ता पक्ष का कहना है कि विपक्ष बेवजह और भ्रामक आरोप लगा रहा है, क्योंकि नियम के मुताबिक एक साल पूरा होने पर 50 फीसद सदस्य स्वतः रिटायर हो जाते हैं। वहीं विपक्ष इसे भ्रष्टाचार को ढकने और पार्षदों की शक्तियां सीमित करने की साजिश बता रहा है। दोनों अपने-अपने सच के साथ अड़े हैं। लेकिन इन दावों की गहमागहमी के बीच एक सच चुपचाप खड़ा है। स्थायी समिति के बिना दिल्ली के विकास कार्यों की गति वैसे ही थम सी जाती है, जैसे कागज पर मंजूरी हो लेकिन फाइल आगे बढ़ने का रास्ता भूल जाए।

दिल्ली की सार्वजनिक बस सेवा वैसे ही कभी डिपो बंद होने, कभी सड़कों से गायब रहने, कभी बस का नाम देवी रखने और कभी मार्ग बदलने जैसे कारणों से चर्चा में रहती है। इस बार चर्चा मार्ग संख्या के आगे 'ए' 'बी' 'सी' लगाने को लेकर शुरू हो गई। कागज पर यह व्यवस्था बदले हुए मार्गों और तय गंतव्य तक पहुंचाने के लिए बताई जा रही है, लेकिन असल में ये अक्षर यात्रियों को यह समझाने का संकेत हैं कि बस शायद पूरा मार्ग नहीं चलेगी, बीच में ही दिशा बदल लेगी या लौट जाएगी। यानी सुविधा कम, संकेत अधिक। इससे यात्रियों की उलझन बढ़ गई है और जेब पर भी असर पड़ रहा है, क्योंकि एक ही मार्ग के हिस्से में दोबारा सफर के लिए अलग खर्च करना पड़ रहा है। यात्रियों की सीधी सी मांग है, अगर बस मार्ग पर चलती है, तो पूरा चले, अक्षरों के सहारे आधा सफर न समझाया जाए।

जब दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार थी, तब भाजपा गली-मोहल्लों में खुले शराब ठेकों को लेकर सड़कों पर उतर आई थी। खूब हंगामा हुआ, खूब आरोप-प्रत्यारोप चले। अब तस्वीर पलटी है तो बहस का केंद्र भी बदल गया है। अब सोशल मीडिया पर 'डूडर' यानी अफीम जैसे नशे के वीडियो छाए हुए हैं, जिनमें छोटे बच्चों तक को हथियारों के साथ झूमते हुए दिखाया जा रहा है। आप इसे मुद्दा बनाकर मौजूदा सरकार पर सवाल उठा रही है, जबकि भाजपा इसे विपक्ष की साजिश और डर फैलाने की कोशिश बता रही है। दोनों तरफ अपने-अपने तर्क हैं और दोनों तरफ अपनी-अपनी राजनीति। लेकिन इन आरोपों और बचाव के बीच जो सबसे असहज सच बच जाता है, वह यह है कि नशे की तस्वीर चाहे शराब की हो या किसी और पदार्थ की..उसमें सबसे पहले भविष्य धुंधला होता है और सबसे ज्यादा नुकसान उसी पीढ़ी का होता है जिसे बचाने के दावे सबसे ज्यादा किए जाते हैं।

मुख्यमंत्री को अपनी पीड़ा सुनाने के लिए शालीमार बाग के लोग अब सोशल मीडिया का सहारा लेने को मजबूर हो गए हैं। वीडियो की बाढ़ है। किसी में टूटता आशियाना है, तो किसी में आंखों में सवाल। सबसे ज्यादा दर्द उन परिवारों का दिख रहा है जिनके मकानों को अनधिकृत बताकर गिरा दिया गया। महिलाएं बार-बार वही सवाल दोहरा रही हैं. जहां झुग्गी, वहीं मकान का वादा था, सबको घर मिलेगा, किसी का नहीं टूटेगा तो फिर वोट लेने के बाद उनकी आवाज क्यों अनसुनी रह गई? इधर राजनीति भी अपने मौके तलाश रही है। विपक्षी दल सोशल मीडिया पर इन वीडियो को तेजी से आगे बढ़ाकर सरकार को घेरने में जुटे हैं। आप और कांग्रेस इसे जनता का दर्द बता रहे हैं, जबकि सत्ता पक्ष इसे राजनीति का नया मंच मान रहा है और इस पूरे शोर में एक बात साफ है..दर्द असली है, बस उसके ऊपर हर कोई अपनी-अपनी राजनीति की परत चढ़ाने में लगा है।

अध्यात्म

## दया करते समय व्यापर मत करो



हमेशा की तरह दोपहर को सब्जीवाली दरवाजे पर आई और चिल्लाई, चाची- आपको सब्जियां लेनी हैं? माँ हमेशा की तरह अंदर से चिल्लाई- सब्जियों में क्या-क्या है? सब्जीवाली- ग्वार, पालक, भिन्डी, आलू, टमाटर दरवाजे पर आकर माँ ने सब्जी के सिर पर भार देखा और पूछा- पालक कैसे दिया? सब्जीवाली- दस रुपए की एक गठी। माँ- पच्चीस रुपए में चार दो। सब्जीवाली- चाची नहीं जमेगा। माँ- तो रहने दो। सब्जीवाली आगे बढ़ गयी, पर वापस आ गई। सब्जीवाली- तीस रुपये में चार दूंगी। माँ- नहीं, पच्चीस रुपए में चार लूंगी। सब्जीवाली- चाची बिलकुल नहीं जमेगा और वो फिर चली गयी, थोड़ा आगे जाकर वापस फिर लौट आई। दरवाजे पर माँ अब भी खड़ी थी, पता था सब्जीवाली फिर लौट कर आएगी। अब सब्जीवाली पच्चीस रुपये में चार देने को तैयार थी। माँ ने सब्जी की टोकरी उतरने में मदद की, ध्यान से पलक कि चार गठीयाँ परख कर ली और पच्चीस रुपये का भुगतान किया। जैसे ही सब्जीवाली ने सब्जी का भार उठाना शुरू किया, उसे चक्कर आने लगा। माँ ने उत्सुकता से पूछा- क्या तुमने खाना खा लिया? सब्जीवाली- नई चाची, सब्जियां बिक जाएँ, तो किरना खरीदूंगी, फिर खाना बनाकर खाऊँगी। माँ- एक मिनट रुको बस यहाँ। और फिर माँ ने उसे एक थाली में रोटी, सब्जी, चटनी, चावल और दाल परोस दिया, सब्जीवाली के खाने के बाद पानी दिया और एक केला भी थमाया। सब्जीवाली धन्यवाद बोलकर चली गयी। मुझसे नहीं रहा गया। मैंने अपनी माँ से पूछा- आपने इतनी बेरहमी से कीमत कम करवाई, लेकिन फिर जितना तुमने बचाया उससे ज्यादा का सब्जीवाली को खिलाया।

माँ हँसी और उन्होंने जो कहा वह मेरे दिमाग में आज तक अंकित है एक सीख कि तरह व्यापार करते समय दया मत करो, दया करते समय व्यापर मत करो! यह एक सच्ची और भावनात्मक कहानी है, जो हमें यह सिखाती है कि सेवा और त्याग कभी व्यर्थ नहीं जाते। पूर्वज सदैव हमारे साथ रहते हैं। विश्वास, धैर्य और संस्कार ही जीवन की असली पूँजी हैं। आशा है भक्ति भारत की यह प्रेरक कहानी आपको अवश्य पसंद आई होगी।

> जीवन में संतुलन अत्यंत आवश्यक है। दिल की कोमलता के साथ दिमाग की सजगता भी जरूरी है। तुलनात्मक और व्यावहारिक सोच हमें यह सिखाती है कि कहां कितना विश्वास करना है, कहां कितना देना है और कहां खुद को संभालना है। यही संतुलन हमें अनावश्यक पीड़ा से बचाता है और हमें मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। इसके विपरीत, जो व्यक्ति बार-बार अपने विचार और व्यवहार बदलता है, वह धीरे-धीरे अपनी पहचान खो देता है। गिरगिट की तरह रंग बदलने की प्रवृत्ति व्यक्ति को अस्थिर बना देती है।

# क्या तकनीक की ऊंचाइयों के बीच हम खो रहे हैं अपनी गहराई

मुनीष भाटिया

आज का समय विरोधाभासों से भरा हुआ है। एक ओर मनुष्य अभूतपूर्व प्रगति, तकनीक और भौतिक संपन्नता की ऊंचाइयों को छू रहा है, वहीं उसके भीतर की संवेदनशीलता, इंसानियत और नैतिकता धीरे-धीरे क्षीण होती जा रही है। बदलते परिदृश्य में सबसे बड़ी आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने भीतर झांकें और समझें कि असली मूल्य किसका है- भौतिक संपत्ति का या मानवता का। अंतरात्मा की दौलत वह अमूल्य संपत्ति है, जो न सोने-चांदी में मिलती है और न ही जमीन-जायदाद में।

यह इंसान के भीतर बसने वाली वह आवाज है, जो उसे सही और गलत के बीच अंतर करना सिखाती है। सच्चाई यह है कि जिसके पास जमीर की समृद्धि होती है, वही वास्तव में सबसे धनी होता है, क्योंकि यही वह आधार है, जो व्यक्ति को आत्मसम्मान, सच्चाई और नैतिकता के रास्ते पर टिकाए रखता है, चाहे परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों।

किसी को बेवजह परेशान करना केवल एक बुरी आदत नहीं, बल्कि यह हमारे व्यक्तित्व की संवेदनहीनता का दर्पण है। जब हम बिना कारण किसी को कष्ट देते हैं, तो हम न केवल एक व्यक्ति के मन को आहत करते हैं, बल्कि समाज में नकारात्मकता का बीज भी बोते हैं। इससे भी अधिक गंभीर बात यह है कि अगर हम किसी को पीड़ा में देखकर भी अनदेखा कर देते हैं, तो यह हमारी निष्क्रिय संवेदनहीनता को दर्शाता है।

इंसानियत का मूल तत्व यही है कि हम दूसरों के दर्द को समझें, उसे महसूस करें और जहां तक संभव हो, उसे कम करने का प्रयास करें। जीवन का एक गहरा सत्य यह है कि हर व्यक्ति किसी न किसी अदृश्य संघर्ष से गुजर रहा होता है। ऐसे में हमारा एक छोटा-सा व्यवहार भी किसी के लिए सहारा बन सकता है या बोझ।

विवेकशीलता का वास्तविक अर्थ केवल यह नहीं है कि हम स्वयं गलत कार्य न करें, बल्कि यह भी है कि हम दूसरों के कष्टों को कम करने की दिशा में सोच विकसित करें। एक संवेदनशील और परिपक्व व्यक्ति वही है, जो दूसरों की पीड़ा को अपना समझे और बिना किसी स्वार्थ के सहायता के लिए आगे आए। यही सोच समाज में सकारात्मक परिवर्तन की नींव रखती है। आज व्यक्ति की पहचान उसके चरित्र से नहीं, बल्कि उसकी संपत्ति से होने लगी है।

रिश्ते भी अब भावनाओं से नहीं, बल्कि लाभ-हानि के आधार पर तय होने लगे हैं। पहले जहां रिश्तों में अपनापन, त्याग और समझदारी होती थी, वहीं आज उनमें औपचारिकता और स्वार्थ अधिक दिखाई देता है। यह बदलाव केवल सामाजिक नहीं, बल्कि नैतिक पतन का संकेत है। सबसे चिंताजनक स्थिति तब उत्पन्न होती है जब इंसान की अंतरात्मा धीरे-धीरे मौन हो जाती है। व्यक्ति सही और गलत का अंतर जानते हुए भी अपने स्वार्थ के लिए गलत रास्ता चुनता है। झूठ, छल और बेईमानी को चालाकी का नाम देकर स्वीकार



कर लिया जाता है।

यह प्रवृत्ति न केवल व्यक्ति को भीतर से खोखला करती है, बल्कि पूरे समाज को भी अस्थिर बनाती है। इसी के साथ एक और गहरी समस्या जुड़ी हुई है-अत्यधिक भावुकता और विवेक की कमी। जब व्यक्ति हर संबंध में आंख बंद करके विश्वास करता है, बिना सोचे-समझे अपने मन की सारी सच्चाई सामने रख देता है, तो कई बार उसे ठगे जाने का अनुभव होता है। यह अनुभव अचानक नहीं आता, बल्कि हमारी अपनी अपेक्षाओं और असंतुलित भावनाओं से जन्म लेता है। भावुक होना हमारी ताकत है, लेकिन जब यही भावुकता संतुलन खो देती है, तो यह हमारी कमजोरी बन जाती है।

जीवन में संतुलन अत्यंत आवश्यक है। दिल की कोमलता के साथ दिमाग की सजगता भी जरूरी है। तुलनात्मक और व्यावहारिक सोच हमें यह सिखाती है कि कहां कितना विश्वास करना है, कहां कितना देना है और कहां खुद को संभालना है। यही संतुलन हमें अनावश्यक पीड़ा से बचाता है और हमें मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। इसके विपरीत, जो व्यक्ति बार-बार अपने विचार और व्यवहार बदलता है, वह धीरे-धीरे अपनी पहचान खो देता है। गिरगिट की तरह रंग बदलने की प्रवृत्ति व्यक्ति को अस्थिर बना देती है।

ऐसा व्यक्ति न तो अपने मूल्यों पर टिक पाता है और न ही किसी संबंध में स्थायित्व ला पाता है। परिणामस्वरूप, वह स्वयं भी असंतुष्ट रहता है और दूसरों के लिए भी अविश्वसनीय बन जाता है। स्थिरता जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यह स्थिरता बाहरी परिस्थितियों से नहीं, बल्कि भीतर की स्पष्टता और दृढ़ता से आती है। जब व्यक्ति अपने सिद्धांतों और मूल्यों पर अडिग रहता है, तभी वह सच्चे सुख और शांति का अनुभव कर पाता है। अन्यथा, वह हर परिस्थिति के साथ बदलता रहता है और आखिरकार स्वयं से ही दूर हो जाता है।

इन सभी पहलुओं को एक सूत्र में पिरो कर देखें, तो स्पष्ट होता है कि समस्या बाहर नहीं, बल्कि हमारे भीतर है। हमने अपनी संवेदनशीलता, विवेक और स्थिरता के बीच संतुलन खो दिया है। अगर हम इस संतुलन को पुनः स्थापित कर लें, तो न केवल हमारा व्यक्तिगत जीवन बेहतर होगा, बल्कि समाज भी अधिक मानवीय बन सकेगा। इसलिए आज आवश्यकता इस बात की है कि हम स्वयं से शुरुआत करें। हम यह संकल्प लें कि न तो हम किसी को बेवजह परेशान करेंगे और न ही किसी को पीड़ा में देखकर अनदेखा करेंगे।

हम भौतिक वस्तुओं की अंधी दौड़ में अपनी इंसानियत को नहीं खोएंगे तथा अपनी भावनाओं को संतुलित रखेंगे, अपने विवेक को जागृत रखेंगे और अपने मूल्यों पर दृढ़ रहेंगे। आखिर सच्चा सुख न धन में है, न दिखावे में, बल्कि उस संतोष में है जो हमें तब मिलता है जब हमारा मन शांत हो, हमारा जमीर जागृत हो और हमारा व्यवहार दूसरों के लिए भी सहारा बने। यही एक सच्चे, संतुलित और सार्थक जीवन की पहचान है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज सकारात्मक बने रहना चाहिये। सभी काम बनते हुये प्रतीत होंगे। अपरिचित लोगों से तालमेल न रखें। दूसरे कार्यों में समय बर्बाद हो सकता है।

**वृषभ**
आज पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं। आपकी अच्छी सलाह भी लोगों को समझ नहीं आयेगी। इसीलिये बिना माँगे किसी को सलाह न दें।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में विशेषज्ञ लोगों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। अनेक आवश्यक कार्य समय से पहले पूर्ण हो जायेंगे। आपके सामाजिक सम्पर्क मधुर होंगे।

**कर्क**
आज का दिन अत्यधिक व्यस्त रहेगा। पैतृक सम्पत्ति के मामलों के उलझने की सम्भावना बन रही है। कार्यक्षेत्र में गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध दुष्प्रचार कर सकते हैं।

**सिंह**
आज आप अपने घर में रहना पसन्द करेंगे। मित्रों के भरोसे अपने काम न छोड़ें। अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिये खानपान और योग पर ध्यान दें।

**कन्या**
आप जिस काम को आसान मान रहे थे, वो आपको आज काफी परेशान करेगा। रिश्तेदारों के कारण कुछ तनाव हो सकता है। कठोर शब्दों का प्रयोग न करें।

**तुला**
आज घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। दोपहर के बाद आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक**
कार्यक्षेत्र में विरोधी कमजोर पड़ते दिखाई देंगे। भविष्य को ध्यान में रखते हुये नये कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे।

**धनु**
दाम्पत्य सम्बन्धों में आपसी समझ और सामंजस्य में वृद्धि होगी। नये व्यापारिक अनुबन्ध कर सकते हैं। पुराने रुके हुये कार्य प्रारम्भ हो सकते हैं। आर्थिक मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे।

**मकर**
एक ही काम को बार-बार करना पड़ सकता है। महिलाओं को अपनी सुरक्षा को लेकर थोड़ा ध्यान रखना पड़ेगा। महत्वपूर्ण कार्यों को एक-दो दिनों के लिये टालना हितकर होगा।

**कुंभ**
कार्यक्षेत्र में मनोनुकूल काम मिलने से काफी अच्छा व सहज महसूस करेंगे। सोशल मीडिया पर आप अत्यधिक सक्रिय रहेंगे। आर्थिक मामलों के लिये दिन अच्छा है।

**मीन**
आज आपको किसी जरूरी काम से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। सहकर्मियों के साथ आपकी दोस्ती बढ़ सकती है। रुचिपूर्ण कार्य करने के अवसर मिलेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर परिषद मसौढी के वार्ड 31 में चुनाव की तैयारियां जोरों पर, प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन

**मसौढी (नबिटासं)।** नगर परिषद मसौढी के रिक्त पड़े वार्ड संख्या 31 में चुनाव की तैयारियां जोरों पर चल रही है, ऐसे में बुधवार को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। जिसको लेकर दावा आपत्ति 28.4.2026 तक की जाएगी, वही प्राप्त दवा आपति को 13.5 2026 तक निष्पादित की जाएगी और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 25. 05. 2026 तक किए जाएंगे इस पूरे चुनाव में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी मसौढी अनुमंडल पदाधिकारी को बनाया गया है। वही रिवाइजिंग अथॉरिटी कमेटी में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार के दायित्व दिया गया है,गौरतलब है की कि नगर परिषद मसौढी के वार्ड संख्या 31 में बीते 6 नवंबर 2025 को वार्ड सदस्य के निधन पर यह वर्ड रिक्त पड गया था, जिसको लेकर बिहार निर्वाचन आयोग की ओर से इसकी नोटिफिकेशन निकाल दी गई है, जिसमें बताया गया है कि प्राप्त दावा आपत्तियों का निष्पादन 28.4.2206 से 13.05.2026 तक की जायेगी, वहीं मतदान केंद्र की अंतिम सूची का अनुमोदन 15. 5 2026 से 21. 5.2026 तक की जाएगी, इसके अलावा मतदान केंद्र की अंतिम सूची का अंतिम प्रकाशन 25 5 2026 तक की जाएगी एवं मतदान केंद्रवार मतदाता सूची का प्रकाशन 29.5 2026 तक की जाएगी।बहरहाल राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्धारित किए गए नगर निकाय चुनाव के क्रम में मतदान केंद्र की स्थापना सुनिश्चित करने को लेकर तैयारियां की जा रही है। इसके अलावा मतदान की तिथि भी जल्द निर्धारित की जाएगी

### निर्धन छात्र छात्राओं को मिलेगी मुफ्त शिक्षा : प्रेम कुमार

**दनियावां/पटना (नबिटासं)।** दनियावां, खुशरूपुर और फतुहा से जुड़ी संस्था प्रेम यूथ फाउंडेशन सबको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए कृतसंकल्पित है। यह उसकी पहली प्राथमिकता है। फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि फाउंडेशन चार दशक से शिक्षा और रोजगार के लिए संकल्पित होकर काम कर रहा है। निर्धन एवं असहाय लोगो को



वालाजी सीटेट एवं बीपीएससी लर्निंग सेंटर में फ्री शिक्षा दिया जायेगा।शिक्षा राष्ट्र निर्माण के लिए हो शिक्षा ही मानव निर्माण का माध्यम है। फाउंडेशन किसानों के लिए किसानों के लिए किसान क्लब, छात्र छात्राओं के लिए विज्ञान क्लब, पुस्तकालय एवं वाचनालय की स्थापना किया जा रहा है। इस वर्ष दिसंबर तक सभी पंचायतों में युवा विकास केंद्र खोलने की योजना है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि आज का युवा इसलिए शिक्षा प्राप्त करना चाहता है ताकि उसे अच्छी नौकरी मिले जिससे भोगपरक जीवन जीने का आनंद उठाया जा सके इसी आनंद की तलाश में असफल होने पर वह अवैध तरीके से धन कमाने की चेष्टा करता है जो उसके जीवन मे जहर घोलता है।फाउंडेशन से जुड़कर हजारों छात्र छात्राओं ने इंटर्नशिप कर समाज मे योगदान कर रहे है । वही फाउंडेशन के निदेशक देवानंद ने कहा कि हमारे लाखों स्वयंसेवक विकसित भारत के परिकल्पना को साकार करने में जुटे है। उन्होंने सभी लोगो से आह्वान किया कि राष्ट्रीहित को सर्वोपरि समझे। मौके पर नीतीश कुमार, राहुल कुमार, अंकित कुमार, मनीष कुमार मौजूद रहे ।

### मसौढी से 13 प्रतिनिधि राज्य सम्मेलन में होंगे शामिल प्रतिनिधियों का चुनाव व मतगणना का कार्य संपन्न

**मसौढी (नबिटासं)।** 12वां भाकपा माले का राज्य सम्मेलन दरभंगा मे आगामी 16 -18 मई को होना है।ऐसे में प्रतिनिधियों उसे राज्य सम्मेलन में शामिल होने के लिए चुनाव की प्रक्रिया की जा रही है ऐसे में बुधवार को चुनाव व मतगणना का कार्य चार केन्द्रो पर संपन्न हुई है।दरअसल राज्य सम्मेलन के प्रतिनिधियों के चुनाव हेतु वोट डालने व वोटो की गिनती जिले के चार केन्द्रो पर संपन्न हुई जहाँ मसौढी माले कार्यालय पर राज्य कमेटी सदस्य पर्यबेक्षक विजय कुमार की देखरेख में चुनाव व मतगणना की प्रक्रिया संपन्न हुई, मसौढी कार्यालय में 12 प्रतिनिधि चुने गए जो राज्य सम्मेलन की कार्यवाही में हिस्सा लेंगे। जिला सचिव कमलेश कुमार ने बताया कि आगामी 16 से 18 मई को दरभंगा में होने वाले राज्य सम्मेलन को लेकर बिहार के तमाम जिलों से चुने हुए प्रतिनिधी उसे सम्मेलन में भाग लेंगे, जिसको लेकर अपने-अपने प्रखंड स्तर के द्वारा वोटिंग की प्रक्रिया अपनाई गई है और चुने हुए प्रतिनिधि राज्य सम्मेलन में जाएंगे और अपने-अपने क्षेत्र का प्रतिनिधि करेंगे इसके अलावा राज्य और केंद्र सरकार की चल रही नीतियों का पुरजोर विरोध करने की नीति बनेगी।

### बिहार में नए नेतृत्व को लेकर जेडीयू नेताओं ने जताई उम्मीद

**कटिहार (नबिटासं)।** बिहार की राजनीति में नए नेतृत्व को लेकर उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री तथा विजेंद्र प्रसाद यादव और विजय चौधरी को उपमुख्यमंत्री बनाए जाने पर जेडीयू नेताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। जेडीयू प्रदेश राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. सुशील कुमार सुमन ने अपने बयान में कहा कि पिछले दो दशकों में बिहार के विकास को नई दिशा देने वाले आधुनिक बिहार के विश्वकर्मा नीतीश कुमार के नेतृत्व में जो कार्य हुए हैं। उन्हें आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी अब नए नेतृत्व के कंधों पर है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई सरकार विकास, सुशासन और जनकल्याण की नीतियों को निरंतर आगे बढ़ाएगी।डॉ. सुमन ने कहा कि बिहार में सुशासन की जो पहचान बनी है। उसे बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि नेता नीतीश कुमार के सपनों का विकसित और समृद्ध बिहार बनाने की दिशा में सभी को मिलकर कार्य करना होगा। इस अवसर पर जेडीयू के प्रदेश महासचिव शिवप्रकाश गाड़ोदिया,वरिष्ठ नेता नरेश शर्मा, संजीव श्रीवास्तव, संजय सिंह, दीपक कुमार, मुजीबुर्रहमाम, प्रिंस सिंह, अभिषेक सिंह, टिंकू मंडल, मनोज मंडल, सरिता देवी, निवेदिता मंडल, रेखा साह, आशीष बलिदानी, अंकित सिंह, मोहन सिंह, जिला परिषद सदस्य गुणसागर पासवान, रणधीर जायसवाल, सिंटू यादव, अशोक कुशवाहा तथा शाहिद इकबाल सहित कई कार्यकताओं ने भी नए नेतृत्व को बधाई दी और बिहार के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।सभी नेताओं ने एक स्वर में कहा कि राज्य में विकास की गति को बनाए रखते हुए जनता के विश्वास पर खरा उतरना ही सरकार की प्राथमिकता होगी।

### पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रति जनजागरूकता को लेकर निकाली प्रभात फेरी

**मनिहारी/कटिहार (नबिटासं)।** बुद्धवार को नवाबगंज विद्युत सब स्टेशन से प्रभात फेरी सह जागरूकता रैली कनीय विद्युत अभियंता अभिजीत कुमार के नेतृत्व में निकाली गयी। रैली नवाबगंज पावर हाउस से मनिहारी बस स्टैंड होते हुए मनिहारी मार्केट , मनिहारी नगर पंचायत के विभिन्न मोहल्ले होते हुए बल्दियाबारी,हंसवर सहित ग्रामीण अंचलों तक पहुंचा।



इस रैली का मुख्य उद्देश्य विद्युत उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा के प्रति जागरूक करना एवं सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से अवगत कराना है।इस आलोक में गुरूवार को टाउन हॉल कटिहार में 11 बजे से विद्युत विभाग द्वारा सोलर मेला का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विद्युत विभाग के विद्युत कार्यपालक अभियंता धीरज कुमार सिन्हा उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा एवं सोलर पैनल लगाने से होने वाले फायदे से अवगत कराएंगे।

# रेड लाइट एरिया से एक महिला को किया बरामद

## पुनपुन पुलिस की नारी शक्ति को सलाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** मसौढी पुनपुन पुलिस की नारी शक्ति टीम को सलाम, एक अपहृत महिला जिसे नौकरी लगाने के नाम पर एक रेड लाइट एरिया में उसे बेच दिया था, जिसे पुनपुन पुलिस ने एक बहुत बडा रिस्क लेते हुए सकुशल बरामद किया गया है। क्योंकि आमतौर पर रेड लाइट एरिया से किसी भी महिला को छुड़ाना आसान नहीं होता है कई बार पुलिस के साथ मुठभेड़ भी हो जाया करती है।

बावजूद पुनपुन पुलिस की ने इसे चैलेंज के रूप में लेते हुए सकुशल बरामद किया है जो तारीफ के काबिल है। गौरतलब की पुनपुन थाना कांड संख्या 104/26 के तहत दिनांक 28.3 2026 को पुनपुन थाना क्षेत्र के अलाउदीनचक के रहने वाले पीड़ित के परिजनों ने गुमशुदा का मामला दर्ज किया था, हालाकि घटना 26 जनवरी को ही




हुई थी और बताया था वह झगड़ा करके अपने मायके चली गई है इस संबंध में कांड दर्ज करते हुए बिंदुवार जांच पड़ताल में जुटी थी,थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया की अपहृता अपने पति से लड़ाई झगड़ा कर घर से चली गई थी, जिसे पटना जंक्सन पर किसी अज्ञात महिला द्वारा नौकरी दिलाने के नाम पर पंजीपारा रेड लाइट एरिया इस्लामपुर पश्चिम बंगाल में पहुँचा दिया गया था, जिसे पंजीपारा (रेड लाइट एरिया) इस्लामपुर पश्चिम बंगाल से छापमारी कर सकुशल बरामद कर लिया गया है अग्रिम कार्रवाई की जा रही है, इसके अलावा वह महिला जो नौकरी के नाम पर महिलाओं को रेड लाइट एरिया मे धकेलती है उसकी भी जांच पड़ताल की जा रही है।

# बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** देश में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु दिनांक 01 अप्रैल, 2026 से लागू जागरूकता अभिवर्धित करने के उद्देश्य से राज्य के सभी शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय निकायों में जनित ठोस अपशिष्ट के प्रबंधन हेतु नियमावली के विभिन्न प्रावधानों के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा एक अधिसूचित किया गया है, तथा दिनांक 01.04.2026 से लागू है। नियमावली, 2026 बुनियादी कचरा संग्रहण से हटकर डेटा संचालित, सख्त कानूनी जवाबदेही कि दिशा में एक बड़ा बदलाव है। इसका उद्देश्य कचरा को उपयोगी संसाधन में परिवर्तित कर चक्रीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना है। नये नियमावली में ठोस अपशिष्ट का चार स्तरीय पृथक्करण स्त्रोत




ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कई चरणों में नगर निकाय से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक किया जाना है। आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के सभी नगर निकाय, थोक कचरा उत्पादक ;ठनसा ँजम ळमदमतंजवतेद्ध सभी जिलों के जिला पदाधिकारी, जिला समन्वयक तथा जिला पंचायत को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त नगर निकाय एवं आवास विभाग, ग्रामीण विकास विभाग तथा पंचायती राज विभाग को भी आमंत्रित किया गया है।

इस प्रशिक्षण सत्र में कुल 751 प्रतिभागी जुड़े रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के अध्यक्ष डॉ. डी.के. शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि इस नियमावली, 2026 को नियमावली, 2016 के स्थान पर पर ही किया जाना अनिवार्य किया गया है। थोक कचरा उत्पादकों की जवाबदेही तय की गई है। थोक कचरा उत्पादक को 100 प्रतिशत गीले कचरे का स्थल पर ही प्रसंस्करण करना होगा अन्यथा विस्तारित उत्पादक प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा। माननीय सर्वोच्चय न्यायालय ने सिविल अपील संख्या- 6174/2023 में दिनांक 19.02.2026 के आदेश में कहा है कि इन नियमों का पालन न करना केवल एक प्रशासनिक चूक नहीं माना जायेगा बल्कि तीन स्तरों पर प्रवर्तन हेतु किए गए प्रावधान में जो पदाधिकारी अपने कत्र्तव्यों का पालन नहीं करेंगे, उन पर मुकदमा भी चलाया जा सकता है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रबंधित एक केन्द्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल पूरे देश, राज्य तथा जिला स्तर पर कचरा प्रबंधन को अनुश्रवण करेगा।

# तीन चोर बाइक के साथ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** मसौढी पुलिस की सतर्कता से बाइक चोर गैंग के तीन सक्रिय सदस्य चोरी के तीन बाईक के साथ रंगे हाथ दबोचा गया है। तीनों ने अपने-अपने अपराध को भी स्वीकार किया है और बताया है कि हम सभी चोरी के बाइक की खरीद बिक्री करते हैं। दरअसल बताया जाता है कि बिते मंगलवार को तकरीबन चार बजे शाम को मसौढी थाना क्षेत्र के खरांट मोड़ के पास बिशेष सघन वाहन चेकिंग अभियान चल रही थी उसी दरमियान पितवांस की तरफ से बिना नंबर प्लेट के तीन बाइक आ रहे थे।

जिसे रुकने का इशारा किया लेकिन वह लोग भागने लगे हैं जिसे खदेड कर तिनो को पकड़ा गया,





जांच पड़ताल की गई तो सभी बाइक चोरी की निकली, गिरफ्तार किए गए बाइक चोर में जीतू कुमार पिता संजय यादव चपौर, गुड्डू कुमार पिता देव कुमार शांति नगर जहानाबाद और तीसरा संतोष कुमार पिता जोगेंद्र राय खरांट का रहने वाला है। तीनों गिरफ्तार बाइक चोरों के पास से चोरी की जो बाइक बरामद किया गया है उसमें काले रंग का यामाहा फ15,उजाला रंग का अपाची गाड़ी और तीसरा काला रंग का पल्सर गाड़ी को बरामद किया गया है। यह तीनों बाइक चोर चोरी के बाइक की खरीद बिक्री किया करते थे।बहरहाल शहर में हो रहे लगातार बाइक चोरी की घटना के दौरान यह पुलिस के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

### अम्बेडकर जयंती पर बौद्ध विवाह विचार गोष्ठी सांस्कृतिक कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर विचार मंच दाउदपुर के सौजन्य से संविधान निमार्ता बाबा साहेब डा0भीमराव अम्बेडकर जी 135वीं जयंती पर बौद्धिक विवाह,विचार गोष्ठी एवं मैट्रिक/इन्टर पास छात्रओ को सम्मान और सांस्कृतिक समारोह आयोजित किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि-माननीय मनीष वर्मा (आइ0एस0) जदयू राष्ट्रीय महासचिव विशिष्ट अतिथि श्रीमती पिंकी देवी नगर अध्यक्ष, मसौढी और मंच संचालन -रंगकर्मी धर्मेन्द्र कुमार जहॉ पर सभा की अध्यक्षता धर्मेन्द्र कुमार दास ने की, मुख्य अतिथियों ने संबोधन में कहा कि बौद्ध धर्म विवाह को एक धर्मनिरपेक्ष है। बुद्ध ने अपने अनुयायियों के बीच विवाह को कभी प्रोत्साहित या हतोत्साहित नहीं किया।

# अपहरण मामले में एक को कोर्ट ने सुनाई 6 साल की सजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी ।** सिविल कोर्ट मसौढी में बुधवार को एडीजे-1,शंकेश चंद्रा की कोर्ट में एक लड़की अपहरण मामले में धनरूआ थाना कांड संख्या 450/23 के अभियुक्त आदित्य कुमार पिता स्व. राजेंद्र प्रसाद जनता रोड न्यू यारपुर गर्दनीबाग को 6 साल की सजा सुनाई गई है, इसके अलावा 25000 का जुमार्ना लगाया गया है ,जुमार्ना जमा नहीं करने पर छह माह का अतिरिक्त सजा सुनाई गई है।अपर लोक अभियोजक धनंजय कुमार एवं कोर्ट नायाब पुलिस अवर निरीक्षक विशन शर्मा आदी शामिल रहे। बहरहाल यह मामला धनरूआ थाना क्षेत्र के पभेडा की है, जहां दिनांक 29.7 .2023 को थाने में गलत नीयत से लड़की अपहरण कर लेने का मामला दर्ज किया गया था, जिसमें आदित्य कुमार समेत पांच लोगों पर नामजद आरोपी बनाया गया था, लड़की की मां अनिता कुमारी पति प्रमोद कुमार ने धनरूआ थाने में आवेदन दिया था कि हमारी बेटी प्रतीक्षा कुमारी पिता प्रमोद कुमार की शादी पटना जनता रोड यारपुर के रहने वाले आदित्य कुमार के साथ होनी थी, जिसको लेकर 23 नवंबर 2023 को मसौढी के सुमित्रा कॉम्पलेक्स मैरिज हॉल में पूरे समाज के सामने रिंग सेरेमनी की गई थी।

# छात्र छात्राओं को मृदा संरक्षण एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** मसौढी पीएम श्री जी.एस.आर. पी. उच्च माध्यमिक विद्यालय अनौली, में मृदा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मृदा संरक्षण एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम का संचालन मिट्टी जांच विशेषज्ञ जितेंद्र यादव द्वारा किया गया। उन्होंने छात्रों को मृदा की उर्वरता बनाए रखने, मृदा परीक्षण के महत्व तथा संतुलित उर्वरक उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही जैविक खेती के लाभ और मृदा स्वास्थ्य कार्ड की उपयोगिता को सरल भाषा में समझाया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को मृदा




की संरचना, आवश्यक पोषक तत्वों के संतुलन तथा रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया।

मिट्टी जांच विशेषज्ञ जितेंद्र यादव द्वारा मृदा परीक्षण की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया, जिससे विद्यार्थियों को विषय को समझने में आसानी हुई और उनकी रुचि बढ़ी।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न प्रश्न पूछकर अपने ज्ञान को बढ़ाया। अंत में, विद्यार्थियों को मृदा संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।इस मौके पर विद्यालय प्रभारी.प्रधानाध्यापक, समस्त शिक्षकगण मौजूद रहे और छात्र/छात्राओं द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

# छोटकी मसौढी गांव में अगलगी में दो किसानों की 40 कट्ठा की गेहूं की फसल जलकर हुई राख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** मसौढ़ी में इन दिनों अगलगी की घटनाएं जोर हो गई है। प्रतिदिन किसी न किसी किसानों के खेत में आग लग जाने से महीना भर की मेहनत चंद मिनट में जलकर राख हो जा रही है। ऐसे में मसौढी प्रखंड के रेवां पंचायत के छोटकी मसौढ़ी गांव में बुधवार की दोपहर में दो किसानों के तकरीबन 40 कट्ठा में लगे हुए गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है। आग बुझते बुझते तेज हवाओं के झोंके में जल रही आग से सभी गेहूं के फसल जलकर बर्बाद हो गई है। आग लगी में



छोटकी मसौढी गांव के अरुण कुमार पिता रामप्रीत प्रसाद जिसके 25 कट्ठा में गेहूं की फसल बर्बाद हो गई है। वही गणेश कुमार के 15 कट्ठा में लगे हुए गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है। दरअसल किसानों ने बताया कि बगल के खेत में हार्वेस्टर से किसानों ने अपने गेहूं की फसल कटाई की थी और कटे हुए फसल के अवशेष को वह जल रहा था उसी कि आग की चिंगारी हमारे खेत में आ गई और देखते ही देखते पल भर में वह जलकर खाक हो गई है दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंचते पहुंचते सब कुछ जलकर राख हो गई है।

# सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर पल्लवीराज कंस्ट्रक्शन के चेयरमैन ने दी शुभकामनाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पल्लवीराज कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन संजीव श्रीवास्तव ने माननीय सम्राट चौधरी को बिहार के नए मुख्यमंत्री बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह बिहार के लिए गर्व और उत्साह का अवसर है कि राज्य को एक ऊजार्वान, कर्मठ एवं दूरदर्शी नेतृत्व प्राप्त हुआ है। श्री संजीव श्रीवास्तव ने विश्वास व्यक्त किया कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में रियल



एस्टेट, आधारभूत संरचना, सड़क, भवन निर्माण एवं औद्योगिक क्षेत्र में तीव्र गति से विकास होगा, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि पल्लवीराज कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड राज्य के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए सदैव तत्पर रहा है और भविष्य में भी सरकार के साथ मिलकर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्यों के माध्यम से बिहार के समग्र विकास में योगदान देता रहेगा। श्री श्रीवास्तव ने आशा जताई कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कुशल मार्गदर्शन में बिहार एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर राज्य के रूप में उभरेगा। अंत में उन्होंने मुख्यमंत्री के सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि उनका नेतृत्व प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

# अग्निशमन सप्ताह पर स्कूली छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट के द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** अगलगी से बचाव, सुरक्षा, प्रशिक्षण को लेकर इन दोनों अग्निशमन सप्ताह दिवस मनाया जा रहा है, जिसको लेकर बुधवार को स्कूली बच्चों और एनसीसी छात्रों के द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया, जिसका विधिवत तौर पर एसडीएम अभिषेक कुमार ,डीएसपी मंजीत कुमार के संयुक्त नेतृत्व में हरी झंडी दिखाकर प्रभात फेरी की शुरूआत की गई, प्रभात फेरी अग्नीशमन पुलिस पदाधिकारी कार्यालय से होकर ब्लॉक रोड, स्टेशन रोड होते हुए गांधी मैदान तक किया गया।

इस दौरान अग्निशमन सेवा सुरक्षा, बचाव आदि के बारे में लोगों को जागरूक किया गया, अग्निशमन विभाग






के डीएसपी मंजीत सिंह ने बताया कि मसौढी में अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत वीरगति प्राप्त किए अग्नि कर्मियों का बलिदान दिवस मनाया गया। इस मौके पर माकड्रिल कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके अलावा उन्होंने ने बताया कि मुंबई बंदरगाह पर अकस्मात आग लग जाने के कारण 66 अग्नि कर्मी वीरगति को प्राप्त हुए थे। उन बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने एवं अग्नि से बचाव के उपाय बताने के लिए देशभर में यह सप्ताह दिवस के रूप में मनाया जाता है। फायर सर्विस वीक 2026 (14-20 अप्रैल) मनाया जा रहा है। इस बार का थीम सुरक्षित स्कूल, सुरक्षित अस्पताल और अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज- अग्नि निवारण के लिए एक जुट प्रयास है. यह विषय अग्नि आपदाओं को रोकने के लिए उच्च जोखिम वाले और सार्वजनिक क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ाने हेतु एक सक्रिय, सामूहिक दृष्टिकोण पर प्रकाश डालता है।

विद्यालयों में मजबूत अग्नि सुरक्षा प्रणाली, कर्मचारियों का प्रशिक्षण और निकासी की तैयारी सुनिश्चित करना है. अस्पतालों की सुरक्षा के लिए मरीजों की सुरक्षा करना और जीवन रक्षक सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करना है. फायर सेफ्टी अवेयर सोसाइटी के लिए आग लगने की घटनाओं को कम करने के लिए आम जनता के बीच शिक्षा और सक्रिय उपायों को बढ़ावा देना है।

# डीएम ने रजिस्ट्री कार्यालय में एक सप्ताह के अंदर पार्किंग व्यवस्था शुरू करने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** जिलाधिकारी भोजपुर, तनय सुल्तानिया ने रजिस्ट्री कार्यालय के नव-निर्मित पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि नव-निर्मित पार्किंग व्यवस्था को एक सप्ताह के भीतर प्रारंभ किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि पार्किंग सुविधा शुरू होने से रजिस्ट्री कार्यालय के आसपास लगने वाले जाम की समस्या से आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएं। निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को उन्होंने पार्किंग स्थल को व्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुगम बनाने के लिए आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर अवर निबंधक, आरा सदर, विशेष कार्य पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।



जिला पदाधिकारी भोजपुर, श्री तनय सुल्तानिया द्वारा जिला अवर निबंधक पदाधिकारी को चालू वित्तीय वर्ष में शत-प्रतिशत राजस्व प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया तथा इसके लिए अभी से ही गहन प्रयास करने को कहा गया। इस क्रम में स्थल निरीक्षण करने वाले कर्मियों को भूमि की श्रेणी का सख्ती से निर्धारण करने हेतु निर्देशित किया गया। विवाह निबंधन एवं कोर्ट मैरिज की कम संख्या को देखते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा प्रचार-प्रसार के माध्यम से इसमें वृद्धि करने हेतु जिला अवर निबंधक को निर्देश दिया गया। साथ ही निलामवाद संबंधी मामलों के तीव्र निष्पादन हेतु जिला कल्याण पदाधिकारी-सह-प्रभारी पदाधिकारी को भी आवश्यक निर्देश दिए गए। दस्तावेज नवीसों के बैठने हेतु चिन्हित स्थान पर चल रहे कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त पीरो निबंधन कार्यालय में नए कार्यालय भवन तथा निबंधनार्थियों के लिए प्रतीक्षालय, शौचालय आदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु शीघ्र भूमि चिन्हित करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला अवर निबंधक तारकेश्वर पाण्डेय, विशेष कार्य पदाधिकारी भोजपुर, संयुक्त अवर निबंधक, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, भोजपुर के सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, जिला परिषद के सहायक अभियंता तथा संबंधित संवेदक आदि उपस्थित थे।

# मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** बुधवार को सीबीएसई के कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम प्रकाशित हुआ जिसमें मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के सभी छात्र छात्राओं ने ने सफलता प्राप्त किये। शत प्रतिशत रिजल्ट का पिछला इतिहास एक बार पुनः दोहराया गया। इससे संपूर्ण विद्यालय परिवार में खुशी व्याप्त है। विद्यालय के विद्यालय का टॉपर सृष्टि कुमारी रही, जिसने जिसने 98% अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इसके बाद हर्षित राज ने 97 अंक लाकर विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया। यश केडिया 95, पीयूष कुमार 95, यशवी मित्तल 95 इसके अलावा हमजा 94, दीपन्निता दास गुप्ता 94, शिल्पी 93, एहसान जमील 92, जिया कुमारी 90, अदिति 90, तस्लीम कौसर 90, ताबीज नसीम 90, तासिब नसीम 90। इस वर्ष सीबीएसई की परीक्षा में 196 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने शत प्रतिशत सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉक्टर संजय प्रधान एवं प्राचार्य डॉ पाराशर त्यागी समेत सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने सभी सफल परीक्षार्थियों को बधाई दी। आज के उत्कृष्ट परीक्षाफल पर मोहिनी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष आर एस रुंगटा उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद रुंगटा ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं एवं उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की तथा उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले छात्राओं को ट्रस्ट द्वारा स्कॉलरशिप एवं सम्मानित करने की बात कही।

# बाबा साहब की जीवनी हर समाज के लिए अनुकरणीय : डा. भवेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोइलवर।** गीधा सामुदायिक भवन में नई आशा द्वारा डॉ अंबेदकर जयंती का आयोजन किया गया। अध्यक्षता दुर्जन राम ने किया। इस अवसर पर उदघाटनकर्ता डॉ भीम सिंह भवेश ने कहा कि बाबा साहब की जीवनी से गरीब एवं उपेक्षित समाज को सबक लेनी चाहिए। उन्होंने जिन परिस्थितियों में संघर्ष कर मुकाम हासिल किया, वैसा उदाहरण विश्व में नहीं मिलता। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व और विश्व के समक्ष एक उदहरण है। मुख्य अतिथि वाराणसी से आये रामापति राम ने बाबा साहब के जीवन पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि समाज के हर वर्ग को शिक्षा के प्रति ध्यान देने की जरूरत है। विशेषकर दलित महादलित समाज अंबेदकर जी के बताए मार्ग पर चलकर ही विकास कर सकता है। उन्होंने कहा कि नई आशा द्वारा मुसहर समाज में 'डोल कढ़ी' कुप्रथा के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में वे हर संभव सहयोग करेंगे। मौके पर पंचायत के सरपंच एवं वार्ड सहित काफी संख्या में लोग थे। धन्यवाद ज्ञापन धरमु राम ने किया।

# सड़क हादसे में दो की मौत, छह गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले के नवगछिया थाना क्षेत्र के के बाबा विशु रावत पुल पर बुधवार की सुबह में दर्दनाक सड़क हादसे ने कोहराम मचा दिया। एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने मजदूरों से भरी पिकअप 407 में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हृदयविदारक घटना में दो महिलाओं की मौत हो गई। जबकि छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी पीड़ित पटना से मजदूरी कर अपने गांव मिल्की लौट रहे थे। इस बीच सड़क हादसे का वे शिकार हो गए। इस हादसे के बाद पुल पर चीख-पुकार मच गयी। कुछ देर के लिए अफरा- तफरी का माहौल बना रहा। इधर सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम एवं वैशाली चौक की पुलिस फौरन मौके पर पहुंची। एसआई महेश कुमार राय, राहुल राज, सुनील कुमार और चालक संजय यादव ने स्थानीय लोगों की मदद से क्षतिग्रस्त वाहन में फंसे घायलों को बाहर निकाला। और अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। इस बीच इलाज के दौरान दम तोड़ने वाली महिलाओं की पहचान संजो देवी (60 वर्ष), निवासी, मिल्की गांव कारी देवी (55 वर्ष), पति प्रकाश मंडल, मिल्की गांव के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायलों में पांचो चौधरी (60 वर्ष), फुदनी चौधरी (55 वर्ष), मनोज यादव (40 वर्ष) और शोभा देवी को नवगछिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर घायल महिलाओं ने बताया कि हम सभी पटना में मजदूरी का काम खत्म कर खुशी-खुशी अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही हमारी पिकअप वाहन बाबा विशु रावत पुल पर पहुंची तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार वाहन ने हमें जोरदार टक्कर मार दी। और पलक झपकते ही सब कुछ बिखर गया। ट्रैफिक थाना प्रभारी सुजीत कुमार वारसी ने बताया कि पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त पिकअप को जब्त कर लिया है। फरार अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान के लिए पुलिस सक्रिय है। पुलिस पुल एवं आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मायागंज भेज दिया है।

# फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में ट्राईब्रेकर से फैसला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चरपोखरी।** चरपोखरी प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित खेल के मैदान में सद्भावना कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच में ट्राईब्रेकर के दौरान पनवारी टीम के खिलाड़ियों को 4-1 से विजयी घोषित किया गया। किशोर क्लब चरपोखरी के बैनर तले आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला चरपोखरी और पनवारी की टीमों के बीच काफी रोमांचकारी खेला गया। इस अवसर पर दोनों तरफ के खिलाड़ियों ने एक दूसरे पर बढ़त हासिल करने के लिए पुरजोर प्रयास किया लेकिन निर्धारित समय तक किसी को भी गोल मारने में सफलता नहीं मिली। अन्तिम समय में ट्राई ब्रेकर के



दौरान पनवारी की टीम 4-1 से विजेता का खिताब अपने नाम हासिल किया। फाइनल मैच का उद्घाटन मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष पप्पू साह, सियाडीह मुखिया लालमुक्ति पासवान, मझियाव मुखिया रितेश कुमार, समाजसेवी पिंटू सिंह, संतोष पाण्डेय एवं मिथुन सिंह ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद गेंद को किक मारकर किया। इस अवसर पर बाद राष्ट्रगान के बाद विधिवत मैच शुरू हुआ। मैच में सभी अतिथियों को अंगवस्त्र और फूलमाला देकर किशोर क्लब चरपोखरी के सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। मैच में विकास कुमार विक्की ने रेफरी तो लाइंस मैन के रूप में अमरजीत सिंह व गोविंद सिंह के साथ उद्घोषक मनोज साह की भी सराहना होती रही। मौके पर किशोर क्लब चरपोखरी के संचालक पूर्व मुखिया विजय बहादुर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# प्रसव पूर्व गर्भवतियों की जांच

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही में प्रसव पूर्व तीन गर्भवती महिलाओं की जांच हुई। इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रेमराज ने बताया कि माह के 9,15 एवं 21 तारीख को गर्भवती महिलाओं की जांच की जाती है। प्रत्येक आशा अपने पोषक क्षेत्र से प्रसव पूर्व जांच कराने के लिए गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य केंद्र लाती हैं जहां पर एएनएम के द्वारा रजिस्ट्रेशन, लंबाई, वजन, बीपी आदि की जांच की जाती हैं, उनके बाद सभी तरह के टेस्ट करने के बाद उन्हें सभी तरह की दवाइयां उपलब्ध कराई जाती हैं। इस अवसर पर क्लर्क पुष्कर राज आदि थे।

# सोलर उर्जा अपनाने को जागरूकता रैली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरारी/कटिहार।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार को लेकर बुधवार को विद्युत आपूर्ति प्रशाखा बरारी द्वारा जागरूकता प्रभात फ़ेरी निकाली गई। कनीय विद्युत अभियंता शिवशंकर कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस रैली में विभाग के अधिकारी व कर्मियों ने भाग लेकर लोगों को सौर ऊर्जा के उपयोग के लिए प्रेरित किया। यह प्रभात फ़ेरी विद्युत शक्ति उपकेंद्र लक्ष्मीपुर से शुरू होकर शहर के विभिन्न इलाकों–सिवाना रोड, घूसकी, उचला चौक, गांधीग्राम, गुरु बाजार, थाना चौक, मारवाड़ी पट्टी, बरारी बस्ती सहित कई मोहल्लों से गुजरते हुए पुनः उपकेंद्र पर समाप्त हुई।



इस दौरान लोगों को योजना की विशेषताओं और लाभों की जानकारी दी गई। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि 16 अप्रैल 2026 को कटिहार टाउन हॉल में सोलर मेला आयोजित होगा। इसमें बिजली विभाग, बैंक प्रतिनिधि और सौर कंपनियों के विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे, जहां उपभोक्ताओं को आवेदन व लोन संबंधी सुविधा भी दी जाएगी। योजना के तहत कुटीर ज्योति श्रेणी के उपभोक्ताओं को 1.1 किलोवाट का सोलर प्लांट मुफ्त मिलेगा, जबकि अन्य को 30 हजार से 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। साथ ही 6% ब्याज दर पर लोन की सुविधा भी उपलब्ध है।

# बिहार में पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री बनने पर हर्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** सम्राट चौधरी का मुख्यमंत्री शपथ लेते ही भाजपा भोजपुर के नेताओं और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ा। बिहार मे भाजपा का पहली बार मुख्यमंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बाँटी और शुभकामनाएं दी। उक्त अवसर पर बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी एवं विजेन्द्र प्रसाद यादव को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।उन्होने खुशी व्यक्त करते हुए कहा बिहार का एनडीए सरकार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पार्टी और बिहार को ऊँचाई पर ले जाएँगे।उनके नेतृत्व मे बिहार आगे बढेगा। उन्होने मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होने निवर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित भाजपा एवं एनडीए घटक दलो के शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद दिया। वही भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, जिला उपाध्यक्ष ई. धीरेन्द्र सिंह, सूर्यकांत पांडेय, ज्योति प्रकाश कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा मीडिया प्रभारी संजय कुमार सिंह, महामंत्री नरेन्द्र तिवारी, संतोष चंद्रवंशी सहित पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने बिहार मे पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री बनने पर खुशी व्यक्त किया एवं एक दूसरे को मिठाई खिला कर खुशी मनायी। सभी ने कहा कि आज सभी कार्यकर्ताओं का स्वप्न पूरा हुआ। विश्वास है बिहार की नई सरकार नीतीश कुमार जी के कार्यो का आगे बढाते हुए बिहार को विकसित बनाएँगे।

# सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चांदन (बांका)।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर आज बुधवार शाम को चान्दन बस स्टैंड में भाजपा मण्डल अध्यक्ष निरंजन कुमार सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाते हुए नारेबाजी की और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। मौके पर जिला उपाध्यक्ष सह कटोरिया विधानसभा प्रभारी चन्दन कुमार सिन्हा, महेन्द्र साह, सुरेंद्र नाथ तिवारी, सुबोध यादव, परशुराम ठाकुर, चुनचुन ठाकुर, मनोज झा, मुकेश दुबे, भूमदेव ठाकुर,




मणिकांत भारती, गोपाल झा, जमुना पोद्दार, सुमन पोद्दार, तरुण दूबे, दीपक झा, राजाराम टुडू, कार्तिक मुर्मू, सुभाष तांती, जयनारायण सिंह, मकबूल अंसारी, भीमलाल चौधरी, विवेकानंद पाण्डेय, रूपेश पाण्डेय, चिंतामणि तुरी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ठोस सबूत के अभाव में सवालों के घेरे में गोरीपुर गोलीकांड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**प्राणपुर/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के रोशना थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार की शाम गौरीपुर बांध पर गोलीकांड की घटना से जहां दहशत का माहौल बन गया था। वहीं जांच के दौरान घटनास्थल पर कोई ठोस सबूत नहीं पाये जाने से सवाल उठना शुरु हो गया है। घटना को अब संदेह की नजर से भी देखा जाने लगा है। मामले में अज्ञात दो युवकों पर एक युवक से बाइक और पैसे छीनने का विरोध करने पर गोली मारने की बात सामने आई है। मामला सामने आते हीं पुलिस प्रशासन ने घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरु कर दी। इसी क्रम में एसडीपीओ अभिजीत सिंह स्वयं रोशना थाना पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा हर एक बिंदु पर गहन जांच पड़ताल की। जांच के दौरान स्थानीय ग्रामीणों से पूछताछ में चौंकाने वाली बात सामने आई है।क्योंकि एक भी ग्रामीण ने घटना की पुष्टि नहीं की है। वहीं जिस स्थान पर युवक को गोली मारे जाने की बात कही जा रही है, वहां खून का कोई निशान नहीं मिलने से पूरे मामले पर संदेह गहराने लगा है। मामले की जांच को पहुंची एफएसएल टीम को भी घटनास्थल से गोलीबारी होने से संबंधित कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिल पाया। जिसके कारण



घटना को लेकर क्षेत्र में सवाल उठना शुरु हो गया है। इधर घायल युवक के बयान और घटनास्थल की वास्तविक स्थिति में अंतर को लेकर पुलिस अब अति गंभीरता से घटना के सभी पहलुओं पर जांच तेज कर दी है। डीएसपी के नेतृत्व में चल रही जांच में तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों का मिलान किया जा रहा है, ताकि घटना की सच्चाई सामने आ सके। स्थानीय लोगों के अनुसार यदि वास्तव में गोली चली होती और पीड़ित को गोली लगी होती तो घटनास्थल पर इसके संबंध में कुछ तो साक्ष्य मिला होता लोग तो घायल युवक के बयान पर भी सवालिया निशान लगा रहे हैं। एक सवाल यह भी उठ रहा है कि अगर छिनतई को लेकर गोली मारी गई, तो फिर मोबाइल तक क्यों नहीं छीना गया। पुलिस प्रशासन के अनुसार घटना को लेकर सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा हो जाएगा।

# अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई महाराजा बहादुर राम रणविजय प्रसाद सिंह महाविद्यालय में मंगलवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक एवं दो के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. कनक लता कुमारी द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके पश्चात एनएसएस इकाई एक की



कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अंकिता ओझा एवं इकाई दो के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. रविकांत रंजन ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानाचार्य ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि एक महान समाज सुधारक और शिक्षाविद भी थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने और वंचितों के उत्थान के लिए समर्पित किया। कार्यक्रम में रसायनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू, हिंदी विभागाध्यक्ष सूची स्नेहा एवं एनसीसी संचालक डॉ. चंदन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। एनएसएस के स्वयंसेवकों और छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। नीतीश कुमार, साक्षी कुमारी, रूपाली कुमारी, सुमंत शर्मा, सुधांशु कुमार, अमित कुमार, बिट्टू कुमार, आदित्य कुमार, अविनाश एवं मोहित श्रीवास्तव सहित अनेक विद्यार्थियों ने 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के संदेश को अपनाने का संकल्प लिया।

# आयुष्मान खुराना के साथ रेड चीफ ने लॉन्च की अपनी नई ब्रांड फिल्म, 'नो शॉर्टकट्स'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आयुष्मान खुराना के साथ रेड चीफ़ ने लॉन्च की अपनी नई ब्रांड फिल्म, 'नो शॉर्टकट्स' फिलॉसफी पर जोर भारत के प्रमुख फुटवियर ब्रांड रेड चीफ़ ने अभिनेता आयुष्मान खुराना के साथ अपनी नई ब्रांड फिल्म और कैंपेन को 2 अप्रैल 2026 को होटल ली मेरिडियन, नई दिल्ली मे लॉन्च किया। इस मौके पर कंपनी ने 'नो शॉर्टकट्स' की अपनी नई ब्रांड फिलॉसफी भी पेश की, जो मेहनत, धैर्य और निरंतरता पर जोर देती है। कंपनी के अनुसार, यह कैंपेन शॉर्टकट्स की सोच को चुनौती देता है और यह संदेश देता है कि किसी भी मंजिल तक पहुंचने के लिए समय, मेहनत और हिम्मत जरूरी होती है। रेड चीफ़ अपने प्रोडक्ट को सिर्फ फुटवियर के रूप में नहीं, बल्कि हर कदम पर साथ निभाने वाले भरोसेमंद साथी के तौर पर पेश करता है। लेयन ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, मनोज ज्ञानचंदानी ने कहा कि, यह कैंपेन रेड चीफ़ की ब्रांड यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि पिछले 28 वर्षों से कंपनी अपने प्रोडक्ट्स और ब्रांड को विकसित करने में 'नो शॉर्टकट्स' की फिलॉसफी पर लगातार काम करती रही है, जिसकी झलक उसके डिजाइन, मटेरियल चयन और कारीगरी में साफ दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि, कंपनी हर प्रोडक्ट को आराम, स्टाइल और लंबे समय तक बेहतर प्रदर्शन को ध्यान में रखकर तैयार करती है। आसान या तेज रास्ता अपनाने के बजाय रेड चीफ़ ने हमेशा ऐसी प्रक्रियाओं को प्राथमिकता दी है, जो गुणवत्ता और भरोसे को सुनिश्चित करती हैं।लेयन ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, पार्थ ज्ञानचंदानी ने कहा कि, रेड चीफ़ ने क्वालिटी और कंफर्ट वाले फुटवियर में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। यह नया कैंपेन ब्रांड को सिर्फ फुटवियर तक सीमित नहीं रखता। बल्कि उसे एक नई लाइफस्टाइल से जोड़ता है। इसके जरिए कंपनी मेट्रो से लेकर टियर-1, टियर-2 और टियर-3 शहरों के युवा और स्टाइल पसंद करने वाले ग्राहकों से अपना जुड़ाव और मजबूत करना चाहती है। उन्होंने बताया कि, इस कैंपेन में कंपनी अपने नए स्पोर्ट्स शूज और स्नीकर्स कैटेगरी पर भी खास फोकस कर रही है।

# सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने पर दी बधाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** उप मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने पर जिला भाजपा अध्यक्ष संतोष कुमार एवं जिला प्रवक्ता इंदु भूषण झा ने आज उनसे मिलकर बधाई दी और इसे ऐतिहासिक और निर्णायक क्षण कहा है। श्री कुमार एवं श्री झा ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार बिहार में भारतीय जनता पार्टी का मुख्यमंत्री बना है। यह वर्षों के संघर्ष, तपस्या, समर्पण और विचारधारा की जीत के साथ एक ऐसा मुकाम जो अनवरत परिश्रम और जनता के अटूट विश्वास से हासिल हुआ है। यह सम्मान सम्राट चौधरी के प्रभावशाली नेतृत्व, दीर्घ राजनीतिक अनुभव, संघर्षशील व्यक्तित्व तथा संगठन के प्रति उनकी अटूट निष्ठा का प्रतिफल है। जिला प्रवक्ता ने विश्वास व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व में बिहार के राजनीति में सकारात्मक परिवर्तन आएगा और बिहार राज्य विकास की नई ऊंचाई को छूएगा। उन्होंने आशा जताई कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मार्गदर्शन में प्रदेश में सुशासन, पारदर्शिता एवं जन कल्याण के क्षेत्र में प्रभावी कार्य किए जाएंगे जिससे आमजन को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। सम्राट चौधरी एक ऊर्ज़ावान अनुभवी एवं दूरदर्शी नेता है, जिनके साथ हम सभी लोगों ने लंबे समय तक मिलकर कार्य किया है, उनका सहयोग समर्थन एवं मार्गदर्शन हम सबों को निरंतर प्राप्त होता रहा है। वहीं भाजपा नेत्री एवं जिला प्रवक्ता लक्ष्मी कुशवाहा ने कहा की हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं पार्टी के शीर्ष नेताओं के मार्गदर्शन से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार प्रदेश विकास एवं समृद्धि के नए मुकाम हासिल करेगा। वहीं शीलकंड मंडल अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालिसा का पाठ करते हुए मिठाईयां बांटी।

# बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार अश्विनी द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की नई प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया गया। इस अवसर पर अंबेडकर विचार मंच के सदस्यों सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के माहौल में संपन्न हुआ। उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के सामाजिक, शैक्षणिक और संवैधानिक योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अनावरण की औपचारिकता पूरी की।

समारोह के दौरान वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के विचारों को समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक बताते हुए उनके आदर्शों—समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय—पर चलने का आह्वान किया। उपस्थित लोगों ने उनके संदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

इस मौके पर अंबेडकर विचार मंच की ओर से प्रखंड विकास पदाधिकारी को सम्मानित किया गया। उन्हें नीले रंग का पट्टा, बाबा साहब का प्रतीक 'कलम' तथा भारतीय संविधान की पुस्तक भेंट की गई।

कार्यक्रम में मंच के संरक्षक रामाशीष दास, अध्यक्ष हरेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष लालदेव पासवान, सचिव भोला चौधरी, कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार राकेश, सुनील कुमार, जितेंद्र नारायण, सुरेंद्र पासवान सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

### भव्य झांकी के साथ रात्रि संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन

रफीगंज प्रखंड मुख्यालय से डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर भव्य झांकी निकाली गई। इस झांकी में प्रखंड क्षेत्र के 23 पंचायतों की भागीदारी रही, जिसमें करीब 23 डीजे के साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रखंड परिसर स्थित डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद लोग कतारबद्ध होकर झांकी के रूप में महाराजगंज, बस स्टैंड, मुख्य बाजार होते हुए स्टेशन मार्ग से गुजरते हुए पुनः ब्लॉक परिसर पहुंचे। कार्यक्रम स्थल पर आयोजित सभा में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व डीएम (जहानाबाद) सह बीपीएससी सदस्य नवल किशोर राम उपस्थित रहे। उनके साथ डीएसओ चंद्रशेखर राम, ढोसीला मुखिया गुड़िया देवी प्रमुख प्रतिनिधि बुलबुल सिंह, पैक्स अध्यक्ष मनीष कुमार सहित अन्य गणमान्य लोगों को पंचशील पट्टा, पेन एवं संविधान की प्रति देकर सम्मानित किया गया। वहीं सभी पंचायतों से आए झांकी के प्रमुख व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के बाद सुदर्शन व्यास एवं गुड्डू व्यास द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें मिशन गायक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उपस्थित लोगों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर अंबेडकर विचार मंच के अध्यक्ष हरेंद्र कुमार, सचिन भोला चौधरी, कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार राकेश, संरक्षक राम आशीष दास, लालदेव पासवान, संजय अंबेडकर, सुनील कुमार, दीप, जितेंद्र नारायण, अखिलेश राम, मुकेश चौधरी, सुरेंद्र पासवान, राधा मोहन, रीता देवी, अर्जुन राम समेत वार्ड पार्षद, स्वास्थ्य विभाग के कर्मी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** बिहार में सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने एकजित होकर उत्साहपूर्वक जश्न मनाया और मुख्यमंत्री को बधाई दी।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि लंबे समय बाद भारतीय जनता पार्टी का मुख्यमंत्री बनने से कार्यकर्ताओं में नया जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर दर्जनों कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

इसी क्रम में कलाली मोड़ पर भी भाजपा एवं एनडीए के कार्यकर्ताओं द्वारा जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाई दी और मिठाइयां बांटीं। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा, जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव विजय विश्वकर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय सिंह, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, मंडल अध्यक्ष मनोज यादव, भादवा मंडल अध्यक्ष रामकुमार सिंह, जिला मीडिया प्रभारी शुभम सिंह सहित कई नेता उपस्थित रहे।

इसके अलावा हम पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव, पूर्व लोजपा प्रखंड अध्यक्ष विनोद दास, पूर्व नगर अध्यक्ष संतोष गुप्ता,मुखिया विजय सिंह,श्याम किशोर शर्मा, बबलू सोनी, मंडल महामंत्री विमलेश पासवान, चंदेश्वर पाल, किसान मोर्चा अध्यक्ष हप्पू पासवान, कोषाध्यक्ष रंजीत शर्मा, प्रेमचंद सावज,अशोक प्रसाद,अरविंद राज सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार , संतोष गुप्ता एवं सहित समेत एनडीए के कई कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर एकजुटता का संदेश दिया।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल, रेफर

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज-शिवगंज पथ स्थित उचौली प्राथमिक विद्यालय के पास हुई सड़क दुर्घटना में पवई (औरंगाबाद) निवासी 30 वर्षीय गोविंद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। वे सीताराम प्रसाद के पुत्र बताए जाते हैं। घटना के संबंध में घायल के बहनोई रामजी प्रसाद ने बताया कि गोविंद कुमार रफीगंज स्थित अपने बहन के घर से अपने गांव पवई लौट रहे थे। इसी दौरान उचौली प्राथमिक विद्यालय के पास एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में गोविंद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉ. ए.के. खेसारी ने प्राथमिक उपचार किया। स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि वे अपनी बहन के घर रफीगंज आए हुए थे और वापस घर लौटने के दौरान यह घटना घटी।

### मोटरसाइकिल चोरी मामले में प्राथमिकी

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के तिवारी बीघा चौराहा के पास से एक मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पौथु थाना अंतर्गत बीरूआ गांव निवासी रेखा कुमारी ने रफीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रेखा कुमारी ने आवेदन में बताया कि उनकी स्प्लेंडर प्लस (सिल्वर रंग, नंबर बीआर 02 बीए 7937) मोटरसाइकिल रफीगंज ओवरब्रिज के पास खड़ी थी। उनके पति गुड्डू कुमार गाड़ी खड़ी कर घर में ढलाई का काम करने चले गए थे। शाम को काम खत्म कर लौटने पर मोटरसाइकिल वहां से गायब मिली। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता नहीं चलने पर थाने में आवेदन दिया गया। इस संबंध में रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस द्वारा घटना की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### नल-जल योजना बदहाल, अधिकारी बेपरवाह

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र में सरकार की महत्वाकांक्षी 'नल-जल योजना' दम तोड़ती नजर आ रही है। रखरखाव के अभाव में कहीं सप्लाई ठप है तो कहीं पाइपलाइनें जगह-जगह से जर्जर होकर टूट चुकी हैं, जिससे लोगों के घरों के नल सूखे पड़े हैं। क्षेत्र के कई गांवों में महीनों से पानी की सप्लाई ठप है। ग्रामीणों का कहना है कि नल तो लग गए, लेकिन उनमें पानी कभी-कभार ही आता है। कहीं पाइप फटने से गंदा पानी सप्लाई हो रहा है, तो कहीं वर्षों से मोटर खराब है। भीषण गर्मी की दस्तक के बीच पानी की इस किल्लत ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। ग्रामीणों को अब मजबूरन दूर-दराज के हैंडपंपों या कुओं पर निर्भर रहना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत घेउरा, वार्ड संख्या एक के वार्ड सदस्य नरेंद्र पासवान ने बताया कि नल-जल योजना से उनके गांव में करीब एक साल से सप्लाई बंद है।"हमने कई बार शिकायत की, लेकिन मरम्मत के नाम पर सिर्फ आश्वासन मिलता है।" उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने आर्थिक सहयोग से मरम्मत कराने का प्रयास किया गया, परन्तु मोटर में खराबी होने के कारण सप्लाई चालू नहीं हो पाया। जगह-जगह पाइपलाइन भी जाम है। इस संबंध में जब विभाग के कनिष्ठ अभियंता से बात की गई, तो उन्होंने जल्द मरम्मत कार्य शुरू कराने की बात कही है। हालांकि, धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। अगर प्रशासन ने जल्द ही इन जर्जर पाइपों को दुरुस्त नहीं किया, तो आने वाले दिनों में पानी के लिए हाहाकार मचना तय है।

### वर्षों से बंद पड़ा है सामुदायिक शौचालय

**औरंगाबाद।** स्वच्छता को लेकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत शौचालयों का निर्माण किया जा रहा है परंतु गोह प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सामुदायिक शौचालय वर्षों से बंद पड़ा है। बता दें कि शौचालय का निर्माण पंचम राज्य वित्त आयोग से निर्मित किया गया है। शौचालय बंद रहने से प्रखंड कार्यालय पहुंचने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हालांकि शौचालय के निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद इसका उपयोग शुरू न होना प्रशासन की उदासीनता को दर्शाता है। परिसर में आने वाले कर्मचारी, ग्रामीण और आगंतुक इस सुविधा से वंचित हैं। विशेषकर महिलाओं को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। योजना स्थल पर लगे शिलापट्ट पर अनुशंसा करने वाले जनप्रतिनिधियों के नाम तो अंकित हैं परंतु निर्माण में खर्च की गई कुल राशि का उल्लेख नहीं किया गया है जिससे पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीण सोना देवी, पुष्पा देवी, दिलीप कुमार का कहना है कि जब सरकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत खुले में शौच मुक्त भारत की बात कर रही है तो प्रशासन को तत्काल ताला खोलकर इस सुविधा से आमजन के उपयोग के लिए शुरू करना चाहिए।

# सुभाष चंद्र मिशन स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** सुभाष चंद्र बोस मिशन स्कूल संडा-मटपा, में स्थापना दिवस सह वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डायरेक्टर अरविंद कुमार बोस ने दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया। उन्होंने वार्षिक प्रगति रिपोर्ट पढ़ी और साल भर की उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया कि विद्यालय शिक्षा के साथ खेलकूद और कला के क्षेत्र में भी नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। विद्यालय प्रबंधन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कड़ी मेहनत, अनुशासन और समय का सदुपयोग बेहतर सफलता दिला सकता है, इसलिए बच्चों को दृढ़ संकल्पित होकर लक्ष्य साधने का प्रयत्न करना चाहिए। समारोह के दौरान वार्षिक परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पांचवी कक्षा के मयंक कुमार ने प्रथम, आनंद मौर्य ने द्वितीय तथा कोमल कुमारी में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर शिक्षक रंजीत कुमार सिंह, मोहम्मद अल्तमस, शिवदयाल ठाकुर, गजल साजिया, जूली, कुमकुम कुमारी, शाहीन प्रवीण, चांदनी, सोनी कुमारी, फूल कुमारी, सविता वर्मा, विद्यालय के समस्त स्टाफ, अभिभावक और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# सेन्को ने पेश किए मेगा डिस्काउंट




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने अपने बहुप्रतीक्षित 'बैंगल उत्सव 2026' की शुरुआत करते हुए ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर्स की झड़ी लगा दी है। 85 वर्षों से अधिक की समृद्ध विरासत वाला यह ब्रांड देशभर में 200 से ज्यादा आउटलेट्स के साथ ज्वेलरी बाजार में एक मजबूत पहचान बना चुका है। पोइला बोइशाख और अक्षय तृतीया जैसे शुभ अवसरों को ध्यान में रखते हुए यह उत्सव खास तौर पर डिजाइन किया गया है, जहां सोना खरीदना समृद्धि और शुभता का प्रतीक माना जाता है। इस बार 'बैंगल उत्सव' में 10,000 से अधिक बैंगल डिज़ाइन्स पेश किए गए हैं, जिनमें 500 नए और ट्रेंडिंग डिज़ाइन्स शामिल हैं। 30,000 रुपए की शुरुआती कीमत और सिर्फ 6% से शुरू होने वाले मेकिंग चार्ज के साथ यह कलेक्शन हर वर्ग के ग्राहकों को आकर्षित करने वाला है। सोना, हीरा और प्लैटिनम से तैयार ये बैंगल्स पारंपरिक कारीगरी और मॉडर्न स्टाइल का बेहतरीन मेल पेश करते हैं। कंपनी की डायरेक्टर जोइता सेन के अनुसार, यह कलेक्शन युवाओं के आत्मविश्वास और उनकी पहचान को दर्शाने के लिए तैयार किया गया है—एक ऐसा संदेश जो कहता है, "मेरी जिंदगी मेरे हाथों में"। वहीं एमडी और सीईओ सुवंकर सेन ने इसे परंपरा और आधुनिकता के संगम का प्रतीक बताया।

ग्राहकों के लिए इस उत्सव में कई आकर्षक ऑफर्स भी दिए जा रहे हैं—

गोल्ड ज्वेलरी पर प्रति 10 ग्राम 10,000 तक की छूट

पुराने सोने के एक्सचेंज पर 0% कटौती

डायमंड ज्वेलरी मेकिंग चार्ज पर 75% तक की छूट

डायमंड वैल्यू पर 20% तक की छूट

प्लैटिनम ज्वेलरी मेकिंग चार्ज पर 15% तक की छूटसाथ ही, 50,000 या उससे अधिक की खरीदारी पर एसबीआई क्रेडिट कार्ड से भुगतान करने पर 7,500 तक की अतिरिक्त छूट भी दी जा रही है। यह विशेष ऑफर 5 अप्रैल से 19 अप्रैल 2026 तक देशभर के सभी शोरूम्स में उपलब्ध है। इस उत्सव के जरिए सेन्को न सिर्फ आभूषण बेच रहा है, बल्कि हर हाथ को उसकी अपनी पहचान और कहानी भी दे रहा है—जहां हर कंगन सिर्फ गहना नहीं, बल्कि एक एहसास है।

# 'संवैधानिक उपचारों का अधिकार' संविधान की आत्मा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा ( औरंगाबाद)।** उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव में बड़े ही उत्साह, समरसता और गरिमा के साथ अंबेडकर जयंती मनाई गई। जयंती समारोह की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक विनय कुमार गुप्ता तथा मंच संचालन अध्यापिका सुनीता कुमारी प्रथम ने किया। प्रधानाध्यापक ने भीम राव अम्बेडकर की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने भीमराव अम्बेडकर के बचपन लेकर प्रौढ़ावस्था तक सामाजिक उत्पीड़न के बावजूद हार न मानने की बात बताई और बच्चों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने तथा समाज में समानता और समरसता बढ़ाने पर जोर दिया। श्री गुप्ता ने कहा कि विदेशों से पीएचडी की डिग्री प्राप्त करने के बाद बाबा साहब भारत लौटे और यहां असमानता, छुआछूत, भेदभाव को समाप्त करने हेतु संघर्ष किया। वे संविधान सभा में अत्यंत महत्वपूर्ण प्रारूप समिति के अध्यक्ष बनाए गए और कई महत्वपूर्ण अनुच्छेदों को संविधान में शामिल करवाया जिसमें समानता का अधिकार, अस्पृश्यता समाप्त करने का अनुच्छेद इत्यादि शामिल है। बाबा साहब ने अनुच्छेद 32 में शामिल 'संवैधानिक उपचारों का अधिकार' को संविधान की आत्मा बताया। शिक्षा को उन्होंने बदलाव का सबसे सशक्त माध्यम बताया। बाबा साहब का कहना था कि पैरों में जूते भले ना हो लेकिन हाथों में किताबें जरूर होनी चाहिए। उन्होंने सभी से बाबा साहब अंबेडकर के विचारों पर चलकर उच्च शिक्षा प्राप्त करके समाज में बदलाव लाने हेतु संकल्पित होने को कहा। इस अवसर पर विद्यालय अध्यापिका सुनीता कुमारी प्रथम, अध्यापक सांसद कुमार राम, शत्रुघ्न कुमार मेहता, छोटू कुमार, घूरा राम, संजीत राम, सिकंदर राम सहित बड़ी संख्या में अभिभावक शामिल थे।

# 18 अप्रैल से रामाबांध में शुरू होगा श्री रुद्र महायज्ञ



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शहर के वार्ड नंबर 4 स्थित रामाबांध में 18 अप्रैल से श्री श्री 1008 श्री शिव प्राण प्रतिष्ठा सह श्री रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ होगा। इस महायज्ञ में 18 से लेकर 23 अप्रैल तक अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक श्याम दास जी महाराज के द्वारा शाम 7 बजे से प्रतिदिन श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया कि परम पूज्य त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य पूज्य जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में यह महायज्ञ काशी, प्रयागराज, वृंदावन, अयोध्या से आए हुए आचार्य द्वारा संपन्न किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 18 अप्रैल को जल यात्रा, 19 अप्रैल को हवन प्रारंभ, 20 अप्रैल को अन्नाधिवास, 21 अप्रैल को फलाधिवास, 22 अप्रैल को नगर भ्रमण, 23 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा एवं 24 अप्रैल को पूर्णाहुति के साथ महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस महायज्ञ का आयोजन होने से आसपास का माहौल भक्तिमय में हो गया है और सभी लोग इसकी तैयारी में दिन-रात लगे हुए हैं।

# प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से खनन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** प्रतिबंध के बावजूद पुनपुन नदी से बालू का खनन धड़ल्ले से जारी है। नियम-कानून को ताक पर रखकर अवैध बालू का यह काला कारोबार औरंगाबाद जिले के गोह एवं हसपुरा प्रखंड क्षेत्र में खुलेआम फल-फूल रहा है। हैरानी की बात यह है कि स्थानीय पुलिस जिम्मेदारी से चुप्पी साधे हुए हैं। हालात ऐसे हैं कि यह अवैध गतिविधि बिना किसी रोक-टोक के लगातार जारी है। सूत्रों की मानें तो इस पूरे खेल में स्थानीय प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं। हालांकि बीच-बीच में कार्रवाई की बात जरूर सामने आती है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। अवैध खनन के संबध में कई वीडियो भी प्राप्त हुआ है। दबंगई इस कदर है कि रात के अंधेरा की बात तो दूर दिन के उजाले में बेखौफ होकर बालू उठाकर बिक्री कर रहे हैं जिससे सरकार को लाखों रूपये राजस्व का चूना लग रहा है। यह पूरा मामला शेखपुरा घाट से लेकर हामिदनगर तक की है। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। लोगों का कहना है कि बालू माफिया नियम-कानून को ताक पर रखकर खनन कर पुलिस को चुनौती दे रहे है। खैर, मामला जो हो लेकिन अवैध खनन करने वाले माफिया के हौसले बुलंद हैं। अब स्थिति यह है कि अवैध खनन से जहां माफिया धरती का सीना छलनी कर मालामाल हो रहे हैं, वहीं सरकार को प्रतिमाह लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

# देव गुरुकुल में अब नीट, जेईई व एनडीए की तैयारी




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**शाहाबाद मारकंडा।** शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत गैलेक्सी ग्रुप और जेनिसिस ग्रुप के बीच गठबंधन किया गया है। इस साझेदारी के बाद अब देव गुरुकुल में अध्ययनरत छात्रों को देश के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे आईआईटी, एम्स और एनडीए की तैयारी का अवसर मिलेगा। गठबंधन के तहत अब देव गुरुकुल में नीट, जेईई एवं एनडीए जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जेनिसिस ग्रुप की अनुभवी फैकल्टी द्वारा कराई जाएगी। संस्थान में वर्तमान में 18 राज्यों के छात्र अध्ययन कर रहे हैं, जिन्हें इस नई व्यवस्था से विशेष लाभ मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर जेनिसिस ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर जितेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और समग्र बौद्धिक विकास पर विशेष जोर दिया गया। देव गुरुकुल प्रबंधन समिति के चेयरमैन विनोद गोयल, कृष्ण गोयल एवं विजय गोयल ने बताया कि यह निर्णय छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली एवं प्रतिस्पर्धात्मक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है। मुनीश गोयल एवं अर्पित गोयल ने कहा कि देव गुरुकुल में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। संस्थान की विशेषताओं की चर्चा करते हुए बताया गया कि यहां अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त 33 एकड़ का विशाल कैंपस है। छात्रों के लिए वातानुकूलित क्लासरूम एवं हॉस्टल की व्यवस्था है, साथ ही 24×7 सीसीटीवी निगरानी भी सुनिश्चित की गई है।

# 'अमर शहीद जगदेव प्रसाद जागरण अभियान' का जोरदार स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** सामाजिक न्याय और समानता के प्रबल पक्षधर अमर शहीद जगदेव प्रसाद के विचारों के प्रसार के उद्देश्य से संचालित 'जागरण अभियान' के हसपुरा पहुंचने पर क्षेत्र में उत्साह और जागरूकता का माहौल देखने को मिला। स्थानीय लोगों, बुद्धिजीवियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अभियान का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम का आयोजन हसपुरा स्थित आईटीआई परिसर में किया गया, जहां आगत अतिथियों का शॉल, मेमेंटो एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

# ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में सम्मानित हुए हसपुरा के चिकित्सक डॉ. अता रिज़वी




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के प्रख्यात चिकित्सक डॉ. अता रिज़वी को इंग्लैंड स्थित विश्वविख्यात यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड में सम्मानित किए जाने से पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। चिकित्सा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान तथा मानव सेवा के प्रति समर्पण को अंतरराष्ट्रीय मंच पर सराहा गया है। यह सम्मान उन्हें इंग्लैंड के प्रधानमंत्री के सलाहकार के कर-कमलों द्वारा प्रदान किया गया। इससे पूर्व ब्रिटेन के सांसद कृष रावल एवं शिवानी राजा सहित कई विशिष्ट अतिथियों ने भी डॉ. रिज़वी के कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम में दुनिया भर से आए प्रतिष्ठित चिकित्सकों और विशेषज्ञों की उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक गरिमामय बना दिया। डॉ. अता रिज़वी को केवल ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में ही नहीं, बल्कि ब्रिटिश संसद और नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में भी सम्मानित किया गया।

# एकाग्र एजुकेशनल हब का शानदार परिणाम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** शहर के एमजी रोड स्थित एकाग्र एजुकेशनल हब के छात्रों ने सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है। इस वर्ष के परिणामों में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया। संस्थान की मेधावी छात्रा विद्या भारती ने 97% अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया, वहीं सलोनी सिंह ने 96% अंक प्राप्त कर बेहतरीन प्रदर्शन किया।

परिणामों के विश्लेषण में सामने आया कि लगभग 30% छात्रों ने 90% से अधिक अंक हासिल किए, जबकि 50% छात्रों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

संस्थान के निदेशक डॉ. आशुतोष ने इस सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि 95% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को 100% स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। साथ ही उन्हें नीट और जेइइ जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी भी कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि अब औरंगाबाद के छात्रों को उच्चस्तरीय कोचिंग के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। एकाग्र एजुकेशनल हब में ही कोटा और दिल्ली जैसे शिक्षण माहौल की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। संस्थान ने नीट, जेइइ एवं फाउंडेशन (कक्षा 6वीं से 12वीं) के लिए नए सत्र में प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इच्छुक छात्र-छात्राएं संस्थान से संपर्क कर नामांकन करा सकते हैं। संस्थान प्रबंधन ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# पोक्सो मामले में दोषी को पांच वर्ष की सजा

**औरंगाबाद/नबिटा संवाददाता।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद स्थित स्पेशल पोक्सो कोर्ट के न्यायाधीश लक्ष्मी कांत मिश्रा ने देव थाना कांड संख्या 119/24 तथा पोक्सो केस संख्या 210/24 में सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त को सजा सुनाई। न्यायालय ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद यह फैसला दिया। स्पेशल लोक अभियोजक शिवलाल मेहता ने बताया कि अभियुक्त शशीभूषण कुमार, निवासी करगहर, रोहतास को 7 अप्रैल 2026 को भादंवि की धारा 366 और पोक्सो अधिनियम की धारा 12 के तहत दोषी करार दिया गया था। इसके बाद उसका बंधपत्र विखंडित कर उसे जेल भेज दिया गया था। बुधवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने भादंवि की धारा 366 के तहत पांच वर्ष की सजा और 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। वहीं पोक्सो अधिनियम की धारा 12 के तहत तीन वर्ष की सजा और 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

# अवैध मोरम लदे दो हाइवा जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** अवैध खनन व परिवहन को लेकर लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में टंडवा थाना की पुलिस द्वारा अवैध मोरम लदा दो हाइवा को जब्त किया गया है। जबकि चालक मौके से फरार हो गए। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

**Name Change**

I, Prabhat kumar s/o Kailash Prasad Gupta R/o Vill + PO+ PS - Dinara, Distt. - Rohtas, state Bihar PIN- 802213 have changed the name of my son namely Priti Kumari age 13 years and he shall hereafter be known as Vishnu Kumar.

**AFFIDAVIT**

I Mohammad Nazib Akhtar S/O Mohammad Abu Saleh R/o Vill+mohalla-Dargah road patthar ki masjid, ward no. 50 as Affidavit No. 03, Date: 10.01.2026. That in my son Maaz Akhtar 's matriculation all educational certificate my name has been mentioned as Nazib Akhtar. That in my aadhar card my name mentioned as Mohammad Nazib Akhtar. That instead of Nazib Akhtar I shall be known as Mohammad Nazib Akhtar for all purposes.

# महिला सशक्तीकरण और उद्यमिता वृद्धि पर जोर

## डीएम ने की जीविका की समीक्षात्मक बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** कारगिल विजय सभागार में बुधवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जीविका की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में जीविका द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक अविनाश कुमार ने जिले में संचालित गतिविधियों, उपलब्धियों एवं आगामी रणनीतियों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। बैठक के दौरान महिला सशक्तीकरण, स्वावलंबन, आजीविका संवर्धन तथा स्वयं सहायता समूहों की गतिविधियों पर गहन चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने योजनाओं के समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल देते हुए कहा कि लाभार्थियों तक योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने छोटे एवं सूक्ष्म उद्यमों को प्रोत्साहित करने पर जोर देते हुए परंपरागत गतिविधियों से आगे बढ़कर हस्तशिल्प, कला एवं नवाचार आधारित उद्यमों को बढ़ावा देने का निर्देश दिया। डीएम ने सभी जीविका दीदियों तक वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करने के साथ-साथ कृषि, गैर-कृषि, पशुपालन एवं कौशल विकास से जुड़ी गतिविधियों के विस्तार पर बल दिया। साथ ही उत्पादों की बेहतर पैकेजिंग, ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। जिला मुख्यालय में जीविका मार्ट की शुरुआत के साथ इवेंट मैनेजमेंट के क्षेत्र में भी दीदियों को हाथ आजमाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि नवाचार के क्षेत्र में कई अवसर है, जिससे दीदियों के सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। बैठक में प्रखंड स्तर पर संचालित कार्यों की प्रगति, चुनौतियों एवं आगामी कार्ययोजना पर भी विस्तार से चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने हरित खाद के उत्पादन, उपयोग एवं विपणन को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। इस दौरान डीएम ने जीविका दीदियों द्वारा संचालित दीदी की रसोई की सराहना करते हुए इसे प्रखंड स्तर तक विस्तारित करने का निर्देश जिला परियोजना प्रबंधक को दिया। बैठक में उपविकास आयुक्त आकाश चौधरी, जीविका के जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, कृषि विभाग के अधिकारी एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# थाना हाजत से फरार हुआ संदिग्ध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** थाना हाजत से मंगलवार की रात एक संदिग्ध युवक पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस कर्मियों की चहल कदमी बढ़ गई। बताया जाता है कि युवक थाना कंप्यूटर कक्ष के पीछे लगे वेंटिलेटर को तोड़कर भागने में सफल हो गया। ज्ञात हो की सोमवार को पहसारा बगरस पथ स्थित चक मुजफ्फर तीन बटिया मोड़ पर उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक, मंझौल शाखा की कर्मी निधि कुमारी से अज्ञात बदमाशों ने देशी कट्टा का भय दिखाकर करीब 93 हजार रुपये एवं मोबाइल टैब लूट लिए थे। इस घटना के बाद पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। संदिग्धों से पूछताछ की जा रही थी। इसी क्रम में पीरनगर स्थित एक पेट्रोल पंप से अशोक महतो के पुत्र बब्बू को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। पूछताछ के दौरान उसका चचेरा भाई, सुरेश महतो का पुत्र संजीव कुमार उससे मिलने थाना पहुंचा। पुलिस ने संदेह के आधार पर उसे भी बैठाकर पूछताछ शुरू कर दी। जांच में यह बात सामने आई कि संजीव कुमार बखरी थाना कांड संख्या 332/21 में शराब बरामद्गी मामले का अप्राथमिकी अभियुक्त रह चुका है। फिलहाल वह जमानत पर बाहर था। रात के करीब नौ बजे तक उससे पूछताछ जारी रही। चूंकि उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार नहीं किया गया था। इसलिए उसे हाजत या हथकड़ी में नहीं रखा गया था। इसी का फायदा उठाकर उसने कंप्यूटर कक्ष के पीछे का वेंटिलेटर तोड़ा और अंधेरे का लाभ उठाते हुए फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना में हड़कंप मच गया। थानाध्यक्ष मो फिरदौस के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर छापेमारी शुरूकर दी। पीर नगर और आसपास के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। हालांकि अब तक युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका है।

# द्वारिका पैलेस में मेधावी छात्र सम्मान समारोह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नावकोठी।** नावकोठी के द्वारिका पैलैस में मंगलवार को मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने की। संचालन सुभाकर मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का उदघाटन दीप प्रज्ज्वलित कर एस डीपीओ बखरी कुन्दन कुमार, प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन डा. मारूति नंदन, पूर्व बीईओ फणीश चन्द्र पाठक, प्रमुख अनीता देवी, मुखिया राष्ट्रपति कुमार, सेवानिवृत्त शिक्षक रविन्द्र सिंह, राम स्वरूप साहु, राम किशोर मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। एसडीपीओ बखरी कुन्दन कुमार ने कहा कि मेधावी बच्चों का सम्मान अनिवार्य है। इससे मेधावी बच्चों का प्रोत्साहन होता है। अगली कक्षा की पढ़ाई दोगुनी उत्साह के साथ करेंगे। उन्होंने कहा प्रतिभा को प्रोत्साहन एवं प्रेरणा की जरूरत है। उन्होंने ऐसे कार्यक्रम की बेहद सराहना की। डा मारूति नंदन ने कहा कि प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान आवश्यक है। प्रतिभा को उड़ान की जरूरत है। ऐसे सम्मान से ही वे ऊर्जावान होंगे और आगे अपनी मंजिल पाने में सक्षम होंगे। इसी कड़ी में सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान, पत्रकार सम्मान के साथ साथ प्रखंड के सभी नौ उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के सम्मान, इंटर, मैट्रिक में टप टेन छात्र छात्राओं का सम्मानित किया गया। इन मेधावी बच्चों को प्रशस्ति पत्र के साथ साथ चादर,कलम, डायरी से सम्मानित किया गया। मौके पर प्रो राज किशोर प्रसाद, शिक्षाविद वीरेंद्र कुमार, मृत्युंजय कुमार, विश्व नाथ दास, अरविंद झा, राम नारायण दिवाकर, नीतीश कुमार, राज नारायण सिंह, सुनील कुमार, तरूण कुमार, देवेन्द्र दास, देवेन्द्र सिंह, गणेश झा, राजेश कुमार, नन्द किशोर पंडित, अरूण कुमार, सरोज कुमार महतो, अजीत कुमार, अरूण कुमार सहित दर्जनों प्रमुख गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# दारोगा हत्या कांड में कोर्ट ने सुनाई पांच साल जेल की सजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश (नवम) गौरव आनंद की अदालत ने दरोगा खामस चौधरी हत्या कंाड में तीनों आरोपित को 5 साल की सश्रम करावास की सजा सुनाई। नीमाचांदपुरा थाना क्षेत्र निवासी रितेश कुमार, मनीष कुमार एवं कृष्ण कुमार को दोषी करार देते हुए पांच वर्ष के सश्रम कारावास के साथ 10,500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अदालत ने अपने निर्णय में स्पष्ट किया कि प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर यह मामला हत्या (धारा 302) का नहीं बल्कि गैर इरादतन हत्या (धारा 304) का बनता है। इसी आधार पर तीनों अभियुक्तों को दोषी ठहराया गया। घटना उस समय की है जब दारोगा खामस चौधरी अपने अन्य पुलिसकर्मियों के साथ छतौना पुल के पास अवैध शराब की तस्करी की सूचना पर कार्रवाई कर रहे थे। पुलिस टीम ने संदिग्ध वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन तस्करों ने भागने के क्रम में वाहन से जोरदार धक्का मार दिया। इस टक्कर से दारोगा खामस चौधरी सड़क पर गिर पड़े और उनका सिर पत्थर से टकरा गया, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। मामले में तत्कालीन थानाध्यक्ष परशुराम सिंह के बयान पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 353, 323 सहित अन्य धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच के बाद पुलिस ने तीनों आरोपितों के विरुद्ध आरोपपत्र समर्पित किया। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक विपिन राय ने पक्ष रखते हुए कुल नौ गवाहों की गवाही कराई, जिनमें पुलिस पदाधिकारी एवं चिकित्सक शामिल थे। गवाहों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने विस्तृत विचार-विमर्श के बाद निर्णय सुनाया। तीनों दोषी पिछले लगभग 30 माह से न्यायिक हिरासत में बंद हैं। अदालत द्वारा सुनाई गई सजा के बाद उनकी आगे की कानूनी प्रक्रिया तय होगी। यह मामला पुलिस महकमे और आम लोगों के बीच काफी चर्चित रहा है। ड्यूटी के दौरान एक पुलिस पदाधिकारी की मौत से जुड़े इस मामले में न्यायालय के फैसले पर पूरे जिले की नजरें टिकी हुई थीं।

# बिहार में नए सम्राट के उदय होने पर भाजपा ने मनाया जश्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जमालपुर(मुंगेर)।** बिहार में पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री बनने पर पूरे प्रदेश में जहां जश्न का माहौल दिख रहा है वहीं जमालपुर प्रखंड एवं नगर के भाजपा नेता कार्यकर्ताओं ने इस खुशी को जश्न में तब्दील किया। जुबली बेल चौक पर रंग अबीर मिठाई बांट कर एक दूसरे को बधाई दिए। नगर अध्यक्ष पूर्वी के वीरेंद्र कुमार भुट्टो एवं प्रखंड अध्यक्ष मनीष गोस्वामी ने कहा कि बिहार में पहली बार कमल खिला है और सम्राट का उदय हुआ है। इसलिए बिहार और भी तेजी से विकसित होगा और विकास विकास के सही आयाम को छूएगा। दोनों नेताओं ने यह भी कहा कि आखिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह ने जो सपना बिहार में मुख्यमंत्री बनाने का देखा था वह आज पूरा करके बिहार वासियों को दिखा दिया। मौके पर जिला महामंत्री निषूतेष कुमार निशु, नगर उपाध्यक्ष राजीव कुमार, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, महामंत्री सोनू पोद्दार महामंत्री, पूर्व नगरध्यक्ष प्रहलाद घोष, पूर्व जिला संयोजक डॉ अनिल कुमार, मुंगेर नगर उपाध्यक्ष मुकेश यादव, प्रखंड महिला मोर्चा के नगरध्यक्ष प्रतिमा सिंह, भाजपा नेता पिंटू मिश्रा सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सीएम बनने पर भाजपा ने दी बधाई

**नावकोठी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर स्थानीय नेताओं ने उन्हें बधाई देते हुए इसे राज्य के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। भाजपा नेता विश्वनाथ दास, तरुण कुमार, देवेंद्र दास, रणवीर कुमार, प्रो. विभाकर सिंह, कपिल देव पोद्दार, मनीष पाठक, बाबू साहेब कुंवर, मुकेश महतो एवं दीपक कानू, अजीत कुमार समेत कई कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से सम्राट चौधरी को शुभकामनाएं दीं। नेताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व में राज्य नई ऊंचाइयों को छुएगा और विकास कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि सम्राट चौधरी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन, विकास और जनकल्याण की योजनाओं को और मजबूती मिलेगी। साथ ही आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित होगा। इस मौके पर नेताओं ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कार्य करेंगे और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे।

# विश्वविद्यालय भूमि अधिग्रहण मामले को लेकर गंभीर हुए डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मुंगेर।** विश्व विद्यालय मुंगेर भूमि अधिग्रहण को लेकर आज चड़ौन के पंचायत सरकार भवन में जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर की अध्यक्षता में सभी रैयतों के साथ बैठक हुई। बैठक में भूमि अधिग्रहण हेतु होने वाले सर्वे तथा रैयतों की जमीन के मुआवजा पर चर्चा हुई। बैठक में अपर समाहर्ता मनोज कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार अभिषेक, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी पंकज कुमार गुप्ता सहित क्षेत्र के दर्जनों रैयत उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी रैयतों से अपील करते हुए कहा कि चड़ौन में मुंगेर विश्व विद्यालय के लिए जमीन का चयन किया गया है। इसमें आप तमाम रैयतों की जमीन अधिग्रहित की जा रही है। इसके लिए आप सभी रैयत सबसे पहले सर्वे कार्य को पूर्ण होने दें। सर्वे होते ही जैसे ही जमीन अधिग्रहण का कार्य प्रारंभ होगा, सभी संबंधित रैयतों को जिला प्रशासन की ओर से उचित मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत ही हर्ष की बात है कि इस क्षेत्र को मुंगेर विश्व विद्यालय के लिए चिन्हित किया गया है। आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र का सर्वांगिण एवं चहुमुखी विकास होना निश्चित है। इसमें आप सभी का सहयोग अत्यंत ही अपेक्षित है। जिन भी रैयतों की जमीन इस विश्व विद्यालय निर्माण में जाएगा उन्हें हर हाल में उचित मुआवजा दिया जाएगा। आगामी 21, 22 एवं 23 अप्रैल को सर्वे का कार्य प्रारंभ होना है। इस लिए आप सभी इस सर्वे कार्य को सफलता पूर्वक संपन्न होने दें। जब तक सर्वे का कार्य पूर्ण नहीं हो जाता तब तक आप रैयतों की जो भी समस्याएं उसका समाधान संभव नहीं है। इस लिए आप सभी सर्वे कार्य में व्यवधान न उत्पन्न करें बल्कि अपना पूर्ण सहयोग दें, ताकि जिन रैयतों की जितनी जमीन अधिग्रहित की जाएगी उन्हें जमीन के आधार पर मुआवजा की राशि दी जाएगी। उन्होंने सभी रैयतों से अपील करते हुए कहा कि सर्वे के दौरान सभी रैयत अपने अपने जमीन के पूर्ण कागजात के साथ अपना अपना नाम हर हाल में अंकित कराएंगे, ताकि उन्हें ससमय उचित मुआवजा की राशि उपलब्ध करायी जा सके।

# मेगा ब्लॉक के दौरान सर्तकता व जागरूकता के साथ ट्रेनों का हुआ परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर भागलपुर और किऊल रेलखंड के बीच ट्रेनों की स्पीड बढ़ाने और जर्जर पटरी दुरुस्त करने को लेकर मंगलवार की देर रात्रि में चार घंटे का मेगा ब्लॉक लिया गया। यह ब्लॉक जमालपुर रतनपुर सेक्सन के बीच सुरंग के नजदीक अप लाइन में लिया गया। इस दौरान रात्रि करीब 1 बजे से सुबह 4.40 तक अप लाइन में किसी भी ट्रेनों का परिचालन ठप रहा। हालांकि देर रात्रि की एक्सप्रेस व पैसेंजर सहित मालागड़ियों का परिचालन डाउन से सतर्कता और जागरूकता के साथ किया। मेगा ब्लॉक के दौरान आईओडब्ल्यू, पीडब्ल्यूआई, सिग्नल मेन एवं अन्य तकनीकी विभागों की एक दो दर्जन कर्मियों ने अप लाइन की पुरानी थीक वेब स्वीच (टीडब्लूएस) बदल कर तीन नए टीडब्लूएम लगाए ताकि ट्रेनों की स्पीड बरकरार रह सके। इस बावत ट्रैफिक इंस्पेक्टर नीरज कुमार ने बताया कि देर रात में विशेष तकनीकी कार्य किया गया। रात्रि फरक्का एक्सप्रेस के गुजर जाने के बाद ही ब्लॉक लिया गया। तथा सुबह 4.45 बजे फिटनस देकर ट्रेनों का परिरचालन सामान्य किया गया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों को पूरी सतर्कता के साथ अंजाम दिया गया। इस निर्धारित ब्लॉक के दौरान ट्रेनों के परिचालन पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा। जिससे यात्रियों को कोई असुविधा नहीं हुई। गौरतलब है कि जमालपुर किऊल और भागलपुर रेलखंड पर वर्तमान में 110 की स्पीड से गाड़ियां दौड़ रही है। इसकी स्पीड बढ़ाने और पटरियों का मेंटनेंस करने के लिए मेगा ब्लॉक लिया जा रहा है ताकि ट्रेनों का परिचालन ससमय और तेज गति से की जा सके।

# जनगणना प्रशिक्षण को सफल बनाने कार्य निदेशक पहुंचे जमालपुर



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमालपुर (मुंगेर)।** भारत की पहली पूर्ण डिजिटल 2027 जनगणना को लेकर प्रखंड में चल रहे जनगणना प्रशिक्षण को देखने जनगणना कार्य निदेशक बिहार राजीव कुमार झा जमालपुर पहुंचे। पीडी स्कूल जमालपुर में बीडीओ सह जनगणना पदाधिकारी प्रभात रंजन के देखरेख में चल रहे जनगणना प्रशिक्षण में उपस्थित फील्ड ट्रेनर एवं सुपरवाइजर को विशेष रूप से दिशा निर्देश कार्य निदेशक बिहार ने दिए। प्रशिक्षण में जनगणना कार्य निदेशक ने बताया कि पहली बार भारत में पूरी तरह डिजिटल सिस्टम से जनगणना होने जा रहा है इसलिए इसका प्रशिक्षण बहुत ही महत्वपूर्ण है। जमालपुर में सुपरवाइजर एवं प्रगणक यह प्रशिक्षण दिया जाएगा जो प्रत्येक दिन तीन शिफ्ट में रहेगा। प्रत्येक शिफ्ट में 40 से 50 सुपरवाइजर एवं प्रगणक होंगे जिसको फील्ड ट्रेनर के माध्यम से जनगणना 2027 के तहत तमाम उन महत्वपूर्ण पहलुओं बिंदुओं को बारीकी से बताया जा रहा है जिससे कि जनगणना करने में किसी भी तरह का कोई दिक्कत उनका सामना नहीं करना पड़े। जनगणना 2027 में विशेष रूप से इस बात का ख्याल रखा गया है कि इसमें मकान सूचीकरण और आवास की स्थिति की जानकारी जुटाई के साथ परिवार के सदस्यों की आयु, लिंग, व्यवसाय, साक्षरता और जाति संबंधी विवरण दर्ज किए जाएंगे। मौके पर फील्ड ट्रेनर ज्योति विनायक सावरकर, सरफराज आलम, मानस कुमार प्रसाद, मोहम्मद मकसूद आलम सहित सीमा कुमारी काजल कुमारी, भूपेंद्र कुमार रजक, राम नंदन कुमार, संतोष प्रसाद मौजूद थे।

# मैट्रिक पास करने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जमालपुर (मुंगेर)।** नवयुवक संघ गौरीपुर जमालपुर के तत्वाधान में बाबा साहेब की 135 में जयंती छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर मनाई गई। गौरीपुर गांव मैं मनाई गई जयंती समारोह के दौरान मुख्य अतिथि जेआरएस प्रोफ़ेसर देवराज सुमन, प्रो चंदन कुमार, जिला परिषद हिमांशु कुमार, मुखिया सुरेन्द्र पासवान, प्राचार्य शंकर कुमार सिंह संयुक्त रूप से समारोह का उद्घाटन किया। समारोह के पूर्व जहां बाबा साहेब के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित उनके महान कार्य को रेखांकित करने का काम अतिथि ने किया। वहीं ग्रामीण अंचल के दर्जनों छात्र-छात्र जो मैट्रिक परीक्षा में अव्वल नंबर से पास हुए उनका सम्मान अतिथियों के हाथों किया गया। सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं में साक्षी कुमारी, राजनंदिनी, सुभा पानी कुमारी, निदान भारती, दीपांशी कुमारी, नेहा कुमारी, मोनी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, निशांत कुमार, शिवराज, प्रिंस कुमार, बादल कुमार, सक्षीमा कुमारी कई शामिल थी। छात्र-छात्राओं को सम्मानित के उपरांत मुख्य अतिथि प्राचार्य श्री सुमन ने कहा युवा पीढ़ी को बाबा साहेब के पद चिन्ह पर चलकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को सुनिश्चित करने का संकल्प लेना चाहिए क्योंकि आज और कल के भविष्य युवा ही है उनके कंधे पर ही देश का भविष्य है। युवा जितना आगे बढ़ेगा उतना देश उन्नति व प्रगति करेगा। इसके पहले नवयुवक संघ गौरीपुर के सुमन कुमार, कार्तिक कुमार के नेतृत्व में अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। मौके पर शैलेश दास, विजय कुमार चौरसिया, नीतीश कुमार, प्रीतम कुमार, सच्चिदानंद शर्मा, दिलीप पासवान, सिकंदर यादव, सुरेश पासवान, सोनू कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## प्रभात फेरी निकाल ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरौनी प्रखंड के पिपरा देवास पंचायत में मंगलवार को अग्नि सेवा कर्मियों के द्वारा स्कूली बच्चो के बीच अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। ज्ञात हो की 14 अप्रैल 1944को मुंबई बंदरगाह पर हुए भीषण अग्निकांड में शहीद हुए दमकल कर्मियों की स्मृति में देशभर में अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पिपरा देवस के छात्र-छात्राओं द्वारा एक भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी और जन-जागरूकताविद्यालय परिसर से शुरू होकर यह प्रभात फेरी पिपरा चौक तक गई। हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लिए छात्र-छात्राओं ने 'अग्नि सुरक्षा-जीवन रक्षा' के नारे लगाकर ग्रामीणों को आग से बचाव के प्रतिक किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार चौधरी सहितविद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार चौधरी सहित सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं सक्रिय रूप से शामिल रहे। मुख्य रूप से रसोई गैस सिलेंडर में लगने वाली आग पर नियंत्रण पाने की विधि बताई गई।कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि यह दिवस उन जांबाज अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है। जिन्होंने 1944में मुंबई के 'विक्टोरिया डक' पर मालवाहक जहाज में लगी भीषण आग को बुझाते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी।

# सब जूनियर नेशनल लगोरी प्रतियोगिता में लहराया बिहारी परचम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** लगोरी स्पोर्ट फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में हरियाणा राज्य लगोरी संघ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सब जूनियर नेशनल लगोरी प्रतियोगिता में बिहार के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। राज्य को दो मेडल दिलाया। 10 से 12 अप्रैल तक रेवारी, हरियाणा के गुरूकुलम द स्कूल में आयोजित इस प्रतिष्ठित अंडर 16 प्रतियोगिता में बिहार बालक की टीम विजेता जबकि बिहार गर्ल्स की टीम उप विजेता रही। हरियाणा से नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेकर लौटे। इस अवसर पर एसोसिएशन अफ बिहार के सचिव रंधीर कुमार, बेगूसराय जिला लगोरी संघ के कोषाध्यक्ष अमित कुमार, ग्रीन वैली स्कूल के निदेशक राजा कुमार, ललिता कुमारी मौजूद थे। इस अवसर पर जानकारी देते हुए लगोरी एसोसिएशन अफ बिहार के सचिव रंधीर कुमार ने बताया की रेवाड़ी, हरियाणा में आयोजित सब जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में बिहार की 30 सदस्यों की (15 बालक तथा 15 बालिका) टीम ने भाग लिया। बिहार ने बालक वर्ग के लीग मैच में महाराष्ट्र, चंडीगढ़ मध्यप्रदेश और असम को जबकि सेमीफाइनल में उत्तराखंड को हराकर फाइनल में स्थान बनाया। फाइनल में हरियाणा की टीम को 2-0 से हराकर चौंपियनशिप की विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया।गर्ल्स सेक्शन में बिहार ने लीग मैचों में हरियाणा, उत्तराखंड और चंडीगढ़ को हराया जबकि सेमीफाइनल में असम टीम जबकि फाइनल के कड़े मुकाबले में हरियाणा से हारकर उप विजेता बनी। बिहार के खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत के बल पर लगातार राज्य के लिए मेडल प्राप्त कर रहे हैं ये बड़े ही गर्व का विषय है। विदित हो की बिहार बालक टीम में बेगूसराय, नौगछिया और खगरिया से चार चार खिलाड़ी जबकि मुंगेर से दो तथा वैशाली से एक खिलाड़ी शामिल थे। वहीं गर्ल्स टीम में बेगूसराय से नौ खिलाड़ी तथा नौगछिया और वैशाली से तीन तीन खिलाड़ी मौजद थे।



टीम इंडिया में बदलते समीकरण, इंग्लैंड दौरा होगा 'करो या मरो'

# फॉर्म से जूझ रहे सूर्या पर बढ़ा दबाव

**नई दिल्ली।** भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव के सामने अब असली चुनौती शुरू होती दिख रही है। हालिया समय में उनकी बल्लेबाजी में आई गिरावट ने चयनकर्ताओं और टीम मैनेजमेंट दोनों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। टीम इंडिया ने भले ही बड़े टूर्नामेंट में सफलता हासिल की हो, लेकिन व्यक्तिगत प्रदर्शन में निरंतरता की कमी अब सूर्यकुमार यादव के भविष्य पर सवाल खड़े कर रही है। सूर्यकुमार यादव के लिए जून-जुलाई में इंग्लैंड और आयरैंड दौरा सिर्फ एक सीरीज नहीं, बल्कि करियर का अहम मोड़ साबित हो सकता है। इस दौरे में उनकी कप्तानी से ज्यादा बल्लेबाजी पर नजर रहेगी, क्योंकि 2028 ओलंपिक और अगले टी20 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए टीम इंडिया में जगह अब पूरी तरह प्रदर्शन के आधार पर तय होगी।

## सूर्या के लिए खराब रहा 2025

सूर्यकुमार के लिए 2025 का साल बेहद खराब रहा, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 120 से भी कम हो गया और वह एक भी अर्धशतक नहीं लगा पाए थे। उन्होंने 2026 में हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया और 160 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाए जिसमें चार अर्धशतक भी शामिल है। टी20 विश्व कप में हालांकि अमेरिका के खिलाफ पहले मैच को छोड़कर सूर्यकुमार का प्रदर्शन उल्लेखनीय नहीं रहा। उन्हें टीम में अपना स्थान बरकरार रखने के लिए अपने प्रदर्शन में हर हाल में निरंतरता लानी होगी। इस बीच, वैभव सूर्यवंशी का नाम टी20 टीम के लिए उन विशेषज्ञ खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया, जिन्हें राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने जून-जुलाई में आयरलैंड दौरे के टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए संभावित खिलाड़ियों के रूप में चुना है। सूत्र ने लिखा, ''चयन समिति को पूरा विश्वास है कि वैभव तैयार है, लेकिन फिर आप संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा और इशान किशन की बात कर रहे हैं। ये तीनों ही टी20 विश्व कप में अर्धशतक लगा चुके हैं। अगर आप चौथा ओपनर रखते हैं, तो यशस्वी जायसवाल भी मौजूद हैं।''

## खराब फॉर्म के कारण उठे सवाल

सूर्यकुमार यादव की बल्लेबाजी फॉर्म को देखते हुए सवाल उठने लगे हैं कि क्या उन्हें 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए टीम में शामिल किया जाएगा या नहीं। इंग्लैंड दौरे से यह तय हो सकता है कि क्या उन्हें 2028 में होने वाली बड़ी प्रतियोगिताओं तक टीम में बनाए रखा जाएगा या नहीं। वर्ष 2028 में अमेरिका में ओलंपिक और ऑस्ट्रेलिया में होने वाला टी20 विश्व कप शामिल हैं।

## कोच गंभीर की पहली पसंद हैं

सूर्यकुमार यादव अब भी मुख्य कोच गौतम गंभीर की पहली पसंद बने हुए हैं, जिनका कार्यकाल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले 2028 टी20 विश्व कप तक बढ़ाए जाने की संभावना है। हालांकि, यह देखना दिलचस्प होगा कि अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति गौतम गंभीर से



सहमत होती है या नहीं, क्योंकि ओलंपिक के समय सूर्यकुमार की उम्र लगभग 38 साल हो जाएगी।भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र के हवाले से समाचार एजेंसी पीटीआई ने लिखा, ''सूर्या अभी टीम की कप्तानी कर रहे हैं, लेकिन उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि एक बल्लेबाज के रूप में वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखें।

# 'कोविड वैक्सीन से गई जान'

- शेन वॉर्न की मौत पर बेटे का बड़ा बयान, सरकार पर लगाया आरोप



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर शेन वॉर्न का निधन 2022 में थाईलैंड में हुआ था। अब इस हादसे के चार साल बाद उनके बेटे ने उनकी मौत के कारण पर बड़ा बयान दिया है। शेन के बेटे जैक्सन ने दावा किया है कि उनके पिता की जान कोविड वैक्सीन के कारण गई है। जैक्सन ने '2 वर्ल्ड्स कोलाइड पॉडकास्ट' पर बात करते हुए अपने पिता की स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को भी स्वीकार किया। उन्होंने यह भी दावा किया कि, दिग्गज स्पिनर की मौत संभवत: कोविड के उन 'तीन या चार' टीकों के कारण हुई थी जो उन्हें 'काम करने के लिए मजबूरन लेने पड़े थे।' शेन वॉर्न का निधन 52 वर्ष की उम्र में हुआ था। जैक्सन ने कहा 'मुझे पक्का लगता है कि इसमें कोविड वैक्सीन का हाथ था। मुझे नहीं लगता कि अब यह कहने से किसी तरह का विवाद पैदा होगा। भले ही डैड को पहले से ही कुछ स्वास्थ्य समस्याएं थीं, लेकिन मुझे लगता है कि टीका लगाने के कारण उनकी बीमारी खुलकर सामने आ गई। यह एक ऐसी बात है जिससे मैं हमेशा सोचता रहता हूं। जैसे ही मैंने (वॉर्न की मौत की खबर मिलने के बाद) फोन रखा तो मेरी पहली प्रतिक्रिया में मैंने तुरंत सरकार को और कोविड वैक्सीन को दोषी ठहराया।' जैक्सन ने कहा कि उन्होंने शोक सभा में अपने विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने से खुद को बड़ी मुश्किल से रोका था। उन्होंने कहा, 'शायद यह समझदारी भरा कदम था कि मैंने ऐसा नहीं किया, अगर मैंने ऐसा किया होता तो मेरी स्थिति बिल्कुल अलग होती। लेकिन मुझे यही महसूस हुआ। पहले भी दिल का दौरा पड़ने से बहुत से लोग मर रहे थे। लेकिन डैड ठीक थे। मुझे लगता है उन्होंने तीन या चार (टीके) लगवाए होंगे।

# जीरो टॉलरेंस या खोखला वादा?

ISL में कथित नस्लभेदी घटना ने खोली भारतीय फुटबॉल सिस्टम की पोल!

**नई दिल्ली।** इंडियन सुपर लीग में फिर नस्लभेद का जिन्न सामने आया है, जिसने खेल प्रशासन की तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बेंगलुरु स्थित श्री कांतीरावा स्टेडियम में 11 अप्रैल को बेंगलुरु एफसी और केरल ब्लास्टर्स के बीच खेले गए ISL मैच में सेनेगल के डिफेंडर फालू नडियाये को स्थानीय दर्शकों की भद्दी नस्लभेदी टिप्पणियों का शिकार होना पड़ा। केरल ब्लास्टर्स ने वह मैच 2-1 से जीता था। केरल ब्लास्टर्स की कड़ी आपत्ति और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने मामले को अपनी अनुशासनात्मक समिति को सौंप दिया। हालांकि, AIFF और बेंगलुरु एफसी दोनों ने नस्लभेद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है, लेकिन प्रशंसक अब ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में खेल के मैदान नफरत का अखाड़ा न बने।

## AIFF का दावा- हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति

बयान में कहा गया, ''AIFF नस्लवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' (बिल्कुल भी बर्दाश्त न करने) की नीति अपनाता है। शिकायतों को एआईएफएफ की अनुशासन संहिता के अनुसार जांच के लिए अनुशासन समिति को भेज दिया गया है। अनुशासन समिति एक स्वतंत्र न्यायिक संस्था है। जब तक यह कार्यवाही चल रही है, तब तक एआईएफएफ इस मामले पर कोई और टिप्पणी नहीं करेगा।



# सीएसके की लगातार दूसरी जीत

## केकेआर को 32 रन से हराया, नूर अहमद की बेहतरीन गेंदबाजी

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के 22वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से हुआ। चेन्नई सुपर किंग्स ने सीजन में पहले तीन मैच लगातार हारने के बाद अब लगातार दो मैच जीत लिए हैं। सीएसके ने केकेआर को 32 रन से हराया। सीएसके के 193 रन के लक्ष्य के जवाब में कोलकाता की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 160 रन ही बना सकी। नूर अहमद ने बेहतरीन गेंदबाजी की और 4 ओवर में 21 रन देकर तीन





विकेट लिए। उनके अलावा अंशुल कम्बोज को 2 और अकील होसेन व खलील अहमद को 1-1 विकेट मिला। इससे पहले केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी। सीएसके की टीम को पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिला और पहले खेलते हुए टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 192 रन बनाए। यह पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी। पॉवरप्ले में सीएसके ने 72 रन बनाए थे और फिर अगले 14 ओवर में 120 रन बनाए। खासतौर से स्पिनर्स ने बेहतरीन गेंदबाजी की। कार्तिक त्यागी ने अपने वैरिएशन्स से कमाल किया। संजू सैमसन ने 48 और डेवाल्ड ब्रेविस ने 41 रन की पारी खेली। कार्तिक त्यागी ने 4 ओवर में 35 रन देकर दो विकेट लिए और सबसे सफल गेंदबाज रहे। वहीं सुनील नरेन, अनुकूल रॉय और वैभव अरोड़ा को 1-1 विकेट मिला।



राजस्थान रॉयल्स के कोच का खुलासा

# वैभव नहीं हैं कप्तान पराग के फैसले से खुश

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के पहले चार मैचों में वैभव सूर्यवंशी ने कमाल का खेल दिखाया था। सोमवार (13 अप्रैल 2026) को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 15 वर्षीय बल्लेबाज का पहला फ्लॉप शो भी देखना को मिला। वैभव इस मैच में खाता भी नहीं खोल पाए। इस दौरान एक बड़ी बात भी निकलकर आई कि वैभव टीम के कप्तान और टीम मैनेजमेंट के एक फैसले से खुश नहीं हैं। यह फैसला है वैभव को बतौर इम्पैक्ट प्लेयर खिलाने का।

आपको बता दें कि आरसीबी के खिलाफ और फिर सनराइजर्स हैदराबाद



के खिलाफ, दोनों मैचों में वैभव सूर्यवंशी को फील्डिंग के लिए मैदान पर नहीं उतारा गया। इस पर अब राजस्थान रॉयल्स के फील्डिंग कोच ट्रेवर पेने ने खुलासा किया है। उनके अनुसार वैभव सूर्यवंशी इस फैसले से नाखुश हैं। क्योंकि कोच के अनुसार वैभव को फील्डिंग करना पसंद है।

अंडर 19 वर्ल्ड कप और आईपीएल में भी देखा गया है कि 15 वर्षीय इस धाकड़ ओपनर ने कई शानदार कैच पकड़े हैं। वहीं यूथ क्रिकेट में उन्हें गेंदबाजी करते हुए और विकेट लेते हुए भी देखा गया है। वैभव के नाम फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 2 विकेट भी दर्ज हैं।

## क्या बोले राजस्थान के फील्डिंग कोच?

वैभव सूर्यवंशी के नाखुश होने का खुलासा करते हुए ट्रेवर पेने ने सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के मैच के दौरान बताया, 'पिछले मैच में जब उन्हें (वैभव को) बाहर रखा गया तो वह खुश नहीं थे क्योंकि उन्हें फील्डिंग करना पसंद है। ऐसा नहीं है वह खराब फील्डर हैं। डोनोवन (फरेरा) ने फिटनेस टेस्ट पास किया है। एसए20 में उनकी कॉलरबोन टूट गई थी।

## वैभव गोल्डन डक पर आउट

वैभव सूर्यवंशी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खाता भी नहीं खोल पाए। डेब्यूटेंट गेंदबाज प्रफुल हिंगे ने उन्हें पहली गेंद पर ही पवेलियन भेज दिया था। पिछले चार मैचों में 200 रन बनाकर उनके पास ऑरेंज कैप भी थी। एक फ्लॉप इनिंग के बाद उनसे ऑरेंज कैप भी छिन गई।

# T20 विश्व कप 2026 के हीरो संजू सैमसन बने ICC प्लेयर ऑफ द मंथ

## शुरू में प्लेइंग 11 में भी नहीं मिली थी जगह

**नई दिल्ली।** आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में शानदार प्रदर्शन के चलते भारत के संजू सैमसन को मार्च महीने के लिए आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है। संजू सैमसन को इस प्रतियोगिता के शुरुआती मैचों में अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली थी। बाद में संजू सैमसन को जब टीम में शामिल किया गया तो उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। संजू सैमसन ने फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 46 गेंद में 89 रन बनाकर भारत को इस साल की शुरुआत में लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब जिताने में मदद की थी। संजू सैमसन को यह सम्मान मिलने का मतलब है कि पिछले पांच महीनों में यह अवॉर्ड अलग-अलग देशों के खिलाड़ियों के नाम रहा है। इस सूची में पिछले चार खिलाड़ी साइमन हार्मर (दक्षिण अफ्रीका), मिचेल स्टार्क (ऑस्ट्रेलिया), डेरिल मिचेल (न्यूजीलैंड) और साहिबजादा फरहान (पाकिस्तान) हैं।



## ICC का पुरस्कार मिलना अविश्वसनीय अहसास: संजू सैमसन

संजू सैमसन ने इस प्रदर्शन को अपने करियर का महत्वपूर्ण दौर करार दिया। संजू सैमसन ने कहा, ''आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल करना अविश्वसनीय अहसास है, विशेषकर इसलिए क्योंकि यह मेरे क्रिकेट करियर के सबसे अविस्मरणीय दौर में मिला है। पुरुष टी20 विश्व कप में भारत की जीत में योगदान देना एक सपने के साकार होने जैसा था और उस पल के महत्व को पूरी तरह समझने में मुझे कुछ समय लगा।'' संजू सैमसन ने कहा, ''भारतीय क्रिकेट के लिए यह एक रोमांचक दौर है, जिसमें हर क्षेत्र में अपार प्रतिभा मौजूद है। मुझे जो अवसर मिले उनके लिए मैं आभारी हूं। मैं टीम के साथियों और कोचिंग स्टाफ का मुझ पर भरोसा दिखाने के लिए आभारी हूं जिसके कारण मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाया।'' संजू सैमसन ने टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ 89 रन बनाने से पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 97 और इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 89 रन बनाए थे।

## संजू पहली बार ICC प्लेयर ऑफ द मंथ

संजू सैमसन को पहली बार आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का सम्मान मिला है। न्यूजीलैंड की कप्तान मेली केर ने जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद महिला वर्ग में तीसरी बार यह पुरस्कार हासिल किया। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैच की वनडे श्रृंखला में 16 विकेट लेने के अलावा 140 रन भी बनाए।



# प्राथमिकता के आधार पर रैयतों की समस्या को करें दूर : अभिलाषा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** उत्तर कोयल नहर जलाशय परियोजना से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारा परियोजना की अद्यतन प्रगति से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि परियोजना के अंतर्गत कुल 09 पैकेज (पैकेज-03 से 11) शामिल हैं। कुल 41.251 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण के विरुद्ध 36.557 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूर्ण कर लिया गया है जबकि शेष 4.694 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है। अवशेष भूमि अधिग्रहण के संबंध में बताया गया कि एनकेसीडी, औरंगाबाद अंतर्गत 2.4041 हेक्टेयर भूमि हेतु सामाजिक प्रभाव आकलन (एसआईए) पूर्ण कर धारा 11(1) के तहत 06 मार्च 2026 को प्रकाशन किया जा चुका है तथा जेएमएस की प्रक्रिया जारी है। वहीं एनकेसीडी, गया अंतर्गत 2.16 हेक्टेयर भूमि में से 18 भूमि अभिलेखों का निष्पादन (0.9591 हेक्टेयर/2.37 एकड़) किया जा चुका है तथा शेष 13 जमाबंदियों के निरस्तीकरण की प्रक्रिया न्यायालय में लंबित है। प्रमंडलवार प्रगति की समीक्षा में बताया गया कि नवीनगर प्रमंडल में 12.2483 हेक्टेयर, मदनपुर प्रमंडल में 5.338 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूर्ण हो चुका है। अम्बा प्रमंडल में कुल 7.078 हेक्टेयर में से 6.817 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है तथा 0.2610 हेक्टेयर शेष है। औरंगाबाद प्रमंडल में 8.210 हेक्टेयर के विरुद्ध 5.8059 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की गई है तथा 2.4041 हेक्टेयर लंबित है। गया प्रमंडल में 8.3776 हेक्टेयर में से 6.2176 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है एवं 2.16 हेक्टेयर शेष है। बैठक में मुआवजा भुगतान की स्थिति की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि मुआवजा भुगतान हेतु एलपीसी एवं अन्य आवश्यक कागजात संकलन के लिए निरंतर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अंचल अधिकारी, रफीगंज द्वारा अब तक 57 एलपीसी निर्गत किए गए हैं, जिनके आधार पर रैयतों को लगभग 8.81 करोड़ रूपये का भुगतान किया जा चुका है। एनकेसीडी, गया क्षेत्र में रैयतों द्वारा मुआवजा दर को लेकर असहमति के कारण कागजात जमा नहीं किए जाने की समस्या सामने आई। इसी प्रकार अन्य मौजों में भी दर संबंधी असंतोष के कारण भुगतान प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। परियोजना से संबंधित अन्य प्रमुख समस्याओं में नवीनगर क्षेत्र में 07 रैयतों द्वारा मुआवजा कम होने के कारण निबंधन नहीं कराना, अम्बा क्षेत्र में एलपीसी निर्गत न होने एवं नाम सुधार से संबंधित समस्याएं, औरंगाबाद क्षेत्र में एलपीसी निर्गत होने के बावजूद नाम सुधार एवं मुआवजा दर से संबंधित विवाद, तथा मदनपुर एवं गया क्षेत्र में कई रैयतों को भुगतान लंबित होना शामिल है।जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन करते हुए शेष भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा भुगतान कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए। साथ ही, रैयतों की समस्याओं का समाधान कर उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी उपेंद्र पंडित, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव सहित संबंधित विभागों के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# श्री सीमेंट संयंत्र में 35 यूनिट रक्त संग्रह

## मानवता की सेवा में कर्मचारियों का सराहनीय योगदान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** मानवता और सामाजिक दायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करते हुए श्री सीमेंट संयंत्र में एक भव्य रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यूनिट हेड अतुल शर्मा एवं मानव संसाधन प्रमुख राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में चिकित्सा दल ने रेडक्रॉस एजेंसी के सहयोग से पूरी व्यवस्था संभाली। शिविर में संयंत्र के कर्मचारियों और अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कुल 35 यूनिट रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह, जागरूकता और सेवा भावना का अद्भुत माहौल देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान केवल एक दान नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने का माध्यम है। समय-समय पर इस प्रकार के शिविरों के आयोजन से न केवल रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित होती है, बल्कि लोगों में सामाजिक चेतना भी विकसित होती है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान महादान की भावना को आत्मसात करते हुए हर स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। इससे न केवल जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी जाता है। कार्यक्रम के अंत में सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद देते हुए उनके इस सराहनीय योगदान की प्रशंसा की गई। आयोजकों ने भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

# रेल ट्रैक से युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** नवीनगर थाना क्षेत्र के केवल्हा फाटक के पास रेल ट्रैक से एक युवक का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान बेलवा गांव निवासी सुरेंद्र सिंह के पुत्र 25 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार मृतक अजीत किसी दूसरे प्रदेश में रहकर मजदूरी का काम करता था। होली के समय ही वह घर आया था। वह अपने पांच भाई बहनों में दूसरे स्थान पर था। अभी उसकी शादी भी नहीं हुई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के छोटे भाई अमित ने बताया कि अजीत घर से बैरिया स्थित दूसरे मकान पर जाने के लिए निकला था लेकिन काफी देर तक वह वहां नहीं पहुंचा। परिजन उसकी खोजबीन में जुटे थे। बाद में रेलवे ट्रैक से शव मिलने की सूचना मिली। जब हमलोग मौके पर पहुंचे तो पुलिस शव को अस्पताल भेज चुकी थी। थानाध्यक्ष मृत्यंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि आरपीएफ की टीम ने पुलिस को रेल ट्रैक पर शव की जानकारी दी थी। फिलहाल पुलिस युवक की मौत से जुड़ी सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा दिया गया।

# शांति विद्या निकेतन में कक्षाओं का शुभारंभ

## आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है शांति विद्या निकेतन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** नबीनगर प्रखंड के चंद्रगढ़ गांव स्थित कान्धदेव नारायण सिंह भिखारी बाबू एजुकेशनल ट्रस्ट के अंतर्गत स्थापित नवनिर्मित विद्यालय शांति विद्या निकेतन में आज से विधिवत कक्षाओं का शुभारंभ हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई, जिससे पूरे वातावरण में उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा। गौरतलब है कि विद्यालय भवन का उद्घाटन 10 फरवरी 2026 को 'डॉल्फिन मैन ऑफ इंडिया' के द्वारा किया गया था। उद्घाटन के बाद आज पहली बार शैक्षणिक गतिविधियों की औपचारिक शुरुआत हुई। विद्यालय के संस्थापक पंकज कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था को लेकर अभिभावकों में चिंता बढ़ रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए शांति विद्या निकेतन में गुणवत्तापूर्ण और संतुलित शिक्षा प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि विद्यालय में आधुनिक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। यहां स्मार्ट क्लास, स्विमिंग पूल, स्मार्ट लाइब्रेरी और कंप्यूटर लैब जैसी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जो छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहायक होंगी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य अतनु चक्रवर्ती, गौरेश्वर नारायण टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह, जिला पार्षद हरेराम सहित संस्था के सभी कर्मचारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# नाबालिग को भगाने का आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी को सलैया पुलिस ने गिरफ्तार किया है तथा अपहृता को बरामद कर आवश्यक कार्रवाई के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। आरोपित की पहचान गया जिले के गुरारू थाना क्षेत्र के रौदा गांव निवासी चंदन प्रजापत के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ़ 11 अक्टूबर 2025 को मामला दर्ज करवाया गया था जिसमें अपहृता के परिजनों ने बताया कि अभियुक्त का मेरे गांव में रिश्तेदारी है। एक शादी कार्यक्रम में वह अपने रिश्तेदार के घर आया हुआ था। इसी क्रम में दोनों के बीच फोन के माध्यम से नजदीकियां बढ़ी और फिर अभियुक्त ने अपनी बात लेकर नाबालिग को भगा ले गया। तब से मामले में इसकी खोजबीन की जा रही है लेकिन यह नाबालिग के साथ चल रहा फरार था। पुलिस के काफी दबाव और प्रभाव के कारण गया जिले के गुरारू से दोनों को बरामद किया गया। मेडिकल के बाद नाबालिग को घर भेज दिया गया है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह यहां से भागने के बाद झारखंड में रह रहा था। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

# शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए सुशील कुमार सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना/औरंगाबाद।** पटना स्थित लोक भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बिहार के नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा उप मुख्यमंत्री के रूप में विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव से मुलाकात कर बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं व्यक्त कीं। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार और तेजी से विकास करेगा तथा प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार प्रदेश को तेज गति से विकास की ओर अग्रसर करेगी। उन्होंने कहा कि यह सरकार बिहार को एक सशक्त और प्रगतिशील राज्य के रूप में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही विकसित बिहार के संकल्प को सिद्ध करने की दिशा में यह एक मजबूत कदम साबित होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि डबल इंजन सरकार जन-आकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी और राज्य में सुशासन का एक नया अध्याय लिखा जाएगा। इस अवसर पर सुशील कुमार सिंह ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा, बिहार प्रभारी सह राज्यसभा सदस्य बिनोद तावड़े सहित अन्य वरीय नेताओं से भी मुलाकात कर उनका स्वागत और अभिनंदन किया। कार्यक्रम में देव के पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक के साथ-साथ बिहार के विभिन्न क्षेत्रों से आए एनडीए के कई कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# अलग-अलग अपराधों में 40 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में मंगलवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 40 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 19 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या प्रयास में 2, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 11 तथा अन्य मामलों में 27 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 240.80 लीटर देसी शराब, 2 ट्रक, 1300 सीएफटी बालू एवं 7 तसला बरामद किया गया। वाहन जांच अभियान के तहत 1206 वाहनों की जांच की गई जिसमें 33500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 4000 लीटर महुआ घोल विनिष्ट एवं 6 भट्ठियों को ध्वस्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें।

# राजकीय मध्य विद्यालय खैराबिंद में बाल संसद का पुनर्गठन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड स्थित राजकीय मध्य विद्यालय खैराबिंद में सत्र 2026-27 के लिए बाल संसद का पुनर्गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद आदिल हुसैन ने की, जबकि संचालन सहायक शिक्षक कैसर नवाब ने किया। इस अवसर पर बिंदा कुमारी, मोहम्मद उरूज खान, पूनम कुमारी, प्रिया कुमारी, गुंजा गिरी, निखिल कुमार, जितेंद्र रजक, अंजू कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बाल संसद का चुनाव विधिवत प्रक्रिया के तहत संपन्न कराया गया। प्रधानमंत्री पद के लिए नंदनी कुमारी (वर्ग 8), पूजा कुमारी (वर्ग 8) और अजीत कुमार (वर्ग 7) ने नामांकन किया। इसके बाद वर्ग 3 से वर्ग 8 तक के छात्र-छात्राओं ने पंक्तिबद्ध होकर मतदान किया। मतगणना में पूजा कुमारी को 36 मत, अजीत कुमार को 22 मत और नंदनी कुमारी को 14 मत प्राप्त हुए। परिणाम की घोषणा करते हुए प्रधानाध्यापक मोहम्मद आदिल हुसैन ने पूजा कुमारी को बाल संसद का प्रधानमंत्री निर्वाचित घोषित किया, जबकि अजीत कुमार को उप प्रधानमंत्री बनाया गया। अन्य पदों पर नंदनी कुमारी को शिक्षा मंत्री, प्रियांशु कुमारी को उप शिक्षा मंत्री सह मीणा मंत्री, अंशु कुमारी को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य मंत्री, स्वीटी कुमारी को उप स्वास्थ्य मंत्री, राकेश कुमार को जल एवं कृषि मंत्री, चांदनी कुमारी को उप जल एवं कृषि मंत्री, रिया कुमारी को संस्कृति एवं खेल मंत्री, मंजू कुमारी को उप संस्कृति एवं खेल मंत्री, छोटी कुमारी को पुस्तकालय मंत्री तथा मधु कुमारी को उप पुस्तकालय मंत्री बनाया गया। साथ ही संयोजक के रूप में उरूज खान, बीपीएससी शिक्षक का चयन किया गया। इस अवसर पर नव निर्वाचित सदस्यों ने अपने पद की गोपनीयता और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक मोहम्मद आदिल हुसैन ने कहा कि विद्यालय के सर्वांगीण विकास में बाल संसद की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इससे छात्रों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास होता है।

# आरटीई में 25 प्रतिशत नामांकन नहीं लेने वाले स्कूलों पर होगी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निजी विद्यालयों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आरटीई के अनुपालन हेतु पूर्व में निर्गत आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे निजी विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करें तथा आदेशों का अनुपालन नहीं करने वाले विद्यालयों को चिन्हित कर विधिसम्मत कार्रवाई करें। जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया कि जनता दरबार में अभिभावकों द्वारा आरटीई के तहत नामांकन से संबंधित कई शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इस पर सभी निजी विद्यालयों में नियमानुसार 25 प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित कराने का सख्त निर्देश दिया गया। पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप की समीक्षा के दौरान जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने बताया कि त्रुटिपूर्ण आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है तथा वर्तमान में कोई भी आवेदन लंबित नहीं है। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय छात्रावास, बेला (नवीनगर) के नवनिर्मित भवन में संचालन प्रारंभ होने की जानकारी दी गई। वहीं, कपसिया (औरंगाबाद) में निर्माणाधीन दूसरे छात्रावास भवन के पूर्ण होने के उपरांत उसे भी स्थानांतरित किया जाएगा। वर्तमान में यह छात्रावास मध्य विद्यालय, बभण्डी, औरंगाबाद के भवन में संचालित है। जिला पदाधिकारी महोदया द्वारा शीघ्र इन संस्थानों का निरीक्षण किए जाने की बात कही गई। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की समीक्षा में नामांकन प्रतिशत कम पाए जाने पर जिला पदाधिकारी महोदया द्वारा शीघ्र शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही अगली बैठक में प्रत्येक विद्यालय की गतिविधियों का पीपीटी प्रस्तुतीकरण करने के निर्देश दिए गए। शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित अन्य योजनाओं, जैसे पुरस्कार, आईएसएम लैब, पीटीएम मूल्यांकन आदि की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि विभिन्न कार्यक्रमों में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति एवं मंच संचालन का कार्य उनसे नहीं लिया जाए। शिक्षकों को केवल पठन-पाठन कार्यों में ही संलग्न रखा जाए तथा इस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के निदेशक अनुपम कुमार, शिक्षा विभाग के सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आदि सम्मिलित हुए।

# औरंगाबाद में लगाए गए 169 पीएनजी कनेक्शन

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल प्रतिदिन औसतन 7132 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 7006 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। वहीं 15 अप्रैल तक जिला में कुल नए 169 पीएनजी कनेक्शन लगाए जा चुके है।




# अग्निशमनकर्मियों ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** जिला अग्निशमन विभाग के द्वारा अग्निशमन सेवा सप्ताह (14 से 20 अप्रैल) के द्वितीय दिवस पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।इस क्रम में बुधवार को जिला अग्निशमन पदाधिकारी प्रभा कुमारी की उपस्थिति में अग्निशमन कर्मियों एवं अनुग्रह नारायण मध्य विद्यालय, कर्मा मोड़, ओल्ड जी.टी. रोड, औरंगाबाद के छात्र-छात्राओं के साथ अग्निशामालय, औरंगाबाद से रमेश चौक तक प्रभात फ़ेरी निकाली गई। प्रभात फ़ेरी के माध्यम से आमजन को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के बीच अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से ह्लइवैक्यूएशन प्लानङ्क तैयार करने तथा आपात स्थिति में सुरक्षित निकासी हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान आग लगने के संभावित कारण, आग लगने पर क्या करें एवं क्या न करें, तथा आग पर नियंत्रण के विभिन्न उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र में कक्षा 4,7 एवं 8 के छात्र-छात्राओं–सौरभ कुमार, साक्षी कुमारी, विराट कुमार, विशाखा कुमारी, रीना कुमारी आदि द्वारा अग्नि सुरक्षा से संबंधित जिज्ञासाएं व्यक्त की गईं, जिनका समाधान अग्निशमन कर्मियों द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त, अनुमंडल अग्निशामालय, दाउदनगर क्षेत्रान्तर्गत अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी सोनाली कुमारी के नेतृत्व में अग्निशमन कर्मियों द्वारा विजन पब्लिक स्कूल, दाउदनगर एवं +2 बालिका विद्यालय, दाउदनगर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान विजन हाई स्कूल, पटना रोड से भखरूआ मोड़, सब्जी मंडी होते हुए पुनः विद्यालय तक प्रभात फ़ेरी निकाली गई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक – कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269